RNI NO.: MAHHIM/2010/41894


मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 14 ■ अंक 234 ■ पुणे, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



आधुनिक युग में रिश्तों की डोर, हो रही दागदार

पेज-4



अवैध धर्मांतरण पर ताबड़तोड़ एक्शन, योगी ने अब तक 16 को दिलाई सजा

पेज-6



शरीर को हिला देती है कैल्शियम की कमी

पेज-8



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास, इंग्लैंड में जीती पहली टी-20 श्रृंखला

पेज-9

# वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रहेगा

## चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश : आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें





**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में SIR के दौरान आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए। बेंच के मुताबिक, 10 विपक्षी दलों के नेताओं समेत किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा। अगली सुनवाई 28 जुलाई के लिए तय की।

विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) यानी वोटर लिस्ट रिवीजन पर अदालत में करीब 3 घंटे सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है। वोटर की नागरिकता जांची जा रही है। ये कानून के खिलाफ है। SIR के खिलाफ राजद सांसद मनोज झा, TMC सांसद महुआ मोइत्रा समेत 11 लोगों ने याचिकाएं दाखिल की हैं। याचिकाकर्ता की ओर से वकील गोपाल शंकर नारायण, कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने जिरह की। चुनाव आयोग की पैरवी पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल, राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह ने की।

**याचिकाकर्ता के वकील:** अब जबकि चुनाव कुछ ही महीनों दूर हैं, चुनाव आयोग कह रहा है कि वह पूरी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) 30 दिनों में करेगा।

**सुप्रीम कोर्ट:** SIR प्रक्रिया में कोई बुराई नहीं है, लेकिन यह आगामी चुनाव से कई महीने पहले ही कर ली जानी चाहिए थी। भारत में मतदाता बनने के लिए नागरिकता की जांच करना आवश्यक है, जो संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आता है। चुनाव आयोग जो कर रहा है, वह संविधान के तहत अनिवार्य है और इस तरह की पिछली प्रक्रिया 2003 में की गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट:** SIR के दौरान दस्तावेजों की सूची से आधार कार्ड को बाहर रखा जा रहा है।

**चुनाव आयोग:** वोटर रिवीजन के दौरान सिर्फ आधार ही नहीं मांगा जा रहा, अन्य दस्तावेज भी मांग रहे हैं।

# कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

## मोस्ट वांटेड हरजीत सिंह ने ली जिम्मेदारी




**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई है। कुछ दिनों पहले ही कनाडा में के सरे में उनके कैफे का उद्घाटन हुआ था। पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ मिलकर उन्होंने कनाडा में एक शानदार रेस्टोरेंट खोला है। कैफे का नाम 'कैप्स कैफे' रखा है। खालिस्तान समर्थक समूह BKI (बब्बर खालसा इंटरनेशनल) के एक कार्यकर्ता और एनआईए (भारत) के मोस्ट वांटेड आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। हालांकि, उनके कैफे को क्यों निशाना बनाया गया है, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। वहीं, कपिल शर्मा की ओर से भी इस मामले पर अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। जानकारी के मुताबिक, हमलावरों ने कम से कम 9 गोलियां चलाई। गनीमत रही कि इस हमले में किसी के हताहत होने की कोई खबर सामने नहीं आई है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति कार में बैठकर कैफे की खिड़की पर गोलियां चला रहा है।

# जन सुरक्षा विधेयक विधानसभा में पारित



▶ शहरी नक्सलवाद और लोकतंत्र विरोधी संगठनों पर लगेगी लगाम

▶ यह किसी व्यक्ति नहीं, वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ : मुख्यमंत्री

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

गुरुवार को विधानसभा में बहुचर्चित महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक 2024 बहुमत से पारित कर दिया गया। सभागृह में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहरी नक्सलवाद और लोकतंत्र विरोधी संगठनों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से यह बिल पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयक वाम दलों और किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं है, बल्कि लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिस्म (वामपंथी उग्रवाद) के खिलाफ है, और इसका दुरुपयोग नहीं होगा, यह बिल महाराष्ट्र और देश की सुरक्षा के लिए है। इसके पहले बुधवार को विधानसभा में महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक पर गठित संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश की गई थी।

### कई संगठन नहीं मानते भारत का संविधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन सुरक्षा विधेयक वर्ष 2024 के शीतकालीन सत्र में पेश किया गया था। इस पर विस्तृत चर्चा और बिल को लेकर उड़ी अफवाहों को ध्यान में रखते हुए इसे संयुक्त समिति के पास भेजा गया। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में इस समिति में दोनों सदनों के 25 सदस्यों को शामिल किया गया। समिति में इस विषय पर गहन चर्चा हुई। जनता की तरफ से तकरीबन 12 हजार सुझाव पेश किए गए और इनका वर्गीकरण किया गया। यह संतोष की बात है कि किसी ने भी डीसेंट नोट नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने सदन में सीपीआई माओवादी ग्रुप के संविधान को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि ये लोग देश के संविधान, व्यवस्था में यकीन नहीं रखते। उन्होंने कहा कि सशस्त्र माओवाद खत्म होने की कगार पर है। पूर्व में यह महाराष्ट्र के 4 जिलों में फैला था, लेकिन अब महज 2 तालुका तक सीमित हो गया है। सशस्त्र माओवाद का दूसरा प्रकार पैसिव मैनेजमेंट तैयार करना है। इस तरह के कई संगठन तैयार हुए हैं, जो भारत के संविधान को नहीं मानते।

## Short News एक नजर

### गुजरात पुल हादसे में सरकार का ऐक्शन, कई अधिकारी सस्पेंड

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा में हुए पुल हादसे के बाद गुरुवार को राज्य सरकार ने इस मामले में एक्शन लेते हुए दुर्घटना के लिए जिम्मेदार गुजरात सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। राज्य शासन ने यह कार्रवाई शुरुआती जांच के आधार पर की। इस दौरान सरकार ने एनएम नाइकवाला (एग्जक्यूटिव इंजीनियर), यूसी पटेल (डिप्टी-एग्जक्यूटिव इंजीनियर), आरटी पटेल (डिप्टी-एग्जक्यूटिव इंजीनियर) और जेवी शाह (असिस्टेंट इंजीनियर) को निलंबित किया गया।

### पुलिस का हेलिकॉप्टर सीधे नदी में गिरा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के जोहोर राज्य में बुधवार सुबह एक पुलिस हेलिकॉप्टर आपात लैंडिंग के दौरान सीधे नदी में जा गिरा। यह हादसा सुंगाई पुलाई इलाके में हुआ। उस वक्त हेलिकॉप्टर नियमित सैन्य अभ्यास (MITSATOM 2025) में शामिल था। हेलिकॉप्टर में सवार पांचों क्रू मेंबर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी घायल अफसरों को जोहोर बारू के सुल्ताना अमीना अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलेशिया की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कहा है कि हादसे की जांच एयर एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो करेगा।



### IPL टिकट घोटाला: हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगनमोहन गिरफ्तार

**हैदराबाद।** IPL 2025 टिकट घोटाले में हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (HCA) के प्रेजिडेंट ए. जगन मोहन राव को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को तेलंगाना अपराध जांच विभाग ने उनके साथ चार सीनियर अधिकारी भी हिरासत में लिए गए हैं। गिरफ्तार किए गए अन्य अधिकारी, HCA के कोषाध्यक्ष सी. श्रीनिवास राव, CEO सुनील कांते, महासचिव राजेंद्र यादव और राव की पत्नी जी. कविता हैं। इन सभी पर सनराइजर्स हैदराबाद को टिकट के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगा है।



# गणेशोत्सव को 'राज्य महोत्सव' का दर्जा



**मुंबई।** महाराष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर को मान्यता देते हुए राज्य की फडणवीस सरकार ने सार्वजनिक गणेशोत्सव को 'राज्य महोत्सव' का दर्जा देने का निर्णय लिया है। यह घोषणा राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने विधानसभा में की, जहां उन्होंने बताया कि यह निर्णय जल्द ही औपचारिक रूप से लागू किया जाएगा। मंत्री शेलार ने कहा कि गणेशोत्सव सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह महाराष्ट्र की सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है।

शेलार ने यह भी बताया कि पूर्व में इस उत्सव को लेकर कई कानूनी अड़चनें सामने आई थीं, जिनमें उत्सव आयोजनों को अनुमति न देने जैसी याचिकाएं शामिल थीं। लेकिन मौजूदा सरकार ने ऐसी सभी बाधाओं को दूर कर, गणेशोत्सव को उसकी पूरी गरिमा के साथ मनाने का रास्ता साफ किया है। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि वह राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने और उसे आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गणेशोत्सव को राज्य महोत्सव का दर्जा देकर यह निर्णय महाराष्ट्र की सांस्कृतिक परंपराओं को नया सम्मान और पहचान देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# बेहिसाब मेडिकल बिल पर लगेगी नकेल!



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश में बढ़ते मेडिकल बिल और बेहिसाब खर्चों पर केंद्र सरकार लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। कहा गया है कि सरकार मौजूदा मेडिकल इंश्योरेंस क्लेम पोर्टल्स को वित्त मंत्रालय के अधीन लाने की योजना बना रही है। सूत्रों ने कहा कि इसका मकसद तमाम स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं यानी अस्पतालों द्वारा मरीजों और बीमाकृत व्यक्तियों से बेहिसाब मेडिकल बिल की उगाही पर लगाम लगाना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि योजना इस बात की भी है कि भारतीय बीमा नियामक प्राधिकरण (IRDAI) स्वास्थ्य प्रदाताओं की निगरानी करे, ताकि मरीजों की जेब पर अनावश्यक बोझ न पड़े। पेशेवर सेवा फर्म एओन की ग्लोबल मेडिकल ट्रेंड रेट्स रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत में स्वास्थ्य सेवा लागत में 13% बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है, जो वैश्विक औसत 10% से ज्यादा है। एक साल पहले यह 12 फीसदी था। सरकार और भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा किए गए एक विश्लेषण में पाया गया है कि अस्पताल मरीजों के इलाज की लागत बढ़ा रहे हैं और उच्च कवर वाले मरीजों से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं। सूत्र ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए बताया कि इस वजह से बीमा कंपनियां ज्यादा स्वास्थ्य प्रीमियम वसूल रही हैं। भारत के वित्त और स्वास्थ्य मंत्रालयों ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया है। देखना रोचक होगा कि मंत्रालय क्या जवाब देता है।

# टेनिस खिलाड़ी की हत्या



## आरोपी पिता गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** दिल्ली-एनसीआर के गुरुग्राम में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या किसी गैर ने नहीं बल्कि टेनिस खिलाड़ी के पिता ने ही की है। मृतका की पहचान राधिका यादव के रूप में हुई है। हत्या के बाद उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या की वजह का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। गुरुग्राम पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका राधिका एक जानी-मानी टेनिस खिलाड़ी थीं। उन्होंने अब तक राज्य स्तरीय टेनिस प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीते हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक राधिका की उम्र महज 25 साल थी। पुलिस इस मामले में पिता को गिरफ्तार करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

# कुर्सी बचाने राहुल दरबार में सिद्धारमैया

## बोले- मैं पांच साल पूरा करूंगा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली/बेंगलुरु**

कर्नाटक में फिर से नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों का बाजार गर्म है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मिलने दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कहा, '...मैंने राहुल गांधी से मिलने के लिए समय मांगा था लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।' कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के बारे में पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि वहां कोई वैकेंसी नहीं है। मैं पांच साल पूरा करूंगा। सिद्धारमैया ने कहा, 'डीके शिवकुमार ने खुद कहा है कि मुख्यमंत्री पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है।'



हालांकि, इस बीच राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बेंगलुरु में गुरुवार को यह कहकर सस्पेंस बढ़ा दिया है कि इस मुद्दे पर पार्टी आलाकमान ही निर्णय करेगा। उन्होंने कहा, "पार्टी नेतृत्व सब देख रहा है और समय आने पर वह निर्णय करेगा।"

# महाराष्ट्र के एक जिले में 14 हजार से ज्यादा महिलाओं में मिले कैंसर के लक्षण

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में 14,500 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण पाए गए हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबितकर ने गुरुवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की संजीवनी स्कीम के तहत स्क्रीनिंग के दौरान इन महिलाओं के बारे में यह जानकारी मिली। प्रकाश आबितकर ने अपने एक लिखित जवाब में विधानसभा में बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस से सर्वे की शुरुआत की गई थी। इसके तहत कुल 2,92,996 महिलाओं के बीच जाकर सर्वे किया गया। इस सर्वे के दौरान महिलाओं से कुछ सवाल पूछे गए, जिनके



उन्होंने जवाब दिया। इन जवाबों के आधार पर ही यह पता चला है कि करीब 14,500 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण हैं। उन्होंने कहा, 'कुल 14,542 महिलाओं में से तीन को गर्भाशय का कैंसर पाया गया है। इसके अलावा एक महिला को स्तन कैंसर है और 8 को माउथ कैंसर है। यह जानकारी जिला कलेक्टर की ओर से कैंसर को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान में सामने आई है। यह अभियान इसलिए चलाया गया है ताकि कैंसर की जानकारी शुरुआती स्टेज में ही पता चल सके और फिर उन लोगों का इलाज कराया जा सके।'

हालांकि स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए अलग से किसी कैंसर अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने यह जरूर कहा कि ग्रामीण इलाकों में स्क्रीनिंग की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा ताकि पता चल सके कि महिलाओं में कैंसर की क्या स्थिति है। जिला अस्पतालों में भी इसकी जांच की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए टाटा मेमोरियल अस्पताल से करार हुआ है।

# थप्पड़मार MLA ने अब दक्षिण भारतीयों पर साधा निशाना

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

विधायक हॉस्टल कैंटीन के एक कर्मचारी को कथित तौर पर थप्पड़ मारने वाले सत्तारूढ़ शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने अब एक और नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने दक्षिण भारतीयों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। गुरुवार को उन्होंने नया विवाद खड़ा करते हुए कहा कि दक्षिण भारतीय लोगों को कैंटीन के ठेके नहीं देने चाहिए क्योंकि वे डांस बार और लेडीज बार चलाते रहे हैं और उन्हें नहीं पता कि अच्छा भोजन कैसे परोसा जाता है?

उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के विधायक ने कहा, 'शेट्टी नाम के ठेकेदार



को ठेका क्यों दिया गया? इसे किसी मराठी व्यक्ति को दीजिए। वे जानते हैं कि हम क्या खाते हैं। वे हमें अच्छी गुणवत्ता वाला खाना देंगे। दक्षिण भारतीय लोग डांस बार, लेडीज बार चलाते हैं और महाराष्ट्र की संस्कृति को खराब करते हैं। उन्होंने हमारे बच्चों को भ्रष्ट कर दिया है। वे अच्छा खाना कैसे परोसेंगे?' फिलहाल कैंटीन का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।

# थरूर ने इमरजेंसी को काला अध्याय बताया

## कहा- इससे सबक लेना जरूरी; नसबंदी अभियान मनमाना और क्रूर फैसला था

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक आर्टिकिल में लिखा कि इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया। थरूर ने मलयालम भाषा के अखबार में आर्टिकल लिखा है। यह गुरुवार को प्रकाशित हुआ है। उन्होंने लिखा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। 50 साल पहले 25



जून, 1975 को तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी। यह 21 मार्च, 1977 तक लागू रही थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने कई सख्त फैसले लिए थे। थरूर ने लिखा, 'इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया। गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।'

### कहा- लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए

शशि थरूर ने अपने आर्टिकल में लिखा- लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है। सत्ता को सेंट्रलाइज करने, असहमति को दबाने और संविधान को दरकिनार करने का असंतोष कई रूपों में फिर सामने आ सकता है।

# कमजोर समझने की भूल मत करना; पुतिन के मंत्री की ट्रंप को दो टूक



**महानगर नेटवर्क**

**मास्को**

हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स समूह को लेकर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ की धमकी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि ब्रिक्स समूह की नीति डॉलर को कमजोर करना है। इतना ही नहीं, ट्रंप के टैरिफ की तीखी आलोचना के बाद अमेरिकी सरकार ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। ट्रंप की धमकियों और लगातार ऐक्शन ने रूस को भड़का दिया है।

रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने गुरुवार को अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि "धमकी और दबाव की भाषा" BRICS जैसे सहयोगी मंचों के साथ नहीं चल सकती। उन्होंने कहा कि रूस BRICS देशों की स्वतंत्रता और सम्मान के साथ खड़ा रहेगा।

# अफगानिस्तान में 6 साल की बच्ची की 45 साल के पुरुष से शादी

**महानगर नेटवर्क**

**काबुल**

अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में 6 साल की एक बच्ची की शादी 45 साल के एक व्यक्ति से कर दी गई। अमेरिका स्थित अफगान आउटलेट Amu.tv की रिपोर्ट के मुताबिक शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद खुद तालिबान अधिकारी हैरान रह गए और बच्ची को उसके ससुराल ले जाने से रोक दिया। हालांकि तालिबान अफसरों ने यह भी कहा कि जब वह 9 साल की हो जाएगी, तब उसे पति के घर भेजा जा सकता है। दूल्हे ने बच्ची के परिवार को पैसे देकर यह रिश्ता तय करवाया। शादी हेलमंद के मर्जा जिले में हुई। इसके बाद पुलिस ने बच्ची के पिता और दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन अब तक किसी पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया है।





# आवागमन के लिए खुला सिंदूर ब्रिज

## कर्नाक ब्रिज का नाम सिंदूर रखने से काले इतिहास के निशान मिट गए: मुख्यमंत्री

महानगर संवाददाता
मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को दक्षिण मुंबई में नवनिर्मित सिंदूर ब्रिज (पूर्व में कर्नाक ब्रिज) का उद्घाटन किया और कहा कि यह नाम परिवर्तन औपनिवेशिक काल की विरासतों से प्रतीकात्मक रूप से मुक्ति दर्शाता है। यह पुल पहले जेम्स रिवेट कर्नाक के नाम पर कर्नाक ब्रिज कहलाता था, जो 1839 से 1842 तक बॉम्बे प्रेसीडेंसी के गवर्नर रहे थे। एल. डब्ल्यू.माइकल द्वारा लिखी गई पुस्तक 'हिस्ट्री ऑफ द म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ द सिटी ऑफ बॉम्बे' (1902) के अनुसार, यह पुल ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे और मुंबई महानगरपालिका के संयुक्त खर्च से बनाया गया था।

फडणवीस ने कहा कि कई वर्षों तक इस पुल को ब्रिटिश गवर्नर के नाम से जाना गया, लेकिन इतिहास के दस्तावेजों में,विशेष रूप से प्रबोधनकार ठाकरे के लेखनों में यह उल्लेख मिलता है कि इस गवर्नर ने छत्रपती प्रतापसिंह महाराज और नागपुर के मुदोजी राजे जैसे भारतीय शासकों के साथ अन्याय किया था। इसलिए इतिहास के इन काले अध्यायों को समाप्त करना आवश्यक है।

औपनिवेशिक काल में 1860 के दशक में बना पुराना कर्नाक ब्रिज 2022 में असुरक्षित घोषित होने के बाद तोड़ दिया गया था। नया सिंदूर ब्रिज अब सीएसएमटी से मस्जिद बंदर के बीच भारी यातायात को सहज करने में मदद करेगा। यह पुल 342 मीटर लंबा है,जिसमें से 70 मीटर का हिस्सा सीधे रेलवे लाइनों के ऊपर बनाया गया है। मस्जिद बंदर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित और पी. डी' मेलो रोड से जुड़े सिंदूर रेलवे ब्रिज के उद्घाटन के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। हालांकि ब्रिज बन कर तैयार होने के बावजूद एक महीने की देरी से खोला गया।

### सेना के अदम्य साहस को सैल्यूट करने ब्रिज का नाम सिंदूर रखा

इस मौके पर फडणवीस ने कहा कि स्वतंत्रता के अमृत वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर, कर्नाक ब्रिज का नाम बदला गया है। उन्होंने कहा कि इतिहास के काले मामलों का अंत होना चाहिए और उनके निशान मिट जाने चाहिए। पहलगाम हमले के बाद, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी शिविरों को नष्ट किया। भारत ने दिखाया कि वह पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर सकता है। इस नाम का प्रस्ताव महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर ने किया था जिसे मनपा प्रशासन ने स्वीकृति दी। मुझे खुशी है कि सेना के अदम्य साहस के कारण मनपा ने इस ब्रिज का नाम सिंदूर रखा।

### दक्षिण मुंबई में ट्रैफिक से राहत के लिए महत्वपूर्ण ब्रिज

दक्षिण मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मस्जिद बंदर और मोहम्मद अली रोड, सैंडहर्स्ट रोड एरिया में रहने वाले लोगों की आवाजाही का प्रमुख माध्यम है। ब्रिज के खुलने से ईस्टर्न फ्री वे से आने वाले ट्रैफिक के साथ गिरगांव, चर्चगेट, मंत्रालय, कालबादेवी, धोबी तालाब क्षेत्रों में आना जाना आसान होगा। इसी के साथ यूसुफ़ मेहर अली मार्ग, मोहम्मद अली मार्ग, सरदार वल्लभभाई पटेल मार्ग, काज़ी सैयद मार्ग क्षेत्र में आवागमन बेहतर होगा।

# 27 अनधिकृत स्कूलों पर मनपा की कार्रवाई

## पांच हजार छात्रों का मान्यता प्राप्त स्कूलों में किया गया समायोजन





**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका के शिक्षा विभाग ने आखिरकार शहर में वर्षों से बिना मंजूरी के चल रहे अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। हाल ही में मनपा ने 81 अनधिकृत स्कूलों की पहचान की थी,जिनमें से पहले चरण में 27 स्कूलों को सील कर दिया गया है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 5,000 छात्रों को पास के सरकारी और निजी स्कूलों में समायोजित किया गया है, ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो। बता दें कि शिक्षा विभाग के अनुसार, इन 27 स्कूलों में अधिकांश स्कूल दिवा क्षेत्र में स्थित थे। इनमें से कई स्कूल अनधिकृत इमारतों में या फिर आवासीय इमारतों के किराए के कमरों में चल रहे थे। बिना किसी वैध अनुमति के यह स्कूल वर्षों से छात्रों को दाखिला दे रहे थे। कुछ स्कूल प्रशासन द्वारा यह दावा किया जाता रहा कि वे मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं और इस आधार पर वे हर वर्ष नए दाखिले लेते रहे। हर साल मनपा द्वारा अनधिकृत स्कूलों की एक सूची जारी की जाती है, लेकिन कार्रवाई अधूरी रह जाने के कारण कई स्कूल चालू रहते हैं। इस बार ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने स्वयं स्थिति की समीक्षा की और शिक्षा विभाग को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद सभी 81 स्कूलों के खिलाफ संबंधित पुलिस थानों में शिकायतें दर्ज की गई हैं और कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।शिक्षा विभाग के उपायुक्त सचिन सांगले ने बताया कि जिन 27 स्कूलों को बंद किया गया है, वहां पढ़ने वाले छात्रों को अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। दाखिले के समय अगर किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होती है, तो उसे तुरंत सुलझाने के लिए विभाग ने विशेष व्यवस्था की है।

**54 स्कूलों के खिलाफ जल्द होगी कार्रवाई**

शेष 54 अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ भी जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि छात्रों की शिक्षा में कोई बाधा न आए और उन्हें एक सुरक्षित व मान्यता प्राप्त शैक्षणिक वातावरण मिले। मनपा की इस कार्रवाई से स्पष्ट संकेत मिला है कि बच्चों की शिक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# लावारिस हालत में मिली दो माह की मासूम बच्ची



**नालासोपारा।** नालासोपारा पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया,जब एक दो माह की मासूम बच्ची खाड़ी किनारे लावारिस हालत में प्लास्टिक की गोनी में लिपटी हुई मिली। यह घटना कलम्ब के निर्मल ब्रिज के पास की है,जहां एक स्थानीय व्यक्ति पेशाब के लिए गया था। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसने जब पास जाकर देखा तो यह हैरान कर देने वाला मंजर सामने आया। स्थानीय नागरिक अवधेश गुप्ता ने तत्काल कंट्रोल रूम 112 पर सूचना दी। इसके बाद नालासोपारा पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को तुरंत नजदीकी मनपा बोलींज खारोड़ी अस्पताल के ICU में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, फिलहाल बच्ची की हालत स्थिर है। इस अमानवीय घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आसपास के इलाके में नाका बंदी शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और पुलिस उस व्यक्ति या व्यक्तियों की तलाश में जुटी है जिन्होंने यह घिनौना कृत्य किया। पुलिस का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वर्सोवा – भायंदर कोस्टल रोड के काम की हुई शुरुआत



**मुंबई।** मरीन लाइन से वर्ली सीलिंक तक कोस्टल रोड बनाने के बाद मनपा प्रशासन ने वर्सोवा - भायंदर कोस्टल रोड के काम की शुरुआत कर दी है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर शुरू हुए कार्य स्थल पर जाकर जायजा लिया। मनपा अभी इस प्रोजेक्ट में सीआरजेड में न आने वाले कार्य की शुरुआत की है। मुंबई को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने और सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से मनपा कोस्टल रोड प्रोजेक्ट पर जोर दिया है। मनपा दुसरे चरण में वर्सोवा से दहिसर तक बनने वाले कोस्टल रोड के काम की शुरुआत की है। कोस्टल रोड से दहिसर, बोरीवली,कांदिवली और मालाड जैसे पश्चिमी उपनगरों की यातायात भीड़ कम होगी और समय व ईंधन की भी बचत होगी। गोरेगांव में 1.2 किलोमीटर लंबी 'नॉन-सीआरजेड' क्षेत्र में फाउंडेशन का कार्य शुरू है,जिसकी समीक्षा अभिजीत बांगर ने की। परियोजना के अंतर्गत सीआरजेड क्षेत्र में कार्य आरंभ करने के लिए पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति आवश्यक है, जिसे बिना अनुमति शुरू नहीं किया जा सकता। वर्सोवा से भायंदर तक प्रस्तावित इस परियोजना को हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। बांगर ने वर्सोवा -बांद्रा सी लिंक परियोजना,अंधेरी पश्चिम के आराम नगर, केंद्रीय मत्स्य विज्ञान शिक्षा संस्थान और यारी रोड के पास चल रहे पुल कार्यों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भूमि उपयोग, यातायात मार्गों और अतिक्रमण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन स्थानों पर फ्लाईओवर समाप्त होते हैं, वहां नए उपमार्ग बनाए जाने पर विचार किया जाए ताकि जुहू-विलेपार्ले क्षेत्र की ट्रैफिक समस्या से राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने पुल के नीचे की सड़कों को चौड़ा करने की आवश्यकता भी जताई ताकि वाहनों को कोई बाधा न हो। मालाड माइण्डस्पेस इलाके में 600 मीटर क्षेत्र में कार्य प्रगति पर है, वहीं सीआरजेड क्षेत्र में उच्च न्यायालय की अनुमति के बाद ही कार्य आरंभ किया जा सकेगा।

# केडीएमसी क्षेत्र में बढ़ी डेंगू मरीजों की संख्या, एक की मौत





**कल्याण।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में महामारी रोग बढ़ रहे हैं और मई से अब तक 35 डेंगू मरीज पाए गए हैं। विभिन्न जगहों पर साफ सफाई न होने एवं पानी जमा होने के कारण खतरा बढ़ता जा रहा है। डेंगू के संदिग्ध मरीजों के रक्त के नमूने लेकर एलिसा परीक्षण किए जा रहे हैं,इसके अलावा जून में 41 और जुलाई में 18 मलेरिया के मरीज पाए गए। केडीएमसी स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ. दीपा शुक्ला ने बताया कि महामारी को देखते हुए मनपा द्वारा तैयारियां जारी हैं और विभिन्न उपाय लागू किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को हर दिन निजी क्लीनिकों, अस्पतालों और लैब से मरीज़ों की जानकारी मिलती है। उससे डेटा इकट्ठा किया जाता है। हर शहरी स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर स्थानीय हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्षों के संपर्क में रहते हैं और अगर किसी मरीज़ की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत वहां पहुंचकर सर्वे, छिड़काव और जांच करते हैं। डेंगू के लार्वा साफ पानी में पनपते है।

# भिवंडी मनपा आयुक्त ने स्कूलों का किया निरीक्षण

## शौचालय, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति सहित भौतिक सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश



**भिवंडी।** भिवंडी शहर महानगरपालिका के प्रशासक तथा आयुक्त अनमोल सागर, उपआयुक्त श्री बालकृष्ण क्षिरसागर और प्रशासन अधिकारी सौदागर शिखरे ने मनपा क्षेत्र के नारली तलाव और शांतिनगर स्थित शालाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवनों की स्थिति, शौचालय, स्वच्छता व्यवस्था, और विद्युत आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों को शीघ्र सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सागर ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि सभी स्कूलों की प्राचार्यों की एक संयुक्त समिति बनाई जाए, जो सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर नियमित रूप से फॉलोअप करे। इस अवसर पर विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की हाजिरी और शालेय अभिलेखों की भी गहन जांच की गई। सभी शिक्षकों को डिजिटल क्लासरूम का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने और विषयवार तथा कक्षा अनुसार समयसारणी तैयार करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। प्रशासक ने विशेष रूप से यह भी निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में कक्षाएं, शौचालय और संपूर्ण परिसर की नियमित दैनिक सफाई सुनिश्चित की जाए, जिसकी निगरानी संबंधित प्रभाग अधिकारी करेंगे।यह निरीक्षण भिवंडी मनपा द्वारा शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने अधिवक्ता द्वारा दायर जनहित याचिका खारिज की



**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने गुरुवार को अधिवक्ता सागर देवरे द्वारा दायर जनहित याचिका (PIL) को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि याचिका में पर्याप्त शोध और योग्यता का अभाव है। मुख्य न्यायाधीश आलोक अरोड़े और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की बॉम्बे उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सागर देवरे स्वयं उपस्थित हुए। भारत संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह और महाराष्ट्र सरकार की ओर से अधिवक्ता मिलिंद मोरे उपस्थित हुए। तर्कों को सुनने के बाद,न्यायालय ने याचिकाकर्ता द्वारा मांगी गई किसी भी राहत को देने से इनकार कर दिया।

न्यायालय ने माना कि जनहित याचिका पर्याप्त जानकारी के बिना,उचित शोध के बिना और उचित तरीके से दायर नहीं की गई थी, इसलिए इसमें कोई दम नहीं है। तदनुसार, जनहित याचिका खारिज कर दी गई।

# सड़कों पर खड़े वाहनों को ठेकेदारों को सौंपेगी पुलिस

## अधिकारियों को दिए गए चिन्हित करने के निर्देश



**मुंबई।** महानगर की सड़कों पर लंबे समय से खड़ी बेवारस और कबाड़ वाहनों को हटाने के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और मुंबई ट्रैफिक पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान शहर की सौंदर्यता बनाए रखने और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों को हटाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत,महानगरपालिका ने अधिकृत ठेकेदारों की नियुक्ति की है जो इन अज्ञात वाहनों को हटाने का काम करेंगे। ट्रैफिक विभाग के सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र के मुख्य मार्गों,गलियों, तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खड़े बेनामी वाहनों की पहचान करें और उन्हें तत्काल हटवाने की कार्रवाई करें। साथ ही, ट्रैफिक पुलिस चौकियों पर लंबे समय से खड़े जब्त या छोड़े गए वाहन भी अब उक्त ठेकेदारों को सुपुर्द किए जाएंगे, ताकि उनका उचित तरीके से निपटारा किया जा सके।

# समुद्र में डूब रहे युवक को लाइफ गार्ड ने बचाया



**मुंबई।** गुरुवार को जुहू बीच पर एक युवक के डूबने की घटना घट गई। डूबते युवक को समय रहते समुद्री किनारों पर तैनात मनपा लाइफ गार्ड ने बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम लगभग 4:42 बजे अंधेरी पश्चिम के जुहू बीच पर समुद्र में अपने मित्रो के साथ गया युवक समुद्र में मौज मस्ती करने उतर गया, इस दौरान समुद्र में उठी अचानक लहरों के बीच युवक का बैलेंस छूट गया और वह समुद्र में डूबने लगा। युवक को डूबता देख उसके अन्य मित्र जोर जोर से चिल्लाने लगे। लोगों की आवाज सुनकर घटना स्थल पर तैनात मनपा का लाइफ गार्ड बिना किसी देरी के समुद्र में कूद गया और युवक को बचाने का काम किया। मनपा के दमकल विभाग द्वारा ने जानकारी दी की समुद्र में डूब रहे युवक का नाम साहेब सिंह है, जिसकी उम्र 20 वर्ष है। डूबते युवक को समुद्र से निकालने के बाद इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया जहां युवक के ठीकठाक होने की जानकारी डॉक्टरों ने दी।

# मनपा के फायर जवानों ने अमेरिका में गाड़ा झंडा





**मुंबई।** अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 प्रतियोगिता में मुंबई अग्निशमन दल के जवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य और दो रजत पदक जीतकर सफलता का परचम लहराया।

अमेरिका द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में मनपा अग्निशमन दल की छह सदस्यीय टीम भारतीय दल में शामिल हुई। जिसमे गोविंद बिजले, महिला अग्निशामक एकता गोलकर, सिद्धि सोनवणे, श्वेता दवणे और उन्नती चिलकेवार शामिल रहीं। इस टीम का नेतृत्व उप प्रमुख अग्निशमन अधिकारी दीपक घोष ने किया। प्रतियोगिता 28 जून से 6 जुलाई तक आयोजित की गई थी,जिसमें 70 से अधिक देशों के 5,000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 60 से अधिक प्रकार के खेल और ड्रिल स्पर्धाएं शामिल थीं। भारत से 47 अग्निशमन विभागों के अधिकारी व कर्मचारी इस स्पर्धा में शामिल हुए थे,जिनमें मुंबई अग्निशमन दल के जवान भी शामिल थे। स्पर्धा में भारत ने कुल 588 पदक जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया,जिसमें 280 स्वर्ण, 178 रजत और 130 कांस्य पदक शामिल हैं। मुंबई अग्निशमन दल के दीपक घोष ने 'अल्टिमेट फायरफाइटर' (55 वर्ष व्यक्तिगत वर्ग) में कांस्य पदक हासिल किया। उन्नती चिलकेवार ने 'स्टेअर रेस कैजुअल वियर' श्रेणी में रजत पदक और श्वेता दवणे ने 'स्टेअर रेस फुल गियर' श्रेणी में रजत पदक प्राप्त किया। इन सभी प्रतिभागियों को मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, अतिरिक्त आयुक्त अमित सैनी और उपायुक्त प्रशांत गायकवाड़ ने बधाई दी है। इससे पहले जनवरी 2025 में नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय अग्निशमन क्रीड़ा स्पर्धा में भी मुंबई अग्निशमन दल ने 16 स्वर्ण सहित कुल 40 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# टूर पैकेज के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** उत्तर प्रादेशिक सायबर पुलिस ने एक नए प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया है,जिसमें छुट्टियों के टूर पैकेज के नाम पर लोगों से बैंक अकाउंट की जानकारी लेकर ठगी की जा रही थी। इस मामले में दो आरोपी मुकरबशीर हिदायतुल्ला रहटकिकर और सूरज खेडकर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी अंतरराष्ट्रीय सायबर अपराधियों के संपर्क में थे और उन्होंने भारतीय बैंक खातों की जानकारी विदेशी जालसाजों को उपलब्ध कराई। इस केस की शिकायत उत्तर मुंबई के एक निवासी ने दर्ज कराई थी, जिसे करीब 20 लाख की ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कीम में ठगा गया। आरोपी खुद को एक शेयर ट्रेडिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताकर पीड़ित से बैंक की जानकारी प्राप्त करते थे। मामले की शिकायत मिलने पर सायबर पुलिस ने आईटी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि ठगी की राशि कई खातों में ट्रांसफर हुई थी,जिनमें से दो खाते मुकरबशीर और सूरज के नाम पर थे। दोनों को पुणे के कात्रज और अहिल्यानगर इलाकों से हिरासत में लिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि महाबलेश्वर निवासी मुकरबशीर छुट्टियों के पैकेज का झांसा देकर लोगों से उनके बैंक विवरण इकट्ठा करता था और फिर उनका दुरुपयोग करता था।

# लेवल क्रॉसिंग गेटों की संरक्षा की जांच हेतु 15 दिवसीय निरीक्षण अभियान

## रेल मंत्री ने किया रिव्यू, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**मुंबई।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समपार फाटकों की सुरक्षा व्यवस्था को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और बोर्ड के सदस्यों तथा जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों के साथ रिव्यू किया। अपने पिता के निधन के एक दिन बाद ही व्यक्तिगत शोक और अंतिम संस्कार की व्यस्तताओं के बीच रेलमंत्री ने रेलवे की महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

समीक्षा में 'लेवल क्रॉसिंग गेट सुरक्षा' के विषय पर गहन विचार-विमर्श किया गया। रेल मंत्री ने इस संबंध में 11 महत्वपूर्ण निर्णय लिए। सभी लेवल क्रॉसिंग गेट (LC) गेटों पर सीसीटीवी कैमरे तथा रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाए जाएं। बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सौर पैनल,बैटरी बैकअप, यूपीएस आदि के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। यह कार्य मिशन मोड में पूरा किया जाए। "सड़क यातायात के लिए बंद" गेटों को "सड़क यातायात के लिए खुले" गेटों में बदलने के लिए नीति की समीक्षा की जाएगी। LC गेटों के इंटरलॉकिंग कार्यों को मिशन मोड में त्वरित गति से पूरा किया जाएगा। रेलवे पीएसयू को इंटरलॉकिंग कार्यों और निर्माण कार्यों में शामिल किया जाएगा। टीवीयू (TVU) की सीमा घटाई गई है। अब 10,000 TVU पर ही इंटरलॉकिंग प्रारंभ की जाएगी। पहले यह सीमा 20,000 थी। 10,000 TVU से अधिक वाले सभी गेटों पर ROB/RUB/LHS योजनाओं से भिन्न होकर भी इंटरलॉकिंग अनिवार्य होगी।

# कोंकण प्रभारी ने की उल्हासनगर कांग्रेस की समीक्षा बैठक

**उल्हासनगर।** कोंकण प्रभारी ने उल्हासनगर कांग्रेस की समीक्षा बैठक की व 'कांग्रेस जनता निवारण कक्ष' का उद्घाटन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस सचिव और कोंकण प्रभारी यू. बी. वेंकटेश ने गुरुवार को उल्हासनगर का दौरा किया,उनके साथ महाराष्ट्र कांग्रेस महासचिव गुरुबिंदर सिंह बच्चन और सचिव ब्रिज दत्त भी मौजूद थे। इस दौरे के दौरान, उन्होंने सबसे पहले डॉल्फिन होटल, सी ब्लॉक में उल्हासनगर के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों से मुलाकात की और पार्टी संगठन तथा मनपा चुनावों के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए समीक्षा की,इस अवसर पर बोलते हुए, वेंकटेश ने कहा कि उल्हासनगर शहर नागरिक सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है, उन्होंने आगामी मनपा चुनावों के लिए तैयार रहने और स्थानीय स्तर पर शहर की नागरिक समस्याओं को हल करने के लिए आंदोलन करने का सुझाव दिया, उन्होंने आश्वासन दिया की इन आंदोलनों को महाराष्ट्र कांग्रेस की ओर से पूरा समर्थन और सहयोग मिलेगा। इस दौरान, जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे की पहल पर 'कांग्रेस जनता निवारण कक्ष' का उद्घाटन यू. बी. वेंकटेश ने किया।

# परे द्वारा मुंबई उपनगरीय स्टेशनों पर अत्याधुनिक ट्रेन संकेतक लगाये गये





**मुंबई।** पश्चिम रेलवे (परे) द्वारा मुंबई उपनगरीय स्टेशनों पर यात्री-अनुकूल ट्रेन संकेतक लगाकर यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाने और अपने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह पहल अमृत भारत स्टेशन योजना (ABSS) के तहत की गई है। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,यात्री सुविधा को बढ़ावा देने के लिए मरीन लाइन्स, चर्नी रोड, ग्रांट रोड, लोअर परेल, प्रभादेवी, जोगेश्वरी और मालाड स्टेशनों पर नए अत्याधुनिक संकेतक लगाए गए हैं। नए डिज़ाइन और उन्नत मैट्रिक्स ग्रिड डिस्प्ले के साथ ये संकेतक पढ़ने में बेहतर सुविधा और दृश्यता प्रदान करते हैं, जिससे दैनिक यात्रियों के लिए यात्रा का अनुभव और भी सहज हो जाता है। इन नए संकेतकों की एक प्रमुख विशेषता स्क्रॉलिंग सूचना लाइन है, जो गतिशील रूप से उन स्टेशनों के नाम प्रदर्शित करती है जहां ट्रेन रुकेगी, जिससे यात्रियों को रियल टाइम और यात्रा से जुड़ी आसानी से समझ में आने वाली जानकारी मिलती है। ये संकेतक बहुभाषी भी हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों के बीच प्रभावी संचार सुनिश्चित करते हैं। गौरतलब है कि इन संकेतकों को आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। ये संकेतक ईथरनेट-आधारित नेटवर्क से जुड़े हैं, जिससे दूर से ही केंद्रीकृत निगरानी, त्वरित समस्या निवारण और अनुकूलन संभव हो पाता है।

# बेस्ट बसों की घट रही संख्या

## 6555 की मांग पर मिले सिर्फ 2167 बस




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुंबई की लाइफलाइन बेस्ट बस के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होती है। यात्रियों की प्रतिदिन बढ़ती संख्या को देखते हुए मुंबई मनपा ने सरकार से 6555 बसें किराए पर मांगी थीं,लेकिन उसमें से सिर्फ 2167 बसें ही मिल पाई हैं। गुरुवार को विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लिखित जवाब में यह जानकारी दी। कांग्रेस सदस्य भाई जगताप ने प्रश्न काल में माध्यम से मुंबई में घटती बेस्ट बसों की संख्या का मुद्दा उपस्थित किया था,जगताप ने आरोप लगाया कि बेस्ट धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। पिछले पांच वर्षों में बेस्ट के 2160 बसें भंगार हो गई,जबकि इनके बदले सिर्फ 37 नई गाड़ियां खरीदी गई। मुंबई में यात्रियों के लिए 3337 बसों की आवश्यकता है,जबकि बसों की संख्या लगातार घट रही है। इससे यात्रियों को बस मिलने में देरी हो रही है। शिंदे ने कहा कि आने वाले चार से पांच साल में बेस्ट बसों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी कर दी जाएगी।

### स्कूली छात्राओं से कपड़े उतरवाने का मामला

# जिम्मेदार लोगों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठाणे जिले के शाहपुर में स्थित एक निजी स्कूल में छात्राओं को मासिक धर्म की जांच के नाम पर कपड़े उतरवाने के मामले के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंत्री गिरीश महाजन ने गुरुवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। यह मुद्दा कांग्रेस सदस्य नाना पटोले और राकांपा (शरद) सदस्य जितेंद्र आव्हाड ने सदन में उठाया। पटोले ने कहा कि ऐसा शर्मनाक कृत्य महाराष्ट्र जैसे प्रगतिशील राज्य में हो रहा है। महाजन ने सदन को आश्वासन दिया कि घटना की जांच की जाएगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस मामले में पहले ही कार्रवाई कर चुकी है। कांग्रेस विधायक ज्योति गायकवाड़ ने भी मांग की कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और पानी जैसी सुविधाएं जरूरी हैं। पुलिस ने बताया कि ठाणे जिले के शाहपुर इलाके में स्थित स्कूल के शौचालय में खून के धब्बे देखे जाने के बाद यह पता लगाने के लिए छात्राओं के कपड़े उतरवाए गए कि उन्हें मासिक धर्म हो रहा है या नहीं। इस घटना से लड़कियों के अभिभावकों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने बुधवार को स्कूल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया तथा घटना में शामिल प्रबंधन और शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शाहपुर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुधवार रात को स्कूल की प्रधानाचार्य और एक महिला परिचारिका को गिरफ्तार किया।




उन पर आरोप है कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए कक्षा पांच से 10 तक की लड़कियों के कपड़े उतरवाकर जांच की कि उन्हें मासिक धर्म हो रहा है या नहीं। उन्होंने बताया कि आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# सदन के अंदर पंहुचा मराठी माणूस का मुद्दा

### मंत्री शंभुराजे देसाई और अनिल परब में नोक-झोंक

### मांसाहारी मराठी माणूस को घर नहीं देने पर विकासक के खिलाफ होगी कार्रवाई






**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

पिछले कई दिनों से राज्य में मराठी मुद्दे पर गरमाई सियासत अब सदन तक पहुंच गई है। गुरुवार को विधान परिषद में शिवसेना के मंत्री शंभुराजे देसाई और यूबीटी के सदस्य अनिल परब आमने-सामने आ गए दोनों के बीच जोरदार नोक-झोंक हुई। मामला यहां तक पहुंच गया कि यूबीटी के सदस्य अनिल परब ने शिवसेना के मंत्री देसाई को गद्दार तक बोल दिया,दोनों नेताओं के बीच बहस इतनी बढ़ गई कि उपसभापति नीलम गोंहे को सदन की कार्यवाही को दस मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। गुरुवार को प्रश्नकाल में माध्यम से उबाठा सदस्य मिलिंद नार्वेकर ने मांसाहारी भोजन करने वाले मराठी मानुस को नई बिल्डिंगों में विकासक घर नहीं देता इसलिए नई इमारतों में मराठी मानुस को 50 फीसदी घर आरक्षित करने का मुद्दा उपस्थित किया था, इसके जवाब में मंत्री शंभुराजे देसाई ने कहा कि महाराष्ट्र और मुंबई सर्व प्रथम मराठी लोगों का है,इसलिए यदि कोई डेवलपर किसी मराठी व्यक्ति को मकान बेचने से इनकार करता है, तो ऐसे डेवलपर या व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मराठी लोगों के अधिकारों की रक्षा और मकान खरीदने में मराठी लोगों को प्राथमिकता देने के लिए जल्द ही एक नीति तय की जाएगी।

**उपसभापति ने सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया**

मुख्यमंत्री फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ इस पर चर्चा के बाद अगली नीति तय की जाएगी। मंत्री देसाई ने सदन को आश्वासन दिया कि अगर किसी विकासक ने मराठी माणूस को घर देने से इनकार किया तो उस विकासक के खिलाफ शिकायत मिलने पर उसके के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री शंभुराजे देसाई के जवाब में असंतुष्ट उबाठा सदस्य अनिल परब आक्रमक हो गए और नए इमारतों में मराठी लोगों के लिए 50 फीसदी घर आरक्षित करने की मांग की। इस पर मंत्री देसाई ने कहा कि साल 2019 से 2022 तक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए की सरकार रहते हुए मराठी समाज के हित में यह कानून क्यों नहीं बनाया गया इस पर परब भड़क गए और मंत्री देसाई को गद्दार बोल दिया। परब के गद्दार बोलने पर देसाई गुस्से में आ गए दोनों में नोक –झोंक बढ़ने के बाद उपसभापति ने सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। इस चर्चा में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, सदस्य ज्ञानेश्वर म्हात्रे, राजेश राठौड़, प्रसाद लाड, एडवोकेट. अनिल परब, सचिन अहीर, हेमंत पाटिल भाग लिया।

# मंत्री संजय शिरसाट को आयकर विभाग का नोटिस

### कहा, कुछ गलत नहीं किया, उचित जवाब दूंगा



**मुंबई।** राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि आयकर विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर उनसे 2019 और 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों के बीच उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। औरंगाबाद (पश्चिम) से विधायक और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के वरिष्ठ नेता शिरसाट ने मुंबई में विधानमंडल परिसर के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी प्रमुख (एकनाथ शिंदे) के बेटे और कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे को भी आयकर विभाग का नोटिस मिला है। हालांकि, बाद में उन्होंने अपनी गलती सुधारते हुए कहा कि उन्हें श्रीकांत शिंदे को आयकर विभाग का नोटिस मिलने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। संवाददाताओं ने शिरसाट से सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर प्रसारित उस वीडियो के बारे में पूछा,जिसमें वह आयकर नोटिस के बारे में बात करते सुनाई दे रहे हैं। जवाब में शिवसेना नेता ने कहा कि कुछ लोगों ने आयकर विभाग में मेरे खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर मुझे नोटिस जारी किया गया है। मुझे बुधवार को जवाब देना था, लेकिन मैंने अतिरिक्त समय मांगा। मैं उचित जवाब दूंगा। कुछ भी गलत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह नोटिस दो चुनावों के बीच उनकी घोषित संपत्ति में हुई वृद्धि के संबंध में था। शिरसाट ने कहा कि लोग सोचते हैं कि नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। ऐसा नहीं है। मैं नोटिस का जवाब कानूनी तौर पर दूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अपने खिलाफ किसी साजिश का संदेह है, शिरसाट ने कहा कि कुछ लोगों ने शिकायत की और आयकर विभाग ने इस पर संज्ञान लिया।

# एक जुलाई तक के मतदाता कर सकेंगे मनपा में मतदान :दिनेश वाघमारे

**मुंबई।** एक जुलाई तक के मतदाता अपने मतदान का उपयोग आगामी मनपा चुनाव में कर सकेंगे। इस तरह की जानकारी राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने दी। उन्होंने मतदाताओं की संख्या,मतदान केंद्रों की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मानव संसाधन को ध्यान में रखते हुए चुनावों की तैयारी की जाए। इस तरह के निर्देश अधिकारियों को दिए। गुरुवार को राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने जिला परिषद,पंचायत समिति, नगर परिषद और नगर पंचायत के चुनावों की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकाणी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वाघमारे ने जानकारी दी कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के लिए अलग से मतदाता सूची तैयार नहीं की जाती बल्कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई मतदाता सूची का उपयोग किया जाता है। 1 जुलाई 2025 तक अद्यतन सूची की उपलब्धता को लेकर निर्वाचन आयोग से प्राथमिक चर्चा हो चुकी है। चूंकि ये चुनाव बहुसदस्यीय प्रणाली से होते हैं, इसलिए विधानसभा चुनावों की तुलना में अधिक मतदान केंद्रों की आवश्यकता होगी। राज्य चुनाव आयोग ने मतदान केंद्र निर्धारित करने के लिए पृथक मापदंड जारी किए हैं। सामान्य और दिव्यांग मतदाताओं सहित सभी के लिए मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उपलब्ध मतदान सामग्री का सही आकलन कर आवश्यकता अनुसार पर्याप्त ईव्हीएम उपलब्ध कराने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## गड्ढों से भरी सड़कों पर सफर करने को मजबूर शहरवासी

**भायंदर।** मीरा-भायंदर शहर की सड़कों की हालत बहुत ही खराब स्थिति में हैं। इन सड़कों पर ध्यान देने वाला कोई दिखाई नहीं दे रहा है। मनपा प्रशासन यहां पर सड़क मरम्मत के बिल तो बना रही है,इसके बावजूद शहर में गड्ढों की भरमार है। फाटक रोड़ से लेकर काशिमीरा रोड़ के अलावा शहर के गली-गली में यहीं हाल है। इन गड्ढों भरी सड़कों से रोज सफर करना यहां के लोगों की आदत बन चुकी है। विधानसभा चुनाव के पहले सड़कों में गड्ढों का मुद्दा मुख्य मुद्दा था। विधानसभा चुनाव के बाद अब यह सिर्फ मुद्दा ही रह गया है। किसी भी पक्ष के लोगों का इस मुद्दे पर ध्यान नहीं है। शहर के लोगों का कहना है कि सभी दलों के लोगों को इस मुद्दे से कोई लेना देना नहीं है। चुनाव के पहले इसी मुद्दे पर यही नेता लोग एक दूसरे पर आरोप लगा रहें थे,सड़कों पर उतर कर इन गड्ढों को भरने का नाटक किया जा रहा था।

# मनपा स्कूल में पंखा गिरने से छात्रा हुई घायल

**मुंबई।** मानखुर्द स्थित चीता कैंप क्षेत्र में ट्रांबे पुलिस स्टेशन के पास मनपा की शहाजीराजे उर्दू स्कूल में बड़ी दुर्घटना होते होते बचे। स्कूल में सुबह योग सत्र के दौरान छत से पंखा गिरने से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब स्कूल के सभागार में योग अभ्यास चल रहा था। सूत्रों के अनुसार यह सभागार खतरनाक स्थिति में है और अब तक उसकी मरम्मत नहीं की गई है। इस घटना से मनपा स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। मनपा प्रशासन द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और स्कूलों का स्तर सुधारने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जाती हैं और करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। मुफ्त शिक्षा और अन्य सुविधाओं के कारण कई माता-पिता अपने बच्चों को इन स्कूलों में भेजते हैं,लेकिन वर्तमान में मनपा की कई स्कूलों की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। करीब तीन से चार साल पहले करोड़ों रुपए खर्च कर शहाजीराजे उर्दू स्कूल का मरम्मत किया गया था। स्कूल के भूतल पर स्थित सभागार में पानी की लीकेज हो रहा है। जून महीने में इसी सभागार में कुछ दिनों तक कक्षाएं चलाई गई थीं। यह स्थान योग कक्षा के लिए भी उपयोग में लाया जाता है। योग सत्र के दौरान छत से पंखा गिरा और उसकी पंखी आठवीं कक्षा की एक छात्रा के माथे पर लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा को पास के शहाजीनगर चीता कैंप नर्सिंग होम में ले जाया गया, अस्पताल में डॉक्टर न होने के कारण कंपाउंडर ने प्राथमिक उपचार किया और फिर उसे मनपा के सायन अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। स्कूल की कई कक्षाओं की खिड़कियों और दरवाजे टूटे हुए हैं, जिससे बच्चों को चोट लगने का खतरा बना हुआ है। पीने के पानी के लिए मौजूद जल शुद्धिकरण यंत्र भी खराब है। सफाई व्यवस्था के लिए नियुक्त संस्था के कर्मचारी केवल खुले क्षेत्र की सफाई करते हैं जबकि स्कूल में चपरासी न होने के कारण कक्षा की सफाई विद्यार्थी स्वयं करते हैं।

# ठगी करने वाले सायबर गिरोह के छह आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** पश्चिम प्रादेशिक सायबर पुलिस ने एक ठगी का खुलासा करते हुए, अंतरराज्यीय सायबर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कंपनी का डायरेक्टर बताकर पैसे अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। यह गिरोह खुद को कंपनी का वरिष्ठ अधिकारी बताकर वाट्सअप के माध्यम से संपर्क करता था और कर्मचारियों से धोखे से करोड़ों रुपए वसूल करता था। यह मामला 12 से 15 अप्रैल के बीच का है,जब एक नामांकित कंपनी में कार्यरत अधिकारी से वाट्सअप पर मैसेज के जरिए संपर्क किया गया। आरोपी ने खुद को कंपनी का डायरेक्टर बताया और कर्मचारी से आईसीआईसीआई बैंक खाते में 1.93 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवाए। जांच में सामने आया कि इस खाते के साथ राष्ट्रीय सायबर क्राइम पोर्टल पर 11 और मामलों की शिकायतें दर्ज हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या:** SrDEE-G-R-OTP-25-26-09 दिनांक: 01.07.2025
**कार्य का नाम:** रायपुर मंडल में इलेक्ट्रिक (जी) कार्य - ओवरहेड रखरखाव कार्यों के लिए ट्रक/MUV माउंटेड स्काई लिफ्टर को एक वर्ष की अवधि हेतु किराए के आधार पर लेना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 13,74,894/-. **ईएमडी:** ₹ 27,500/-. **निविदा प्रस्तुति:** दिनांक **04.08.2025** के **11:30** बजे तक।
विस्तृत विवरण / निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं कार्य के पूर्ण विवरण हेतु Sr.DEE/G/R, एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-RS&G, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर**
PR/R/Sr DEE/RS&G/PC/92
South East Central Railway @secrail

Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
|---|---|---|
| 12th July, 2025 | 06:30 PM | Pune |

Venue: Atlantis Events & Party Venue, Sacred World Mall, Vitthal Rao Shivarkar Rd, Wanwadi, Pune, Maharashtra - 411040.
Name: Shubhangi Gupta | Mob. No.: 9136007135
Nippon Life India Asset Management Limited | CIN : L65910MH1995PLC220793
Good gets better
Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

# पार्किंग के दौरान कार से टकराई सीनियर सिटीजन महिला

**मुंबई।** माटुंगा इलाके में सड़क हादसे में 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला जयाबेन शांतीलाल पारेख की मृत्यु हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब जयाबेन अपनी बहन से मिलने के लिए घर से निकली थी और भाउ दाजी रोड स्थित हब टाउन हार्मनी बिल्डिंग के बाहर अपने दोस्त का इंतजार कर रही थीं।

पीड़ित महिला के बेटे मनोज पारेख (53), गारमेंट कपड़ो के व्यवसायी हैं, उन्होंने बताया कि उनकी मां घर से निकली थीं। करीब 3:45 बजे छोटे भाई धर्मेंद्र पारेख का फोन आया कि बिल्डिंग के नीचे मां का एक्सीडेंट हो गया है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। मनोज तुरंत सायन अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान जयाबेन को मृत घोषित कर दिया।

### अस्पताल में इराज के दौरान मृत्यु

हादसे के बाद मौके पर मौजूद कार चालक मनोहर तिरुपती लड्डक (39), नेरुल स्थित सीवुड इलाके का निवासी है, उसने बताया कि वह अपनी महिंद्रा XUV700 कार पार्क कर रहा था, तभी वह नियंत्रण खो बैठा और कार सीधा जयाबेन से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला कार के अगले पहिये के नीचे आ गई। मनोज पारेख ने आरोप लगाया है कि कार चालक की लापरवाही और लापरवाह गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने माटुंगा पुलिस थाने में आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
**निविदा सूचना**

कक्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक, वरिष्ठ क्षेत्रीय सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, कारवार की ओर से, भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) के माध्यम से कोंकण रेलवे के कारवार क्षेत्र में 19 समपार फाटकों (एलसी गेट संख्या - 33, 34, 35, 36, 49बी, 51,55, 57, 59, 60, 68, 70, 72, 73, 80, 84, 86, 87 एवं 88) पर मैकेनिकल लिफ्टिंग बैरियर (एमएलबी) के स्थान पर इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर (ईएलबी) लगाने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या: केआर-एंडडब्ल्यूआर-एसजी-ईटी-2025-06, दिनांक 11.07.2025. कार्य की लागत:** रु. 86,92,950/- (जीएसटी सहित)। **बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 01.08.2025 को 15:30 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ क्षेत्रीय सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर कार्यालय, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, शिरवाड, कारवार-581306 (कर्नाटक राज्य) से संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें: **www.ireps.gov.in**

# खुले नाले के ढक्कन दे रहे मौत को दावत

### मानसून से पहले होनी थी मरम्मत




**विरार।** वसई-विरार शहरों में खुले और टूटे हुए नालों के ढक्कन मानसून के आगमन से नागरिकों के लिए एक गंभीर खतरा बन गए हैं। कई जगहों पर नालों के ढक्कन या तो टूट चुके हैं या पूरी तरह से गायब हैं,जिससे पैदल चलने वालों और खासकर बच्चों के लिए दुर्घटना का जोखिम बढ़ गया है। नागरिकों का आरोप है कि महापालिका प्रशासन इन कथित उपेक्षाओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है,जबकि पहले भी ऐसी घटनाओं में लोगों की जान जा चुकी है।

**बदहाल सीवर व्यवस्था: एक बड़ा खतरा:** शहर भर में गंदे पानी की निकासी के लिए विस्तृत सीवर प्रणाली मौजूद है,जिसमें नौ वार्डों में कुल 70.68 किलोमीटर लंबी सीवर लाइनें और उन पर लगभग 1 लाख 10 हजार 87 ढक्कन लगे हुए हैं। हालांकि,इन ढक्कनों की खराब हालत चिंता का विषय बनी हुई है। कई स्थानों पर ढक्कन टूटे हुए हैं और कुछ जगह तो वे पूरी तरह से गायब हैं,जिससे खुले गड्ढे मौत के जाल में बदल गए हैं। पहले भी खुले सीवर में गिरने से नागरिकों और बच्चों की मौत की दर्दनाक घटनाएं सामने आ चुकी हैं और कई लोग घायल भी हुए हैं। इन सबके बावजूद,नागरिकों का कहना है कि वसई-विरार शहर महानगरपालिका अभी भी अपनी गहरी नींद से जागी नहीं है।

**चोरी की समस्या और प्रशासन का खोखला दावा**

नालों के ढक्कनों की चोरी एक और बड़ी समस्या है। लोहे और सीमेंट के ढक्कन, यहां तक कि नए लगाए गए ढक्कन भी,चोरों द्वारा निशाना बनाए जा रहे हैं। नालासोपारा पूर्व के शिरडीनगर,आचोले डोंगरी, संतोष भवन, बिलालपाड़ा, धानीव, गलानगर लिंक रोड जैसे कई इलाकों में नालों के ढक्कन खुले पड़े हैं। हाल ही में नालासोपारा पूर्व के नागिनदास पाड़ा में सड़कों पर नाले उफान पर बह रहे थे और स्थानीय निवासियों ने एक व्यक्ति के खुले सीवर में गिरने की घटना सामने आई थी। नागरिकों की शिकायतों के जवाब में, महानगरपालिका ने दावा किया है कि उन्होंने नौ वार्डों में टूटे हुए ढक्कनों का सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। एक महानगरपालिका अधिकारी ने बताया, "सर्वेक्षण के बाद, हम इन इलाकों की मरम्मत करेंगे जहां ढक्कन टूटे हुए हैं।" हालांकि, नागरिक इस दावे को महज एक खानापूर्ति मान रहे हैं और तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

मुख्य अभियंता (भवन अनुरक्षण) विभाग
क्र. : कार्य. अभि./एचक्यू/1843/अनु. दि. 10 जुलाई 2025

लघु ई-निविदा सूचना (पुनः आमंत्रण)

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (बी.एम.) |
| उप विभाग | ई.ई. (एच.क्यू.) |
| विषय | फोर्ट हेरिटेज प्रीसिंक्ट, मुंबई में विभिन्न विरासत स्मारकों और प्रतिमाओं के नियमित एवं समग्र अनुरक्षण हेतु त्रिवार्षिक अनुरक्षण अनुबंध. |
| बोली क्र. | 2025_एमसीजीएम_1176023 |
| कार्य की अनुमानित लागत | (आइटम दर) |
| ई.एम.डी. रु. में | रु. 2,08,000/- |
| बोली आरंभिक तिथि एवं समय | 11.07.2025 को 10.00 बजे |
| बोली समाप्ती तिथि एवं समय | 17.07.2025 को 10.00 बजे |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | श्री संजय गोलतकर/श्री सुदर्शन शिरसाठ |
| लैंड लाइन क्र. | 022 227540909 |
| मोबाइल नं. | 09869442457/7738227389 |
| ईमेल | 3879579@mcgm.gov.in/ 4390439@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय), प्रभारी
पीआरओ/962/विज्ञा./2025-26
जहां तक संभव हो घर पर तैयार ताजे खाद्य पदार्थ ही खायें

**पनवेल महानगरपालिका**

पनवेल महानगरपालिका मार्फत सन २०२५-२६, २०२६-२७ व सन २०२७-२८ च्या कालावधी करिता विविध कार्यक्रमांची जनजागृती करणे कामी बॅनर/होर्डिंग छपाई करणे कामी जाहिर ई-निविदा प्रसिध्द करुन दर निश्चित करणे बाबत. सदर निविदा तपशील www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर आहे.
जा. क्र. पमपा/भांडार/४५२५/प्र.क्र. /५३७/२०२५
दिनांक : १०/०७/२०२५
सही/-
(गणेश शेटे)
अतिरिक्त आयुक्त
पनवेल महानगरपालिका

**महावितरण** **ई - निविदा सूचना**

महावितरण तर्फे अधीक्षक अभियंता (स्था),स्थापत्य मंडल कार्यालय पुणे अंतर्गत अनुभवी कंत्राटदारांकडुन कोल्हापूर सं व सु मंडल अंतर्गत जयसिंगपूर विभागातील विविध कार्यालयांना टेबल व कपाट बनविणे व पुरवठा करणे बाबत महावितरणमधील नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून निविदा क्र. T-13/2025-26 साठी ऑनलाईन निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदर निविदा महावितरणच्या संकेतस्थळावर (https://etender.mahadiscom.in/eatApp) **दि.11.07.2025 ते 17.07.2025 पर्यंत 13.00 Hrs वाजेपर्यंत** खरेदीसाठी उपलब्ध आहेत व **दि.17.07.2025 रोजी दुपारी 15:00 Hrs** वाजेपर्यंत स्वीकारण्यात येतील. निविदासंदर्भात अधिक माहितीसाठी उपकार्यकारी अभियंता (स्था) स्थापत्य मंडल, पुणे यांच्या **भ्रमणध्वनी क्र. 7875767813 वर संपर्क साधावा.** निम्नस्वाक्षरीकार यांनी कुठलेही कारण न देता सर्व निविदा स्वीकारणे अथवा रद्द करण्याचा अधिकार राखून ठेवलेला आहे. निविदेबाबत काही मुदतवाढ, पुनःनिविदा किंवा शुद्धी पत्रकाबाबत फक्त संकेतस्थळावरील "Announcements" कळविण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.
**PRO No. PZ-090/2025-26** अधीक्षक अभियंता (स्था), स्थापत्य मंडल पुणे

# चुनाव आयोग का बिहार मॉडल

बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी का चुनाव आयोग और भाजपा पर हमलावर होना और साथ ही बिहार बंद के बहाने विपक्ष का एकजुट होना, कहीं न कहीं एनडीए सरकार की नींद उड़ाने का काम कर रहा है। दरअसल देखा जाए तो राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से साफ-साफ कह दिया है कि आयोग का काम, भाजपा का काम करने का नहीं बल्कि संविधान की रक्षा करने का है और आयोग अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल गाधी ने कहा- चुनाव आयोग, मैं आपको साफ बोल रहा हूं। मैं बिहार और हिन्दुस्तान की जनता को स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार का चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया, इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों के वोट को छीनने का तरीका है। बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के बुलाए पर बिहार बंद और चक्काजाम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पटना में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, पप्पू यादव समेत कई विपक्षी नेता शामिल रहे। इस मौके पर जहां विपक्ष ने अपनी एकजुटता दिखाई तो वहीं राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को घेरने का काम किया। राहुल ने साफ-साफ चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा कि आयोग का काम भाजपा के लिए काम करना नहीं बल्कि संविधान के अनुसार चलने का है। बिहार में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और भाजपा को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा ने चुनाव आयोग की सांठगांठ से चुनाव जीतने नहीं बल्कि चोरी करने की कोशिश की और अब भाजपा उसी तर्ज पर बिहार का चुनाव भी चोरी करने की फिराक में है और हम ऐसा होने नहीं देंगे। मैं आपको साफ बताना चाहता हूं कि यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है लेकिन इनको पता नहीं है कि ये बिहार है और बिहार की जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। इस कार्यक्रम के लिए पटना में महागठबंधन दल के सभी घटक दल के बड़े नेताओं का जुटान हुआ। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आयोजन में शामिल हुए। विपक्ष के सभी नेताओं ने आयकर गोलंबर से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक मार्च किया। राहुल गांधी ने राजद, कांग्रेस, वाम दल और वीआइपी नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा, महाराष्ट्र के बाद अब बिहार में चुनाव आयोग हमारे मतदाताओं की चोरी कर रहा है। पहले इन्होंने महाराष्ट्र में जनादेश छीना, अब बिहार की बारी है। इनका तरीका नया है मगर साजिश पुरानी है। जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। महागठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है। लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन जीतकर आया जबकि विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन बुरी तरह हार गया। उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस गंभीर विषय पर काम शुरू किया। हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में मतदान किया। आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए। एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए। गरीबों के वोट काटे गए। जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, तब चुनाव आयोग ने एक शब्द नहीं कहा। राहुल गांधी बोले कि हमने चुनाव आयोग से कहा कि कानून कहता है कि हमें वोटर लिस्ट दी जाए लेकिन आज तक महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट हमें नहीं मिली। वे सच्चाई छिपाना चाहते हैं। यही खेल वे बिहार में भी करना चाहते हैं। मैं बिहार की जनता से कहता हूं कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार चुनाव भी चोरी करने की कोशिश की जा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत बंद को मोदी सरकार के खिलाफ 'जनआक्रोश' करार दिया। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। इस क्रम में विपक्ष ने बिहार बंद के जरिये अपनी लड़ाई को सड़क तक पहुंचा दिया है। चुनाव आयोग के इस कदम को लेकर राहुल गांधी के साथ ही तेजस्वी यादव भी बिहार बंद शामिल हो गए हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने अनुच्छेद 326 को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया है। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि बिहार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से यह सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र लोग इसमें शामिल हों। चुनाव आयोग द्वारा कहा गया है कि लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं के लिए निर्वाचनों का वयस्क मताधिकार के आधार पर होना लोक सभा और प्रत्येक राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है और ऐसी तारीख को, जो समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस निमित्त नियत की जाए, कम से कम अठारह वर्ष की आयु का है और इस संविधान या समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्तविकृति, अपराध या भ्रष्ट या अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा निरर्हित नहीं कर दिया जाता है, ऐसे किसी निर्वाचन में मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने का हकदार होगा। इससे पहले बिहार की मतदाता सूची का जिक्र करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में जो भी व्यक्ति एक जनवरी 2003 की मतदाता सूची में है, उसे संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत प्राथमिक दृष्टिकोण से योग्य माना जाएगा। दूसरे शब्दों में, जिन लोगों के नाम उस सूची में हैं, उन्हें कोई कागज जमा करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग जल्द ही 2003 की बिहार मतदाता सूची को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*पप्पू, पप्पू बन गए, हुए कन्हैया फेल*
*नहीं चढ़ सके मंच पर, ना चल सकी गुलेल*
*ना चल सकी गुलेल, तेल पर तेल लगाए*
*तेजस्वी की चाल, अभी तक समझ न पाए*
*कह सुरेश कविराय बनाया सबको पप्पू*
*एक मंच पर यार, रहेगा एकइ पप्पू*

# अरुणाचल प्रदेश की सीमा के निकट 'पानी का बम'

> अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना गंभीर चिंता का विषय है। वे कहते हैं कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वे क्या कर सकते हैं। चीन से सैन्य ख़तरे को अलग रखते हुए, मुझे लगता है कि यह किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है, जो हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका के लिए अस्तित्व का ख़तरा पैदा करने वाला है





अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू बार-बार दोहरा रहे हैं कि अरुणाचल प्रदेश की सीमा के निकट चीन द्वारा बनाया जा रहा विशाल बांध एक "पानी का बम" होगा, जो अस्तित्व के लिए खतरा होगा तथा सैन्य खतरे के अलावा किसी भी अन्य मुद्दे से बड़ा मुद्दा होगा। मंगलवार को एक साक्षात्कार में खांडू ने कहा कि ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम यारलुंग त्सांगपो नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि चीन अंतरराष्ट्रीय जल संधि पर हस्ताक्षरकर्ता नहीं है जो उसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने के लिए मजबूर कर सकती थी। वे आगे कहते है कि दरअसल मुद्दा यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वे क्या कर सकते हैं। चीन से सैन्य ख़तरे को अलग रखते हुए, मुझे लगता है कि यह किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। यह हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका के लिए अस्तित्व का ख़तरा पैदा करने वाला है। यह काफ़ी गंभीर है क्योंकि चीन इसका इस्तेमाल एक तरह के 'वॉटर बम' के रूप में भी कर सकता है। मुद्दा यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वे कब क्या करेंगे। चीन से सैन्य खतरे के अलावा, मुझे लगता है कि यह किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। यह हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा करने वाला है। यह काफी गंभीर मुद्दा है क्योंकि चीन इसका इस्तेमाल एक तरह के 'वॉटर बम' के रूप में भी कर सकता है। गौरतलब है कि यारलुंग सांगपो बांध के नाम से जानी जाने वाली इस बांध परियोजना की घोषणा चीन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ली केकियांग द्वारा 2021 में सीमा क्षेत्र का दौरा करने के बाद की गई थी।खबरों के अनुसार, चीन ने 137 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली इस पंचवर्षीय परियोजना के निर्माण को 2024 में मंजूरी दी थी। इससे 60,000 मेगावाट बिजली उत्पादन होने का अनुमान है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत बांध बन जाएगा। खांडू का कहना है कि अगर चीन ने अंतरराष्ट्रीय जल संधि पर हस्ताक्षर किए होते, तो कोई समस्या नहीं होती क्योंकि जलीय जीवन के लिए बेसिन के निचले हिस्से में एक निश्चित मात्रा में पानी छोड़ना अनिवार्य होता। उन्होंने कहा कि असल में, अगर चीन अंतरराष्ट्रीय जल-बंटवारे समझौतों पर हस्ताक्षर करता, तो यह परियोजना भारत के लिए वरदान साबित हो सकती थी। इससे अरुणाचल प्रदेश, असम और बांग्लादेश में, जहां ब्रह्मपुत्र नदी बहती है, मानसून के दौरान आने वाली बाढ़ को रोका जा सकता था। लेकिन चीन ने इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, और यही समस्या है... मान लीजिए कि बांध बन गया और उन्होंने अचानक पानी छोड़ दिया, तो हमारा पूरा सियांग क्षेत्र नष्ट हो जाएगा। खास तौर पर, आदि जनजाति और उनके जैसे अन्य समूहों को... अपनी सारी संपत्ति, जमीन और विशेष रूप से मानव जीवन को विनाशकारी प्रभावों का सामना करते देखना पड़ेगा। मुख्यमंत्री कहना है कि इसी वजह से भारत सरकार के साथ विचार-विमर्श के बाद अरुणाचल प्रदेश सरकार ने सियांग ऊपरी बहुउद्देशीय परियोजना नामक एक परियोजना की परिकल्पना की है, जो रक्षा तंत्र के रूप में काम करेगी और जल सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि चीन या तो अपनी तरफ काम शुरू करने वाला है या शुरू कर चुका है। लेकिन वे कोई जानकारी साझा नहीं करते। अगर बांध का निर्माण पूरा हो जाता है, तो आगे चलकर हमारी सियांग और ब्रह्मपुत्र नदियों में जल प्रवाह में काफी कमी आ सकती है।भारत की जल सुरक्षा के लिए, अगर सरकार अपनी परियोजना को योजना के अनुसार पूरा कर पाती है, तो वह अपने बांध से पानी की जरूरतें पूरी कर सकेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर चीन पानी छोड़ता है, तो निश्चित रूप से बाढ़ आएगी, लेकिन इसे नियंत्रित किया जा सकता है। खांडू ने कहा कि इसी वजह से राज्य सरकार स्थानीय आदि जनजातियों और इलाके के अन्य लोगों के साथ बातचीत कर रही है। मुख्यमंत्री ' इस मुद्दे पर और जागरूकता बढ़ाने के लिए जल्द ही एक बैठक आयोजित करने जा रहे है . सरकार केवल विरोध दर्ज करा कर हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती। उन्होंने 'चीन को समझाने की जरुरत है । चूंकि हम चीन को वजह नहीं समझा सकते, इसलिए बेहतर है कि हम अपने रक्षा तंत्र और तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करें क्योकि चीन का बांध हिमालय पर्वतमाला के एक विशाल खड्ड पर बनाया जाएगा, जहां से नदी अरुणाचल प्रदेश में प्रवाहित होने के लिए एक 'यूटर्न' लेती है। भारत के विशेषज्ञों का कहना है कि चीन का यह कदम एक चेतावनी है। भारत को भी हिमालय की नदियों पर जल ढांचे के निर्माण को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानना चाहिए। भारत अरुणाचल प्रदेश में एक बहुउद्देशीय जलाशय बनाने की योजना बना रहा है। यह जलाशय चीन के बांध के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा।चीन ने 2020 में 14वीं पंचवर्षीय योजना में इस मेगा डैम का प्रस्ताव रखा था। हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, यह प्रोजेक्ट ऐसे स्थान पर है जहां भूकंप आ सकते हैं। इससे भारत के निचले इलाकों के लिए 'वाटर बम' का खतरा बना रहेगा। कैनेडियन एनजीओ प्रोब इंटरनेशनल की 2012 की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई थी कि पश्चिमी चीन में बन रहे 130 से ज्यादा बड़े बांध भूकंप और सुनामी का कारण बन सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 98.6% बांध भूकंपीय क्षेत्रों में बनाए जा रहे हैं। चीन ने 2015 में 1.5 बिलियन डॉलर की जम हाइड्रोपावर स्टेशन को चालू कर दिया है, जो तिब्बत का अब तक का सबसे बड़ा है।भारत हमेशा से चीन के बांध निर्माण गतिविधियों को लेकर सशंय में रहा है। चीन अपने बांध निर्माण के बारे में स्पष्ट नहीं रहा है। वह ऐसे प्रोडेक्ट के बारे में जानकारी देने से बचता रहा है। साल 2010 में, कई वर्षों के इनकार के बाद चीन ने आखिरकार स्वीकार किया कि वह ब्रह्मपुत्र पर ज़ंगमु बांध बना रहा है। हालांकि चीन ने पानी के मोड़, जमाखोरी और रिलीज पर भारत की चिंताओं को खारिज कर दिया है, लेकिन यहां के अधिकारियों ने आश्वासनों को संदेह की दृष्टि से लिया है। 2014 में, तत्कालीन मोदी सरकार ने जल संसाधन मंत्रालय से यह सत्यापित करने के लिए कहा था कि क्या ब्रह्मपुत्र पर बनाए गए बांध वास्तव में रन-ऑफ-रिवर (जहां पानी के उपयोग के बाद वापस छोड़ दिया जाता है) या स्टोरेज बांध हैं।

**- अशोक भाटिया**

# आधुनिक युग में रिश्तों की डोर, हो रही दागदार



पिछले दिन इंदौर के राजा रघुवंशी का हनीमून ट्रिप पर जिस तरह बेदर्दी से कत्ल किया गया, वह एक नवविवाहित पत्नी द्वारा अबतक का किया गया जघन्य अपराध था। एक महिला जिसकी दस दिन पहले शादी हुई, वह ऐसे घृणित अपराध को अंजाम दे सकती है, ये सभ्य समाज में समझ से परे है। दरअसल इसमें जिसका सबसे बड़ा कसूर है, वह सोनम के मां- बाप हैं। सोनम के माँ बाप को पता था कि सोनम उसके पिता के कार्यालय में काम करने वाले नौकर से प्रेम करती है। इसके बावजूद उन लोगों ने जबरदस्ती सोनम का विवाह राजा रघुवंशी से इसलिए किया कि वह उनके जाति और समाज का था। आज भी समाज में अपने बिरादरी में शादी करने की नाकाम कोशिश जारी है। आज जब लड़कियाँ जिस तरह हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं, उससे उनके सोच और जीवन शैली में भी परिवर्तन हो रहा है। अब हम पुराने जमाने की तरह लड़कियों को खूंटे से नही बांध सकते। दरअसल प्रेम हर जमाने में होता रहा है। लड़को और लड़कियों में युवा अवस्था में आकर्षण होना स्वाभाविक लक्षण हैं। पहले भी प्यार होता था लेकिन अधिकांश मामलों में जब लड़की की शादी एक जगह हो जाती थी तो वह पुराने प्यार को भुलाकर अपनी नई जिंदगी की शुरूआत अपनी किस्मत को कोसते हुए कर लेती थी। शायद ही कोई लड़का या लड़का ये कहे कि उनके दिल में किसी के लिए चाहत नहीं होगी। स्त्री पुरूष की रचना प्रकृति ने इसीलिए की है कि उनके बीच आकर्षण बना रहे और प्रजनन की क्रिया सदैव चलती रहे। आज जब राजा रघुवंशी का कत्ल हुआ तो लोग उसके पीछे की वजहों को नहीं जानना चाहते। कोई भी लड़की ऐसा कदम क्यूँ उठाने पर मजबूर हुई इसके पीछे के कारणों का विश्लेषण जरूर होना चाहिए। जब सोनम के माता पिता ने सोनम को अपनी मर्जी से शादी नहीं करने दी तो सोनम ने मजबूर होकर ये कदम उठाया। सोनम की शादी तो जरूर हो गई लेकिन उसने अपने पहले प्यार के लिए अपनी पवित्रता बचा कर रखी। वह राजा रघुवंशी के साथ हमबिस्तर नहीं हुई। उसने मन्नत का बहाना बनाकर राजा रघुवंशी से अपने आप से दूर रखा। सोनम ने जिससे प्यार किया, उसके प्रति पूरी तरह समर्पित रही। दरअसल इसमें दोषी सोनम के माँ - बाप है क्योंकि सब जानते हुए भी उन लोगों ने किसी लड़के की जिंदगी की बलि क्यूँ दी। आज के आधुनिक युग में रिश्तों के डोर आसानी से टूटने लगे हैं। सामाजिक मर्यादा नाम की कोई चीज नही रह गई है। हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों को खोते जा रहे हैं। पहले भी कुछ छिट पुट घटनाएं सामने आती थीं लेकिन अब इसमें बहुत ज्यादा बढ़ोतरी होते जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण संयुक्त परिवार का टूटना और एकल परिवार का उदय होना है। एकल परिवारों में भी मोबाईल के कारण व्यक्ति नितांत अकेला होता जा रहा है। ये समाज के लिए चिंता का विषय है। बहुत से रिश्तों के मायने ही खत्म होते जा रहे हैं। पहले हरेक परिवार में तीन चार बच्चे जरूर होते थे और उनसे ही आगे के रिश्तों का जन्म होता था। अगर परिवार में एक लड़का या एक लड़की हो तो बहुत से रिश्तों का नाम ही मिट जाता है। मामा, बुआ, मौसी, चाचा, नाना, दादा, दादी, नानी आदि रिश्ते पूरी तरह खत्म हो जाते हैं। पहले तीन चार बहने या भाई होते थे तो बहुत सी समस्याओं का समाधान आपस में ही बातचीत से निपट जाता था। आज बच्चों में एक दूसरे का दुखड़ा सुनने वाला कोई अपना नहीं है। समाज एक उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। समाज में एक नई चेतना जागृत करने की आवश्यकता है। आज जब हम लड़कियों को शिक्षित कर रहे हैं तो उनको भी अपने हिसाब से जीवनसाथी चुनने की छूट होनी चाहिए। अब हम जात पात का बंधन किसी पर नही थोप सकते हैं। केवल होना ये चाहिए कि अपने बच्चों को इतना जागरूक बना दें कि वे अपने बारे में बेहतर फैसला ले सकें। आज सारी दुनिया एक ग्लोबल मार्केट में तब्दील हो गई है जिससे कोई अछूता नही रह गया है। अब किसी देश में कुछ होता है तो उससे दूसरा देश अछूता नही रह सकता। अब युद्ध की स्थिति में सिर्फ दो देश युद्ध नही करते बल्कि उनके साथ और भी देश बेवजह प्रभावित हो जाते हैं। अब हमें व्यापक स्तर पर सभी चीजों को देखने की आवश्यकता है। बेहतर ये हो कि लड़का हो या लड़की, शादी के मामले में किसी तरह का दबाब अभिभावक के स्तर पर नही होना चाहिए। अगर सोनम के माँ बाप सोनम पर दबाब नही डालते तो राजा रघुवंशी की जान कदापि नहीं जाती। बेवजह एक लड़की को गुनाह करने पर मजबूर होना पड़ा। छोटी सी भूल ने एक व्यक्ति की जान ले ली और उसके कत्ल में पाँच गुनाहगार पैदा कर दिए। वास्तव में छह जिंदगी तबाह हो गई। समाज को ये मानसिकता बदलनी होगी कि लड़की घर की इज्ज़त होती है। इस भ्रम से समाज को निकलना ही होगा वरना इस तरह के जुर्म समाज में होते रहेंगे।

**- डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी**

# 'ग्लोबल ज्ञान का देसी ठेकेदार'

हम भारतीयों में एक खास किस्म की अंतरराष्ट्रीय आत्मा पायी जाती है। हम अमेरिका की स्वास्थ्य नीति, फ्रांस के किसान आंदोलन, इजराइल-गाजा संघर्ष, यूक्रेन-रूस युद्ध, और यहां तक कि अफ्रीका के जंगलों में मर रहे गैंडे तक पर इतनी गहराई से चर्चा कर लेते हैं कि CNN और BBC वाले भी जल-भुन जाते होंगे। असल बात ये है कि इन मुद्दों पर असली ज्ञान तो हम जैसे ग्लोबल ज्ञानी ही देते हैं वरना सीएनएन और बीबीसी की क्या बिसात जो कोई जानकारी पता लगा लें। हमारे इस अद्भुत देश में हर गली, हर नुक्कड़, हर चाय की दुकान पर कम से कम दो "विदेश नीति विशेषज्ञ" जरूर मिल जाते हैं। इनके ज्ञान की सीमा इतनी व्यापक होती है कि संयुक्त राष्ट्र (UN) के स्थायी सदस्य भी शर्मा जाएं। यह ज्ञान आमतौर पर 'टी स्टॉल थिंक टैंक' से निकलता है, जहां एक कप चाय और परचून की दुकान वाला रेडियो मिलकर पूरी अंतरराष्ट्रीय राजनीति की बुनियाद रख देते हैं। इन्हें अमेरिका के इलेक्शन में धांधली की खबर होती है, ब्राज़ील के जंगलों में लगी आग की चिंता होती है, चीन की GDP की चाल पता होती है, और अफगानिस्तान में महिलाओं की हालत पर गहरा दुख भी। हमारे देश में रहकर, विदेश के हर मुद्दे, हर समस्या पर ज्ञान देने वाले ग्लोबल ज्ञानी, सभी चौक-चौराहों पर पाए जाते हैं। सोशल मीडिया का युद्धक्षेत्र हो या, आफिस का कार्यक्षेत्र, हर जगह कुछ ग्लोबल ज्ञानी विराजमान रहते हैं। वे बताते हैं कि जर्मनी में शिक्षा मुफ्त है, नॉर्वे में जेलें होटल जैसी होती हैं, जापान में ट्रेनें सेकंड भर भी लेट नहीं होतीं, और स्विट्ज़रलैंड में बच्चे टैक्स की परिभाषा लेकर पैदा होते हैं। चाइना टेक्नॉलजी में अमेरिका से आगे है। ईरान- इजरायल युद्ध में अब ईरान का नामोनिशान मिट जाएगा। यूक्रेन से रूस क्यों नहीं जीत पा रहा है? ऐसे ही एक ग्लोबल ज्ञानी हमारे पड़ोस में भी पाए जाते हैं। गोवर्धन पंडित। एकदम गोवर्धन पहाड़ जैसे ज्ञान के शिखर पर पहुंचे हुए। एकाएक रास्ते में टकरा गए। मैंने पूँछा, अरे पंडिज़्जी कहाँ भागे जा रहे? वो बोले- क्या बताऊँ भाई, बच्चे के एड्मिशन के लिए स्कूल-स्कूल चक्कर लगा रहा हूँ। सब लाखों की फीस मांग रहे। मैंने कहा- हाँ, महंगाई बहुत बढ़ गई है। वो तुरंत बोले- महंगाई- वहँगाई कुछ नहीं। सब लूट है। आपको पता है, भूटान में पूरी शिक्षा फ्री है। जिसको जितना भी पढ़ना हो, सरकार पूरा खर्च उठाती है। मैंने पूँछा- आप तो धनी आदमी हैं। आपको क्या परेशानी, लाख दो लाख देने में? वो बोले- अभी पिछले महीने पिताजी बीमार हुए थे, उनके इलाज में प्राइवेट हास्पिटल ने 3-4 लाख रुपये चूस लिए। बहुत महंगा है प्राइवेट इलाज कराना। मैंने सहमति में सिर हिलाते हुए कहा- हाँ वो तो है। तभी वो ज्ञान देने वाली मुद्रा में बोले- आपको पता है? भूटान में इलाज भी बिल्कुल मुफ़्त है। कोई प्राइवेट मेडिकल स्टोर तक नहीं होता। सबको सिर्फ सरकारी हास्पिटल में इलाज मिलता है। मैंने पूंछा- पंडितजी! जब आपको इतना पता है तो अपने देश में मुफ़्त शिक्षा और मुफ़्त स्वास्थ्य की मांग सरकार से क्यों ना की जाए?

**- मनोज जानी**

आज का कार्टून




साभार

# कनेक्टिविटी के इस युग में अकेलापन बन रहा महामारी

कनेक्टिविटी के इस युग में अकेलापन एक महामारी के रूप में पैर पसार रहा है। हालात इस हद तक पहुंच चुके हैं कि दुनिया का हर छठा व्यक्ति अकेलेपन से जूझ रहा है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामाजिक जुड़ाव आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दुनिया भर में 6 में से 1 व्यक्ति अकेलेपन का शिकार है। अकेलेपन से हर घंटे अनुमानित 100 मौतें होती हैं, यानि सालाना 8 लाख 71 हजार से ज़्यादा मौतों का कारण अकेलापन है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मज़बूत सामाजिक जुड़ाव, बेहतर स्वास्थ्य और लंबी ज़िंदगी की ओर ले जा सकते हैं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस के अनुसार इस युग में जब जुड़ने की संभावनाएं अनंत हैं अधिक से अधिक लोग खुद को अलग थलग और अकेला पा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार अकेलापन सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है, खासकर युवाओं और निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहने वाले लोगों को। 13-29 वर्ष की आयु के 17.21 प्रतिशत व्यक्तियों ने खुद को अकेलापन से प्रभावित बताया। इसमें किशोरों में सबसे अधिक दर थी। कम आय वाले देशों में लगभग 24 फीसदी लोगों ने बताया कि वे अकेलापन के शिकार हैं। उच्च आय वाले देशों में लगभग 11 प्रतिशत की दर पाई गई है। डब्ल्यूएचओ के सह अध्यक्ष चिडो मपेम्बा के अनुसार डिजिटल रूप से जुड़ी दुनिया में भी कई युवा लोग अकेलापन महसूस करते हैं। जैसे.जैसे तकनीक हमारे जीवन को नया आकार दे रही है, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह मानवीय संबंधों को मजबूत करे न कि कमजोर करे। रिपोर्ट से पता चलता है कि खराब स्वास्थ्य, कम आय और शिक्षा, अकेले रहना, अपर्याप्त सामुदायिक बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक नीतियां और डिजिटल प्रौद्योगिकियां अकेलेपन के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। रिपोर्ट युवा लोगों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर अत्यधिक स्क्रीन समय या नकारात्मक ऑनलाइन बातचीत के प्रभावों के बारे में सतर्कता की आवश्यकता को रेखांकित करती है। सामाजिक संबंध जीवन भर स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं। यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम कर सकता है, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकता है और समय से पहले मृत्यु को रोक सकता है। यह सामाजिक ताने.बाने को भी मजबूत कर सकता है जिससे समुदायों को स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक समृद्ध बनाने में योगदान मिलता है। इसके विपरीत अकेलापन और सामाजिक अलगाव स्ट्रोक, हृदय रोग, मधुमेह, संज्ञानात्मक गिरावट और समय से पहले मृत्यु के जोखिम को बढ़ाता है। यह मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है, अकेले रहने वाले लोगों में अवसाद होने की संभावना दोगुनी होती है। अकेलेपन से चिंता और खुद को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या के विचार भी आ सकते हैं। इसका प्रभाव सीखने और रोजगार तक फैला हुआ है। अकेलेपन को महसूस करने वाले किशोरों में कम ग्रेड या योग्यता प्राप्त करने की संभावना 22 प्रतिशत अधिक थी। अकेले रहने वाले वयस्कों को रोजगार पाना या बनाए रखना कठिन हो सकता है और समय के साथ उनकी कमाई कम हो सकती है। सामुदायिक स्तर पर अकेलापन सामाजिक सामंजस्य को कमजोर करता है और उत्पादकता और स्वास्थ्य देखभाल में अरबों डॉलर खर्च करता है। मजबूत सामाजिक बंधन वाले समुदाय आपदाओं के जवाब में भी सुरक्षित, स्वस्थ और अधिक लचीले होते हैं। सामाजिक संपर्क पर डब्ल्यूएचओ आयोग की रिपोर्ट में वैश्विक कार्रवाई के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा दी गई है जिसमें पांच प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया- नीति, अनुसंधान, हस्तक्षेप, बेहतर माप (एक वैश्विक सामाजिक संपर्क सूचकांक विकसित करना शामिल है), और सार्वजनिक जुड़ाव। सामाजिक कनेक्शन पर डब्ल्यूएचओ आयोग के सह अध्यक्ष और संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति ने कहा कि इस रिपोर्ट में हम अपने समय की एक परिभाषित चुनौती के रूप में अकेलेपन और अलगाव पर से पर्दा हटाते हैं। हमारा आयोग इस बात के लिए एक रोड मैप तैयार करता है कि हम कैसे अधिक जुड़े हुए जीवन का निर्माण कर सकते हैं और स्वास्थ्य, शैक्षिक और आर्थिक परिणामों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ सकता है।

**- पुनीत उपाध्याय**

# सभी पुणेकर संपत्ति धारकों को 40% कर में दी जाए छूट

विधायक हेमंत रासने की विधानसभा में मांग

**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

पुणे महानगरपालिका फिलहाल केवल उन संपत्तियों को 40 प्रतिशत संपत्ति कर में छूट देती है, जिनमें मूल मालिक स्वयं निवास करता है। लेकिन यदि उक्त संपत्ति में किरायेदार रह रहा हो तो यह छूट रद्द कर दी जाती है। इस व्यवस्था को अनुचित बताते हुए कसबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमंत रासने ने बुधवार को विधानसभा में मांग की, कि हर संपत्ति धारक को बिना भेदभाव के 40% कर छूट प्रदान की जाए।




नगर विकास विभाग की पूरक मांगों पर चर्चा के दौरान बोलते हुए रासने ने कहा कि कसबा विधानसभा क्षेत्र पुणे शहर का पुराना ग्राम क्षेत्र है, जहां अनेक पुराने वाडे स्थित हैं। लेकिन UCDPR नियमावली में निर्धारित एक मीटर साइड मार्जिन की बाध्यता के कारण इन वाडों के पुनर्विकास में भारी अड़चनें आ रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन नियमों में तत्काल शिथिलता देकर पुराने वाडों का पुनर्विकास संभव बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही रासने ने मेट्रो के TOD झोन में ट्रैफिक प्लान, TDR प्रक्रिया, निर्माण अनुमति व पुनर्विकास नियमों में त्वरित सुधार कर SOP जारी करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि जहां पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका क्षेत्र में केवल दो माह में TDR स्वीकृत होता है, वहीं पुणे में इसके लिए दो वर्ष तक का समय लग जाता है, जो विकास में विलंब का बड़ा कारण है। रासने ने यह भी कहा कि कसबा क्षेत्र में 44 शासकीय वसाहतें (सरकारी कॉलोनियां) अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं और निधियों की कमी के चलते उनका पुनर्विकास ठप पड़ा है।

## ऑनलाइन कर भरने पर 4% की छूट

**पिंपरी।** पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका ने संपत्ति करदाताओं के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। जो नागरिक 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 के बीच ऑनलाइन माध्यम से संपत्ति कर भरेंगे, उन्हें सामान्य कर पर 4 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जिन संपत्ति धारकों ने अब तक कर का भुगतान नहीं किया है, उनसे अपील की गई है कि वे तुरंत ऑनलाइन भुगतान कर इस छूट का लाभ उठाएं। इससे पहले, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 30 जून 2025 तक ऑनलाइन कर भरने वालों को महापालिका ने 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी थी, जिसका लाभ 3 लाख 37 हजार संपत्ति धारकों ने उठाया। अब जिन लोगों ने इस पहली छूट का लाभ नहीं लिया, वे आगामी तिथि तक भुगतान कर 4% की छूट प्राप्त कर सकते हैं। महापालिका द्वारा ऑनलाइन भुगतान को प्रोत्साहन देने की नीति के चलते डिजिटल करदाताओं की संख्या में बीते वर्षों में लगातार वृद्धि हो रही है।

> "पिंपरी चिंचवड महापालिका की कर वसूली प्रक्रिया में पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। ऑनलाइन करदाताओं की बढ़ती संख्या नागरिकों के भरोसे का प्रमाण है। जिन्होंने अब तक कर नहीं भरा है, वे तुरंत ऑनलाइन भुगतान कर 4% छूट का लाभ लें।"
> – प्रदीप जांभले पाटील, अतिरिक्त आयुक्त

# रुबी हॉल किडनी रैकेट मामले की जांच में तेजी

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक आज

**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

रुबी हॉल क्लिनिक में कथित अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट मामले की जांच में अब तेजी आई है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा गठित 10 सदस्यीय जांच समिति की अहम बैठक आज मुंबई में आयोजित की गई है। बैठक में पुणे शहर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी व संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। राज्य शासन ने दिनांक 3 सितंबर 2024 को लिए गए निर्णय के तहत, बॉम्बे हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संदीप शिंदे की अध्यक्षता में यह समिति गठित की थी। अब जांच के अगले चरण के तहत यह बैठक आरोग्य सेवा आयुक्तालय, मुंबई के 6वें मंजिल स्थित कार्यालय में प्रातः 11 बजे होगी। आरोग्य सेवा, पुणे मंडल के उपसंचालक व सचिव रुचरम द्वारा दिनांक 7 जुलाई 2025 को जारी पत्र के अनुसार, अपर पुलिस आयुक्त (प्रशासन) संजय पाटील, सहायक पुलिस आयुक्त (गुन्हे शाखा-02) राजेंद्र मुळीक, व पुलिस हवलदार सैदोबा भोजराव को संबंधित दस्तावेजों सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के पश्चात संबंधित अधिकारी अनुपालन रिपोर्ट पुणे पुलिस आयुक्तालय को सौंपेंगे। यह मामला राज्यभर में खलबली मचाने वाला साबित हुआ था। इसमें निजी अस्पतालों की नैतिकता, अवैध आर्थिक लेनदेन और स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों पर गंभीर सवाल उठे हैं। जांच निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है।



### किडनी रैकेट केस में 15 लोगों पर केस दर्ज

कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन में इस मामले में अब तक 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें मरीज, उनके परिजन, रुबी हॉल क्लिनिक के डॉक्टर और प्रबंधन से जुड़े लोग शामिल हैं। यह शिकायत आरोग्य सेवा मंडल के उपसंचालक डॉ. संजोग सीताराम कदम द्वारा दी गई थी।

# गुरुपूर्णिमा पर पुणे में दिखी श्रद्धा की लहर

## विभिन्न मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**पुणे।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर पुणे शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्री. लक्ष्मीबाई दगडूशेठ हलवाई दत्त मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। मंदिर परिसर गुरुकृपा के भाव में डूबा रहा।



भवानी पेठ स्थित आचार्य गुरु श्री शांतीसुरीश्वरजी महाराज जैन मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। जैन समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन हेतु पहुंचे। ओम गुरु मंत्र का जप करते हुए श्रद्धालु गुरु चरणों में नमन कर रहे थे। श्री अक्कलकोट स्वामी समर्थ मंदिर, भवानी पेठ में भी गुरुपूर्णिमा के अवसर पर भक्तों की बड़ी भीड़ जमा हुई। वहीं शिवाजीनगर के जुना तोफखाना क्षेत्र स्थित गुरु साई बाबा मंदिर में "ओम साईराम" की गूंज के साथ भक्तजन भक्ति में लीन नजर आए। गुरुवार पेठ के नाकोडा भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प.पू. प्रवर्तिनी विदुषी सा. श्री संवरगुणश्रीजी म.सा. ने गुरुपूर्णिमा का महत्व व्याख्यान के माध्यम से बताया। उन्होंने कहा, "शरीर को पवित्र करती है गंगा, आत्मा को पवित्र करता है सद्गुरु।

# आयकर कार्यालय के सामने लोक जनशक्ति पार्टी का धरना प्रदर्शन

**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से बुधवार को पुणे के साधु वासवानी चौक स्थित आयकर विभाग कार्यालय के सामने जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। यह आंदोलन सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें ताली, थाली और देसी वाद्ययंत्रों के माध्यम से प्रशासन की लापरवाही का विरोध किया गया। यह आंदोलन आयकर विभाग की इन्कम टैक्स इंफॉर्मेंट रिवॉर्ड स्कीम 2018 के तहत इंफॉर्मेंट कोड जारी न किए जाने और दी गई सूचनाओं की अनदेखी के खिलाफ था। पार्टी के पुणे शहर एवं जिला अध्यक्ष संजय अल्हाट ने बताया कि "हमने समय-समय पर कर चोरी करनेवाले व्यक्तियों और कंपनियों के बारे में सटीक जानकारी विभाग को दी, लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए हमें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।"



धरने में पूर्व सहायक पुलिस आयुक्त मिलिंद गायकवाड, के.सी. पवार, अमर पुणेकर, कल्पना जावळे, नारायण भिसे, रणजीत सोनावळे, राहुल उभे समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन सरकार विरोधी नहीं है, बल्कि भ्रष्ट और कामचोर अधिकारियों के खिलाफ है। "यह लड़ाई देशहित में है," ऐसा वक्तव्य उन्होंने दिया। पार्टी का कहना है कि प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय के अधिकारी मोहित जैन, पीयूषकुमार सिंह यादव, संदीप प्रधान और आनंद उपाध्याय के पास बार-बार शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। पार्टी ने केंद्र सरकार से इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही पार्टी ने यह भी सवाल उठाया कि 2018 से अब तक कितने इंफॉर्मेंट कोड जारी हुए, वर्तमान अधिकारियों ने कितने कोड जारी किए और इन कोड्स के माध्यम से कितना आयकर वसूला गया – इस संबंध में जब जानकारी मांगी गई तो उसे टाल दिया गया, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका और भी प्रबल हो गई है। पार्टी ने मांग की है कि इन्कम टैक्स इंफॉर्मेंट्स रिवॉर्ड स्कीम 2018 को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इस आंदोलन के चलते आयकर विभाग के प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ गए हैं और अब आम नागरिक भी इस मामले की जांच की मांग कर रहे हैं।

# लाड-पागे समिति व अनुकंपा नीति के तहत 40 वारिसों को पिंपरी-चिंचवड महापालिका में नियुक्ति

**पिंपरी।** पिंपरी-चिंचवड महापालिका में लाड-पागे समिति की सिफारिशों और अनुकंपा नियुक्ति नीति के अंतर्गत 40 वारिसों को नौकरी दी गई है। यह जानकारी महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक श्री शेखर सिंह ने दी। महाराष्ट्र राज्य की सभी नगरपरिषद, नगरपंचायत और महानगरपालिकाओं में सफाई और 'ड' वर्ग के कर्मचारियों के लिए लाड-पागे समिति की सिफारिशें लागू की गई हैं। इसके तहत यदि कोई सफाई या 'ड' वर्ग का कर्मचारी स्वेच्छा से सेवानिवृत्त होता है, चिकित्सकीय कारणों से अयोग्य घोषित होता है या सेवा में रहते हुए उसकी मृत्यु हो जाती है, तो उसके वारिस को वारसात के आधार पर नियुक्ति देने का प्रावधान किया गया है। इसी के तहत पिंपरी-चिंचवड महापालिका में नियुक्तियां दी गई हैं। इस अवसर पर सह आयुक्त मनोज लोणकर ने भी नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी दी और नए कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।



# मकोका व हत्या के प्रयास में फरार दो कुख्यात अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

मकोका व हत्या के प्रयास जैसे संगीन अपराधों में पिछले छह महीनों से फरार चल रहे दो कुख्यात अपराधियों को खडकी पुलिस ने एक फिल्मी अंदाज में पीछा कर गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुणे शहर के खडकी पुलिस थाने द्वारा दर्ज अपराध क्रमांक 44/2025 के तहत की गई। गिरफ्तार आरोपियों के नाम राजेश उर्फ दाद्या नवनाथ घायाळ (निवासी: दादा कॉम्प्लेक्स, डॉल्फिन चौक, अपर बिबवेवाडी) और करण सुरेश जाधव (निवासी: पड्याळ वस्ती, बोपोडी, पुणे) हैं।



इन पर मकोका व हत्या के प्रयास का गंभीर आरोप है। इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, सहायक पुलिस आयुक्त विठ्ठल दबडे (सहकारी) ने खडकी पुलिस थाने की क्राइम ब्रांच टीम को इन फरार आरोपियों की तलाश के आदेश दिए थे। इसके तहत वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दिलीप फुलपगारे (सहकारी) व अपराध निरीक्षक दत्तात्रय बागवे ने टीम के साथ जांच की दिशा तय की। तलाशी के दौरान सहायक पुलिस निरीक्षक चौगले के नेतृत्व में पुलिस कर्मी अनिकेत भोसले ने तकनीकी कौशल का उपयोग कर आरोपियों के नवीनतम मोबाइल नंबरों का पता लगाया। इसके बाद उनकी गतिविधियों पर गहन नजर रखी गई। अपराधियों ने लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा देने की कोशिश की, लेकिन टीम ने हार नहीं मानी। एक महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर पुलिस जवान आबा केदारी, सुधाकर राठोड व ऋषिकेश दिघे की सहायता से एक सुनियोजित जाल बिछाया गया।

# पुणे इलेक्ट्रिक एसोसिएशन के शिविर में 122 लोगों ने किया रक्तदान

**पुणे।** पुणे इलेक्ट्रिक एसोसिएशन (तपकिर गली) द्वारा आयोजित शिविर में 122 लोगों ने रक्तदान किया। साधु वासवानी मिशन के मेडिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा संचालित इनलक्स और बुधरानी अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से तपकिर गली स्थित पुणे इलेक्ट्रिक एसोसिएशन सभागार में आयोजित इस शिविर को लोगों का उत्साहपूर्ण समर्थन मिला। पुणे इलेक्ट्रिक एसोसिएशन (तपकिर गली) के अध्यक्ष सुरेश जेठवानी, उपाध्यक्ष हरेश कुकरेजा, सचिव हेमंत शाह, सहसचिव दीपक बाधवानी और सचिन तलरेजा, कोषाध्यक्ष मंजीत धूपर, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश शाह, विजय दासवानी, मुकेश जेठवानी, शीतल ओसवाल, रवि सलूजा, भूषण भोमावत आदि उपस्थित थे। नीलेश तेजवानी की संकल्पना पर पिछले तीन वर्षों से यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सुरेश जेठवानी ने कहा, "पुणे इलेक्ट्रिक एसोसिएशन (तपकिर गली), इलेक्ट्रिकल व्यापारियों का एक संगठन है, जो 1990 से संचालित है।



# राज्य उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा एक व्यक्ति पर एमपीडीए के तहत की गई कार्रवाई

**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

जिलाधिकारी जितेंद्र डुडी के आदेशानुसार राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने एमपीडीए (महाराष्ट्र प्रतिबंधक निगरानी अधिनियम) के अंतर्गत एक व्यक्ति पर स्थानबद्ध (डिटेंशन) की कार्रवाई करते हुए उसे नाशिक के केंद्रीय कारागृह में भेजा है। यह जानकारी पुणे राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के अधीक्षक अतुल कानडे ने दी। पुरंदर तालुका निवासी दिनेश पांडुरंग तांबे लगातार अवैध हाथभट्टी शराब का उत्पादन कर उसे बेचते हुए पाए गए। उनके इस अवैध और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कार्य को देखते हुए उपविभागीय दंडाधिकारी, पुरंदर द्वारा महाराष्ट्र दारूबंदी अधिनियम की धारा 93 के तहत उन्हें दो वर्षों के लिए अच्छे आचरण का बॉन्ड भरवाया गया था।




हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने अपनी गतिविधियों में सुधार नहीं किया और फिर से मानव स्वास्थ्य के लिए घातक रसायनों के निर्माण में लिप्त पाए गए। उनके खिलाफ महाराष्ट्र दारूबंदी अधिनियम, 1949 के तहत विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए। इसके आधार पर राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के भरारी पथक क्र. 2 की ओर से जिलाधिकारी कार्यालय को एमपीडीए के अंतर्गत प्रस्ताव भेजा गया, जिसे जिलाधिकारी ने मंजूर करते हुए दिनेश तांबे को एक वर्ष के लिए स्थानबद्ध करने का आदेश दिया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोजगार मेले का आयोजन अब 13 जुलाई को

## पहले 15 जुलाई को लगना था रोजगार मेला




**पुणे।** कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग, पुणे पुलिस आयुक्तालय तथा हरिभाई वी. देसाई कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाने वाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोजगार मेला अब 15 जुलाई के बजाय 13 जुलाई 2025, रविवार को सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। यह मेला हरिभाई वी. देसाई महाविद्यालय, 596, बुधवार पेठ, शनिवारवाड़ा के पीछे, पुणे में होगा। जिला कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र के प्र. सहायक आयुक्त सागर मोहिते ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी दी है कि कुछ प्रशासनिक कारणों से रोजगार मेले की तारीख में बदलाव किया गया है। इस रोजगार मेले में पुणे जिले के औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न उद्यमियों ने 2000 से अधिक रिक्त पदों की जानकारी दी है। ये पद 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा धारक, प्रशिक्षु (ट्रेनी) जैसी विभिन्न योग्यताओं वाले उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट www.rojgar.mahaswayam.gov.in पर जाकर संबंधित पदों के लिए आवेदन करें।

> **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
> जिला कौशल विकास, रोजगार व उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र,
> पता: 481, रास्ता पेठ, सरदार मुदलियार रोड, पुणे-411001
> दूरभाष: 020-26133606
> नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है।

# प्रेमी ने प्रेमिका का धोखे से कराया गर्भपात

## रबड़ी में मिलाकर खिला दी गर्भपात की गोली



**पुणे।** जिले के हिंजवड़ी से यौन शोषण का एक गंभीर मामला सामने आया है। जहां एक इंजीनियर युवक ने अपनी प्रेमिका का धोखे से गर्भपात कर दिया। उसने रबड़ी में गर्भपात की गोलियां मिलाकर जबरन गर्भपात करा दिया। पीड़िता की शिकायत पर हिंजवड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़िता पेशे से इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर है। उसने पुलिस से शिकायत में बताया कि उसकी आरोपी आदर्श वाल्मीक मेश्राम से कॉलेज के दिनों से जान-पहचान थी। दोनों का प्रेम संबंध 2018 से चल रहा था। आदर्श पुणे की एक निजी आईटी कंपनी में इंजीनियर है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी आदर्श ने कई बार शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि जब भी शादी की बात आती, वह टाल-मटोल करता रहा। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 2024 में एक होटल में आदर्श ने उसका यौन शोषण किया। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। 23 जून 2025 को आदर्श के जन्मदिन पर पीड़िता यवतमाल से पुणे आई थी। इस दौरान आदर्श के मोबाइल में अन्य लड़कियों से रिश्तों के सबूत मिले, जिससे उसे ठगा हुआ महसूस हुआ। वह पहले ही गर्भवती हो चुकी थी, लेकिन जब उसने शादी की बात की तो आदर्श ने साफ इंकार कर दिया।

# संशोधन में समस्याएं ही बनती हैं अवसर : प्रो. डॉ. एन. पी. पाधी

**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

"संशोधकों के लिए समस्याएं ही अवसर होती हैं। इतिहास जितने भी बड़े आविष्कार हुए हैं, वे किसी न किसी जटिल समस्या को हल करने के लिए ही हुए हैं। आज भारत के कोने-कोने से प्रतिभाशाली संशोधक सामने आ रहे हैं, जो जटिल विषयों पर काम कर रहे हैं। यह आवश्यक है कि भारत को प्रगति के लिए देश की अग्रणी संस्थाएं एकजुट होकर कार्य करें।" - ऐसा विचार मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर के निदेशक प्रो. डॉ. एन. पी. पाधी ने व्यक्त किया। वे एमएनआईटी जयपुर और एमआईटी आर्ट, डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी (एमआयटी एडीटी), पुणे के बीच हुए सामंजस्य करार (MoU) के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा प्राध्यापकगण उपस्थित थे। इस ऐतिहासिक समझौते के तहत दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, छात्र एवं संकाय विनिमय, तथा नवाचार से जुड़े कई कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में एमएनआईटी के डीन ऑफ रिसर्च प्रो. डॉ. लव भार्गव, एमआयटी एडीटी के कुलगुरु प्रो. डॉ. राजेश एस., प्रो. कुलगुरु डॉ. मोहित दुबे, डॉ. रामचंद्र पुजेरी, कुलसचिव डॉ. महेश चोपडे, अनुसंधान निदेशक डॉ. वीरेंद्र भोजवानी, विद्यार्थी कल्याण विभाग निदेशक डॉ.सुराज भोयर सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे। एमआयटी एडीटी विश्वविद्यालय के कार्याध्यक्ष प्रो. डॉ. मंगेश तुकाराम कराड ने इस अवसर पर कहा, "यह समझौता केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत के परिवर्तन की दिशा में सामूहिक ज्ञान निर्माण का एक महत्वपूर्ण कदम है।"




# कोथरुड के राजपूत ईंटभट्टी क्षेत्र में मिसिंग लिंक का समाधान

**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

कोथरुड विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। एरंडवणे से होकर नदी किनारे शहर की ओर जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण अब सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इस पहल के पहले चरण में राजपूत ईंटभट्टी परिसर का रास्ता चौड़ा और सुगम बन चुका है, जिससे स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। राज्य के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री तथा कोथरुड के लोकप्रिय विधायक ना. चंद्रकांतदादा पाटील ने इस मिसिंग लिंक के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए। उन्होंने मनपा आयुक्त और संबंधित विभागों के साथ नियमित बैठकें कर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।



### स्थानीय सहभाग से मिला बड़ा सहयोग:

महापालिका ने राजपूत ईंटभट्टी क्षेत्र में चौड़ीकरण के पहले चरण में स्थानीय नागरिकों से संवाद कर सहयोग मांगा। नागरिकों ने भी सकारात्मक भूमिका निभाई, जिससे आवश्यक भूमि हस्तांतरण संभव हुआ और 8 मीटर का रास्ता अब 12 मीटर चौड़ा बनकर तैयार हो गया है।

> - 8 मीटर चौड़ा मार्ग अब 12 मीटर चौड़ा
> - चंद्रकांतदादा पाटील की अथक मेहनत लाई रंग

### यातायात सुगम, नागरिकों को बड़ी राहत:

इस चौड़ीकरण से न केवल मार्ग सुगम हुआ है, बल्कि कोथरुड क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को भी काफी राहत मिली है। यह काम क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में एक अहम उपलब्धि मानी जा रही है।

### दादा ने सभी का जताया आभार:

ना. चंद्रकांतदादा पाटील ने इस कार्य में योगदान देने वाले महापालिका प्रशासन, स्थानीय नागरिकों एवं पूर्व नगरसेवकों का विशेष आभार प्रकट किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष मार्ग का चौड़ीकरण कार्य भी जल्द ही पूर्ण किया जाएगा।

# सासवड की प्राजक्ता ने पास की सीए की परीक्षा

**सासवड।** सासवड (ता. पुरंदर) की प्राजक्ता विराज जगताप-कुरुलकर ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की बेहद कठिन परीक्षा पास कर ली है। मई 2025 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करके उन्होंने अपनी योग्यता से सभी को प्रभावित किया। प्राजक्ता ने सासवड स्थित श्री शिवाजी शिक्षण प्रसारक मंडल के अंग्रेजी माध्यम स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने अखिल भारतीय गणित और विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में भारत में तीसरा स्थान प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा 10 में, उन्होंने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 92.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने अपनी कॉलेज की शिक्षा आर. ए. पोद्दार कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स, माटुंगा (मुंबई), मुंबई से प्राप्त की। कक्षा 12 में, उन्होंने 88.90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सीए के कठिन सफर में, उन्होंने पहले ही प्रयास में फाउंडेशन और इंटरमीडिएट, दोनों परीक्षाएँ पास कर लीं। उन्होंने मुंबई के एम.पी. चितले फोर्ट स्थित एक सीए फर्म में तीन साल की आर्टिकलशिप पूरी की।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड ऑफिस नं. 12, अ और ब, सी.टी.एस. नं. 40/1, बी 2, संगम प्रोजेक्ट फेस 1, डॉ आंबेडकर रोड, आर.टी.ओ के पास पुणे-411001, से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबर: 020-26059198 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# अवैध धर्मांतरण पर ताबड़तोड़ एक्शन

## योगी सरकार ने अब तक 16 को दिलाई सजा

महानगर संवाददाता
लखनऊ

योगी सरकार की अवैध धर्मांतरण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। योगी सरकार के निर्देश पर पिछले आठ वर्षों में यूपी पुलिस, एसटीएफ और एटीएस दो दर्जन से अधिक अवैध धर्मांतरण गिरोहों के सरगना और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेल चुकी है। वहीं, अभियोजन विभाग द्वारा कोर्ट में प्रभावी पैरवी, वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पिछले आठ वर्षों में अवैध धर्मांतरण में लिप्त 16 आरोपियों को सजा दिलायी गई। इनमें से 12 आरोपियों को आजीवन कारावास और 4 आरोपियों को 10 वर्ष के कारावास की सजा दिलाई गई। इसके साथ ही कोर्ट द्वारा आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में धार्मिक-सामाजिक एकता बनाए रखने और जनसंख्या संतुलन को बिगाड़ने वाली साजिशों को विफल करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अवैध धर्मांतरण के सरगनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि अभियान ने न केवल अवैध धर्मांतरण की गहरी जड़ों को उजागर किया, बल्कि संगठित धर्मांतरण गिरोहों की कमर तोड़ दी है। डीजीपी ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश भर में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेला गया है। यह आरोपी उत्तर प्रदेश के साथ दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और हरियाणा में भी सक्रिय थे। इनका मकसद बहुसंख्यक आबादी में धार्मिक असंतुलन पैदा कर देश की जनसांख्यिकी को बदलना और शांति को भंग करना था। यह लोग गिरोह के संचालन के लिए इस्लामिक दावा सेंटर (आईडीसी) जैसे केंद्रों का उपयोग करते थे, जहां गरीब, असहाय, दिव्यांग और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को बहला-फुसलाकर, नौकरी, इलाज, शादी और पैसे के लालच से अवैध धर्मांतरण कराया जाता था। वहीं कुछ अभियुक्तों को प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से प्रेरित भी पाया गया है।



### इन आरोपियों को दिलाई गई सजा

1. मोहम्मद उमर गौतम
2. मौलाना कलीम सिद्दीकी
3. काज़ी जहांगीर आलम कासमी
4. इरफान शेख उर्फ इरफान खान
5. सरफराज अली जाफरी
6. कौशर आलम
7. फराज बाबुल्लाह शाह
8. अब्दुल्ला उमर
9. धीरज गोविंद राव जगताप
10. सलाउद्दीन जैनुद्दीन शेख
11. प्रसाद रामेश्वर कांवरे उर्फ आदम
12. अर्सलान मुस्तफा उर्फ भूप्रिय बंदो
13. मोहम्मद सलीम
14. राहुल भोला
15. मन्नू यादव
16. कुणाल अशोक चौधरी

### 450 से ज्यादा अवैध धर्मांतरण के प्रमाण पत्र बरामद

डीजीपी ने बताया कि अभियान में दबोचे गए आरोपियों ने अवैध धर्मांतरण का सुनियोजित नेटवर्क तैयार कर रखा था। इनके कब्जे से 450 से अधिक अवैध धर्मांतरण प्रमाण-पत्र और भारी मात्रा में विदेशी फंडिंग के दस्तावेज बरामद हुए थे। अवैध धर्मांतरण के लिए पीड़ितों पर मानसिक दबाव बनाया जाता था, उन्हें इस्लाम अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता था और बाद में उन्हें रैली और वीडियो के ज़रिए मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर प्रचारित किया जाता था। इनमें से कई आरोपियों के खाते में एफसीआरए के बिना विदेशी चंदा आया था, जिसे उन्होंने अवैध धर्मांतरण की गतिविधियों में इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं योगी सरकार द्वारा अवैध धर्मांतरण के आकाओं और उनके सहयोगियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कोर्ट में प्रभावी पैरवी की गयी।

### आरोपियों को दिलाई गई कठोर सजा

अभियोजन विभाग के डीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि अवैध धर्मांतरण में लिप्त आरोपियों को कोर्ट के जरिये सजा दिलाने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन और प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की गई। इसी का परिणाम है कि पिछले आठ वर्षों में अवैध धर्मांतरण में लिप्त आकाओं और उनके सहयोगियों को आजीवन कारावास के साथ अर्थदंड की सजा दिलायी गयी। इनमें से 12 आरोपियों को आजीवन कारावास और 4 को 10 वर्षों की कठोर सजा सुनाई गई है। साथ ही कोर्ट द्वारा आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया।

# जनता बोली– 3 घंटे आ रही है बिजली
# ऊर्जा मंत्री हाथ उठाकर बोले– जय श्रीराम

### AK शर्मा का चमत्कारी जवाब

महानगर संवाददाता
लखनऊ/सुल्तानपुर

उत्तर प्रदेश में भीषण बिजली कटौती से आम जनता बेहद परेशान है। हालात यह हैं कि कई इलाकों में दिन में सिर्फ तीन से चार घंटे ही बिजली मिल रही है। इसी बीच प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा का एक वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर हलचल मचा रहा है, जिसमें जनता की बिजली संबंधित शिकायत पर उन्होंने जवाब देने की बजाय जय श्रीराम, जय बजरंगबली का जयकारा लगाते हुए अपनी गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए हैं। घटना बुधवार की बताई जा रही है, जब ऊर्जा मंत्री एके शर्मा जौनपुर से सुल्तानपुर जा रहे थे। रास्ते में सूरापुर कस्बे में व्यापारियों ने उन्हें रोककर बिजली कटौती की शिकायत की। व्यापारियों ने बताया कि कस्बे में सिर्फ तीन घंटे बिजली दी जा रही है और SDO ने बोर्ड लगाकर बिजली का समय तक तय कर दिया है कि 11 से 3 बजे तक ही बिजली मिलेगी।

जब व्यापारियों ने ज्ञापन देकर बिजली व्यवस्था सुधारने, सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने, पुराने तार बदलने और बाजार फीडर को गांव फीडर से अलग करने की मांग की, तो मंत्री जी ने पहले तो हाथ जोड़कर ठीक है ठीक है, देखते है कहा। और फिर जय श्रीराम-जय हनुमान का जयकारा लगाते हुए गाड़ी में बैठकर मौके से चले गए। वहीं आम आदमी पार्टी ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि यह यूपी के ऊर्जा मंत्री और प्रधानमंत्री मोदी के खास एके शर्मा जी हैं। जनता बिजली कटौती से बेहाल होकर अपनी पीड़ा सुना रही है, और मंत्री जी समस्या सुनकर 'जय श्रीराम' कहते हुए गाड़ी में बैठकर भाग निकले।

यूपी कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में भयंकर बिजली कटौती हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे में सिर्फ 3 घंटे बिजली आ रही है, प्रदेश की जनता विद्युत कटौती से परेशान है। विद्युत व्यवस्था बदहाल है, लेकिन भाजपा सरकार सिर्फ मंचों से विद्युत आपूर्ति के दावे कर रही है। पिछले 10 सालों में ना तो योगी सरकार ने कोई नया विद्युत उत्पादन प्लांट लगाया। ना ही विद्युत सप्लाई व्यवस्था का प्रबंधन संभाल पा रही। उल्टे प्रदेश के लोगों की नौकरियां और भविष्य को दांव पर लगाकर विद्युत विभाग को निजीकरण में ले जाया जा रहा है। निजीकरण से सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाना चाह रही है, जनता बीजेपी सरकार से पीड़ित और आजिज हो चुकी है।



### क्या सिर्फ जयकारे से दूर होगी अंधेरे की पीड़ा?

वहीं इस वायरल वीडियो ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या उत्तर प्रदेश सरकार बिजली संकट की गंभीरता को समझ रही है? सूरापुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीके अग्रहरि विजय ने बताया कि हमने चार सूत्रीय मांग पत्र दिया, लेकिन मंत्री जी ने समस्या को नजरअंदाज किया और कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया। बता दें, प्रदेश में इस समय जबरदस्त गर्मी और उमस का मौसम है, ऐसे में लगातार बिजली कटौती आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। उद्योग, व्यापार और घरेलू जीवन पर असर पड़ रहा है।

# सुल्तानपुर में उदासीन संगत आश्रम की संपत्ति बेचने का विवाद

## सपा नेता पर आरोप, DM ने दिए जांच के आदेश

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में उदासीन संगत आश्रम मंदिर की करोड़ों की संपत्ति बेचने का मामला सामने आया है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने डीएम को पत्र लिखकर शिकायत की है। डीएम ने पत्र का संज्ञान लेते हुए एसडीएम बिपिन द्विवेदी को जांच के लिए मौके पर भेजा है। कोतवाली नगर क्षेत्र के लखनऊ नाका पर स्थित उदासीन संगत आश्रम मंदिर की संपत्ति लगभग 25 करोड़ रुपये की है। इस संपत्ति में कई किरायेदार दशकों से रह रहे हैं। आरोप है कि सपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि उर्फ राजू चौधरी और उनके परिवार ने फर्जी तरीके से स्वामी बनकर इस संपत्ति को बेचना शुरू कर दिया है। इस संपत्ति का एक हिस्सा पहले ही बेचा जा चुका है। संतोष कुमार और लोकनाथ ने एक दुकान और मकान का बैनामा खालसा लाउडस्पीकर सेंटर के मालिक सरदार जगदीप सिंह के नाम कर दिया है। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला मंत्री मंजू सागर कसौधन ने जिलाध्यक्ष को लिखित शिकायत की है। इस शिकायत पर सतवंत कौर, भगवंत कौर, दिलीप कुमार और हरजीत कौर के हस्ताक्षर हैं। सपा नेता ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उनकी राजनीतिक छवि खराब करने के लिए झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

### गाजीपुर के लिए खुशखबरी!

# डीटी ब्रांच लाइन से तारीघाट तक कार्गो ट्रेन चलेगी

## अब रेल हादसों में आएगी कमी

महानगर संवाददाता
गाजीपुर

उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के लिए अच्छी खबर सामने आई है। रेल मंत्रालय ने डीटी ब्रांच लाइन से तारीघाट तक 24 किमी लंबे रेल रूट पर कार्गो ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस फैसले से स्थानीय लोगों में उत्साह है। इसको लेकर रेलवे अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। इसकीं तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अधिकारियों के अनुसार सोनवल से दिलदारनगर जंक्शन तक 17 किमी रेल रूट की पैकिंग का काम शुरू हो गया है। पहले चरण में रेल लाइन के दोनों ओर ब्लास्ट डाला जा रहा है। ब्लास्ट डालने का काम पूरा होने के बाद एमएफआई ट्रैक टैंपिंग मशीन से पैकिंग शुरू होगी। रेल मंत्रालय ने जुलाई के अंत तक यह काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। पैकिंग के बाद अगस्त से पैसेंजर ट्रेनें 50 किमी प्रति घंटा और कार्गो ट्रेनें 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी। अभी पैसेंजर ट्रेनें 30 से 35 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही हैं।



रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कार्गो ट्रेन के संचालन से दिल्ली से हावड़ा के बीच मेन लाइन पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। इससे मेल एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें निर्बाध गति से चल सकेंगी। कार्गो ट्रेन शुरू होने से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। किसान और व्यापारी अपने उत्पाद देश की किसी भी मंडी में ले जाकर मुनाफा कमा सकेंगे। सुरक्षा के लिए रेलवे दिलदारनगर जंक्शन से तारीघाट तक 17 किमी रूट पर लाइन के दोनों ओर फेंसिंग की योजना बना रहा है। इससे रेल हादसों को रोका जा सकेगा। पीडब्लूआई दिलीप कुमार ने बताया कि कार्गो ट्रेन संचालन की तैयारियां चल रही हैं। लाइन की पैकिंग और फेंसिंग का काम तेजी से हो रहा है।

# हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना 'ऑपरेशन सिंदूर' कांवड़

## आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की दिखी नई झलक

**मेरठ।** सावन माह में कांवड़ यात्रा केवल श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक नहीं रही, अब यह सामाजिक संदेशों और राष्ट्रीय एकजुटता का मंच भी बनती जा रही है। इस बार मेरठ की सड़कों पर जो कांवड़ सबसे अधिक चर्चा में है, वह है 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर आधारित विशेष कांवड़, जिसे हिंदू-मुस्लिम युवाओं ने मिलकर तैयार किया है। यह कांवड़ एक ओर धार्मिक आस्था का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यह आतंकी घटनाओं के खिलाफ देश की एकजुटता और साहस का प्रतीक बनकर उभरी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष तीर्थयात्रियों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उसी घटना को केंद्र में रखते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की भावना इस साल की कांवड़ यात्रा में देखने को मिल रही है।

मेरठ कैंट के सदर नया बाज़ार निवासी गौरव पिछले सात दिनों से इस विशेष कांवड़ को तैयार करने में जुटे हैं। गौरव अकेले नहीं हैं, इस कार्य में उनके साथ कई मुस्लिम युवक भी जुड़े हैं। मस्जिद के इमाम शाहनवाज़ ज़माली खुद इस पहल में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, धर्म की राह इंसानियत से होकर जाती है। आतंक के खिलाफ हमारी एकजुटता ही देश की ताकत है।

इस कांवड़ की बनावट बेहद खास है। इसकी ऊंचाई 10 फुट और चौड़ाई 12 फुट रखी गई है। कांवड़ में भारत के राफेल और अन्य लड़ाकू विमानों की तस्वीरें लगाई गई हैं, जिससे यह प्रतीक बने कि जब देश पर हमला होता है तो हर धर्म, हर समुदाय एकजुट होकर उसका जवाब देता है। कारीगर नीरज धमेजा, जो इस कांवड़ को आकार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, कहते हैं, यह केवल एक कांवड़ नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे साझा गुस्से और दर्द की अभिव्यक्ति है। इसमें धर्म के बीच की दीवारें टूट रही हैं और इंसानियत की नींव मजबूत हो रही है।

इस विशेष कांवड़ को हरिद्वार से लाकर मेरठ के प्रसिद्ध औघड़नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। वहीं, इस पूरी यात्रा के दौरान यह कांवड़ जहां-जहां से गुजरेगा, वहां लोगों के बीच देशभक्ति, भाईचारे और एकता का संदेश भी देगा। आज जब समाज में नफरत फैलाने की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे उदाहरण उम्मीद की किरण हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' कांवड़ ना केवल सावन की भक्ति को दर्शा रही है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है कि आतंकवाद का जवाब केवल सरकार नहीं, पूरा समाज मिलकर देगा- जाति-धर्म से ऊपर उठकर, एकजुट होकर।

# जौनपुर में ऑटो-बाइक की टक्कर में तीन की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर-रायबरेली राजमार्ग पर भवानीपुर मोड़ के पास बुधवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल एक युवती सहित तीन लोगों की देर रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, बुधवार की शाम को एक सवारी ऑटो चालक मछलीशहर से सवारी भरकर सिकरारा की तरफ जा रहा था। भवानीपुर मोड़ के पास दो युवतियां ऑटो से उतरीं। एक युवती दूसरी को सड़क पार कराने के लिए साथ जाने लगी। अभी वह दोनों सड़क पार कर रही थीं कि तभी सिकरारा की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार सौरभ गौड़ (25) निवासी मछलीशहर ने एक युवती श्वेता कुमारी (25) को तेज धक्का मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइकर युवती से भिड़ने के बाद ऑटो में लड़ा और सड़क पर गिर पड़ा। दुर्घटना में युवती श्वेता के साथ ऑटो में बैठे रामपाल चौहान (58) भी घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां देर रात इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। थानाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज कर विधिक कार्रवाई करने में जुट गई।

# मुजफ्फरनगर में कांवड़ियों का हंगामा

## बाइक सवार से टकराव के बाद मारपीट और तोड़फोड़

महानगर संवाददाता
मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर में एक बार फिर कांवड़ यात्रा के दौरान हंगामे की तस्वीर सामने आई है। गुरुवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली जा रहे कांवड़ियों की एक टोली जब शिव चौक पहुंची, तभी एक बाइक सवार की बाइक एक कांवड़िए से टकरा गई। इससे गुस्साए कांवड़ियों ने बाइक सवार पर डंडों से हमला कर दिया और उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत पहुंचकर बाइक सवार को भीड़ से छुड़ाया और मामला शांत कराया।

इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कांवड़िए बाइक सवार की पिटाई और बाइक तोड़ते नजर आ रहे हैं, वहीं बाइक सवार भी हेलमेट से पलटवार करता दिख रहा है।

दिल्ली के रहने वाले एक कांवड़िए प्रशांत ने बताया कि इससे पहले भी कई बार बाइक कांवड़ियों के कलश से टकरा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन से बार-बार रोड बंद करवाने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि बाइक सवार ने गंगाजल में टक्कर मारी, जिससे जल खंडित हो गया। घटना पर सीओ सिटी राजू कुमार साव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

# मेरठ में बारिश और भूकंप के दौरान गिरा पेड़

## बाइक सवार बच्ची की मौत, पिता गंभीर घायल

**मेरठ।** मेरठ में बारिश और भूकंप के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। किला परीक्षितगढ़ रोड पर एक बड़ा पेड़ अचानक बाइक पर गिर गया, जिससे बाइक पर सवार ढाई साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार दोपहर की है, जब क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी और उसी समय भूकंप के झटके भी महसूस किए गए। चश्मदीदों के अनुसार, भूकंप के कंपन के दौरान पेड़ सड़क की ओर झुका और गिर गया, ठीक उसी समय बाइक वहां से गुजर रही थी।



घायल पिता को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। परिवार पर इस हादसे से गहरा सदमा टूटा है। मासूम बच्ची की मौत ने हर किसी को भावुक कर दिया है।

# युवतियों को बेचने वाला गिरोह बेनकाब

### पुलिस ने दो युवकों को दबोचा, कई राज्यों में फैला जाल

**लखनऊ।** यूपी से किशोरियों और युवतियों को बहला फुसलाकर ले जाना और फिर उन्हें राजस्थान, हरियाणा समेत अन्य प्रदेशों में बेचने वाले गिरोह का लखनऊ के कृष्णानगर पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लड़कियों को 50 हजार रुपये में बेचते थे। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक गिरफ्तार आरोपितों में मध्य प्रदेश के सहडोल जिले के प्रजापति मोहल्ले में स्थित दुर्गा मंदिर के पास का रहने वाला डब्बू साहू उर्फ संतोष है। वह कुछ समय से प्रयागराज के धूमनगंज में जीटीबी रोड नयापुरवा भावापुरा में रह रहा था। इसके अलावा राजस्थान के अजमेर कृष्णा कालोनी का मनीष भंडारी है। पुलिस उपायुक्त क्षेत्र से 30 जून को एक किशोरी लापता हुई थी। उसे संतोष बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाता था। इसके बाद वह मनीष भंडारी के माध्यम से लड़िकयों को शादी, नौकरी का झांसा देकर हरियाणा, राजस्थान और अन्य प्रदेशों में बेच देता था। कृष्णानगर से लापता किशोरी की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। इसके बाद आठ पुलिस टीमें लगाई गई। किशोरी की लोकेशन कानपुर और फिर एमपी मिली।

# यूपी में स्कूलों के विलय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बीएसए के तहत आने वाले स्कूलों के विलय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की याचिका पर दिया। न्यायालय ने कहा कि इस विषय पर 7 जुलाई को एकल पीठ द्वारा निर्णय दिया जा चुका है जिसमें विलय के उक्त आदेश के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, वर्तमान जनहित याचिका में एकल पीठ के 7 जुलाई के उक्त निर्णय का कोई जिक्र नहीं है लेहाआज़ा इलाहाबाद हाईकोर्ट रुल्स के प्रावधानों के तहत उक्त जनहित याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

# विधायक मनोज कुमार पांडेय सहित तीन विधायक विधानसभा से असंबद्ध घोषित

### सपा ने किया था निष्कासित

महानगर संवाददाता
लखनऊ

समाजवादी पार्टी से निष्कासित किए गए विधायकों को यूपी विधानसभा से असंबद्ध घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि सपा ने मनोज कुमार पांडेय, राकेश प्रताप सिंह और अभय सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इस फैसले के बाद तीनों विधायक को सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की जाएगी। अब वो सपा विधायकों के साथ नहीं बैठ सकेंगे। बता दें कि इन सभी विधायकों ने बीते साल हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी और भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन किया था जिसके बाद उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए कार्रवाई की गई थी।



मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। हालांकि, उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ दी थी। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद से वह भाजपा के खेमे में आ गए थे। लोकसभा चुनाव के पहले रायबरेली सीट से इस बात के भी संकेत मिल रहे थे कि हो सकता है कि मनोज पांडेय को ही टिकट दे दिया जाए। बाद में दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से टिकट मिला। खास बात यह रही कि मनोज पांडेय ने दिनेश प्रताप सिंह की सभाओं से दूरी बनाई थी। उनकी नाराजगी को भांपकर गृहमंत्री अमित शाह उनसे मिलने के लिए घर गए थे। इसके बाद वह चुनाव प्रचार के लिए निकले थे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीन विधायकों पर कार्रवाई के बाद तंज कसते हुए कहा था कि उन्हें मंत्री बनाने में दिक्कत है। वे सपा के विधानसभा सदस्य हैं। मंत्री बनेंगे तो उन्हें सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ेगा।

# तीन मासूम बच्चों को डुबोकर मारने वाली मां को फांसी की सज़ा

### आशिक को उम्रकैद

महानगर संवाददाता
औरैया

यूपी के औरैया जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक अदालत ने प्रेम प्रसंग के चक्कर में अपने तीन मासूम बच्चों की नदी में डुबोकर हत्या कर वाली मां को गुरुवार को फांसी की सजा सुनायी है। जबकि उसके प्रेमी को उम्रकैद की सजा से दंडित किया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय डकैती कोर्ट सैफ अहमद ने पिछले साल 27 जून को हुई इस जघन्य वारदात में प्रियंका को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनायी। जबकि उसके प्रेमी और चचेरे देवर आशीष उर्फ डैनी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। इस वारदात में अभियोजन ने कुल छह गवाह पेश किए। जिसमें प्रियंका के हाथों बचे उसके नौ वर्षीय पुत्र सोनू को चश्मदीद गवाह बनाया गया और उसकी गवाही दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में कारगर रही।



गौरतलब है कि जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के गांव अटा बरूआ की रहने वाली प्रियंका की शादी इटावा के बसरेहर निवासी अवनीश से हुई थी। जिससे चार बच्चे हैं। दो साल पहले पति अवनीश की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद प्रियंका चचेरे देवर आशीष के साथ पत्नी के रूप में साथ रहने लगी थी। आशीष के कहने पर प्रियंका ने चारों बच्चों को नशीला पदार्थ खिला कर नदी में डुबो दिया।

# सात साल की दलित बच्ची से रेप

### नहाते समय उठा ले गया युवक, बनाया हवस का शिकार

**लखनऊ।** जिले के मलिहाबाद थानाक्षेत्र के एक गांव में बुधवार देर शाम सात साल की मासूम बच्ची को पडोसी गांव के एक 20 साल के युवक ने अपनी हवस का शिकार बनाया। ट्यूबवेल पर नहा रही दलित बच्ची को खेत में बने एक कमरें में ले जाकर आरोपी ने उसके साथ रेप किया। इस दौरान साथी बच्चों को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। जब बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद बच्ची बदहवाश हालत मे मिली। बच्ची ने पूरी घटना परिजनों को बताई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने देर रात आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पीडिता को इलाज के लिये लखनऊ भेज दिया है। बच्ची अपनी मां के साथ कुछ दिन पहले ही यहां ननिहाल आई थी। घर से थोडी ही दूरी पर स्थित खेतों पर एक ट्यूबवेल चल रहा था तो सभी बच्चों के साथ पीडिता भी वहीं नहाने लगी। इस बीच गांव का सुचित यादव वहाँ पहुंचा और बच्ची को उठाकर उसी ट्यूबवेल के कमरे में घुस गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।

# कॉन्वेंट स्कूल की पांचवीं मंजिल से फेंका सुसाइड नोट
# फिर 11वीं की छात्रा ने खुद लगाई छलांग

महानगर संवाददाता
जौनपुर

जौनपुर के एक कान्वेंट स्कूल में गुरुवार को 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा पांचवीं मंजिल से नीचे कूद गई। कूदने से पहले उसने एक सुसाइड नोट भी नीचे फेंका। छात्रा के कूदने के लिए रेलिंग पर चढ़ते ही स्कूल के स्टाफ और टीचरों ने देख लिया और काफी समझाने की कोशिश भी की। इसके बाद भी वह नहीं मानी। इसी बीच नीचे गद्दा, रजाई आदि लगा दी गई। इससे छात्रा की जान बच गई है। हालांकि इतनी ऊंचाई से कूदने के कारण उसे गंभीर चोट लगी है। उसकी कई हड्डियां टूट गई हैं। कूदने से पहले लिखे गए सुसाइड नोट में उसने अपनी दादी, मम्मी, दो बुआ को घटना के लिए जिम्मेदार बताया है। अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि स्कूल का इस मामले में कोई दोष नहीं है। 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा रोज की तरह स्कूल आई थी। स्कूल आने के कुछ देर बाद ही वह पांचवी मंजिल पर चली गई। पांचवीं मंजिल की रेलिंग पर छात्रा को बैठी देख अन्य छात्रों, स्कूल स्टाफ में खलबली मच गई। इसी बीच उसने एक सुसाइड नोट भी नीचे फेंका। स्कूल स्टाफ ने उसे समझाने की कोशिश शुरू कर दी। पुलिस को भी मामले की जानकारी दे दी गई। नीचे गद्दा, रजाई और सोफा आदि भी लगा दिया गया। इससे पहले कि पुलिस आती या स्कूल वाले समझा पाते छात्रा ने छलांग लगा दी।



# व्यापार वार्ता के लिए फिर अमेरिका जाएगा भारतीय दल

### टैरिफ पर भारत को राहत दे सकते हैं ट्रंप



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

भारतीय वाणिज्य मंत्रालय का एक दल जल्द ही फिर से अमेरिका की यात्रा पर जाने वाला है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से तब जब अमेरिका ने भारत सहित कई देशों पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को 1 अगस्त तक निलंबित कर रखा है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर तेजी से बातचीत जारी है। हाल ही में भारतीय दल 26 जून से 2 जुलाई तक वाशिंगटन में था। इस दल का नेतृत्व वाणिज्य मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल कर रहे थे। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक अंतरिम व्यापार समझौते (मिनी ट्रेड डील) को अंतिम रूप देने की कोशिश की थी, लेकिन कृषि, डेयरी और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को भारत सहित कई देशों पर 26 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ लगाया था, जिसे 9 जुलाई तक 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया था। हाल ही में, ट्रंप प्रशासन ने इस निलंबन को 1 अगस्त तक बढ़ा दिया, जिससे भारत को अपनी निर्यात वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क से राहत मिली है। यह कदम भारतीय निर्यातकों के लिए अस्थायी राहत प्रदान करता है और दोनों देशों को व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए और समय मिला है। भारत और अमेरिका के बीच वार्ता में कई महत्वपूर्ण मुद्दे चर्चा के केंद्र में हैं। भारत श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे कि कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा, परिधान, प्लास्टिक और रसायन जैसे क्षेत्रों में टैरिफ रियायतों की मांग कर रहा है। ये क्षेत्र भारत में लाखों लोगों, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करते हैं।

## दिल्ली-NCR में भूकंप

**10 सेकेंड तक झटके महसूस हुए : 4.4 तीव्रता, हरियाणा के झज्जर में केंद्र था**

**6 महीने में तीसरी बार आया भूकंप**




**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और NCR में भूकंप के झटके महसूस किए गए। किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकेंड तक झटके आए। बीते छह महीने में दिल्ली और NCR में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। अफगानिस्तान में 19 अप्रैल की दोपहर 12:17 बजे रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-NCR तक महसूस किया गया था। जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक व्यक्ति ने बताया- मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश

**2 दिन बाद सार्वजनिक होगी जांच रिपोर्ट** | **30 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का नियम**



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच रिपोर्ट 2 दिन बाद सार्वजनिक कर दी जाएगी। मामले की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) कर रही है। नियमों के मुताबिक हादसे के 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट अपलोड करनी होती है। एक दिन पहले खबर आई थी कि AAIB ने प्राइमरी जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी है। ये रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है। हालांकि सूत्रों ने किसी भी तरह की प्राइमरी रिपोर्ट सौंपे जाने से इंकार किया। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। इससे पहले 28 जून को नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया था कि विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सैबोटाज) की आशंका को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, तीन महीने में विस्तृत जांच रिपोर्ट आ सकती है।

### विस्तृत रिपोर्ट 3 महीने में आने की संभावना

केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स भारत में ही है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। इसमें मौजूद CVR और FDR की जांच की जा रही है। विस्तृत 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि DGCA (नागर विमानन महानिदेशालय) के आदेश पर एअर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। ये हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं। AAIB इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। CCTV फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं।

# इस बार मिंटो ब्रिज नहीं बना दरिया

**सीएम रेखा ने की तारीफ, कहा- अभी और सुधारेंगे**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मॉनसून के दौरान जलभराव की समस्या पर बड़ा बयान दिया है। उनका दावा है कि इस बार भारी बारिश के बावजूद दिल्ली ने बेहतर प्रदर्शन किया। मिंटो ब्रिज, जो हर बारिश में तालाब बन जाता था, इस बार अपेक्षाकृत सूखा रहा। सीएम ने कहा, 'हमारी टीम ने मिंटो ब्रिज सहित कई इलाकों में बार-बार दौरा किया और जरूरी कदम उठाए। नतीजा, दिल्ली ने इस बार जलभराव को काफी हद तक काबू किया।' मुख्यमंत्री ने बताया कि ITO और बारापुला जैसे व्यस्त इलाकों में भी इस बार बारिश का असर कम देखा गया। रेखा गुप्ता ने कहा कि इन इलाकों में ट्रैफिक सुचारु रहा, जो पहले बारिश में जाम का शिकार हो जाता था। हमने नालों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम पर पहले से काम शुरू कर दिया था, जिसका फायदा दिखा। CM ने स्वीकार किया कि कुछ इलाकों में अभी भी जलभराव की समस्या बनी हुई है, लेकिन सरकार इस पर काम कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हम उन सभी जगहों को चिह्नित कर रहे हैं जहां पानी रुक रहा है। अगली बारिश तक इनका समाधान कर लिया जाएगा।

# यूक्रेन पर बैठक के बीच रूस ने दहलाया कीव

महानगर नेटवर्क
ब्लूमबर्ग

### 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं



इटली की राजधानी रोम में जब विश्व के नेता यूक्रेन के युद्ध के बाद पुनर्निर्माण को लेकर चर्चा करने इकट्ठा हुए, उसी वक्त रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई इलाकों पर भीषण हवाई हमला कर दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि लगभग 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं गईं, जिनमें बैलिस्टिक मिसाइलें भी शामिल थीं। हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हुए। जेलेंस्की ने इस हमले को "रूस की ओर से आतंकवाद की स्पष्ट बढ़ोतरी" बताया। यह हमला करीब 10 घंटे तक चला और लगातार दूसरी रात रूस की ओर से हमला किया गया। यह हमला दर्शाता है कि रूस फिलहाल युद्धविराम की बात करने के मूड में नहीं है।

**ट्रंप ने की पुतिन की आलोचना**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आलोचना करते हुए कहा कि "वह बहुत ज्यादा लोगों की जान ले रहा है" और इसी कारण अमेरिका यूक्रेन को फिर से हथियार भेजेगा। ट्रंप ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब वह लगातार युद्ध रोकने की कोशिश कर रहे हैं। 20 जनवरी को राष्ट्रपति बनने के बाद से वो करीब 6 नाकाम कोशिशें कर चुके हैं।

**रोम सम्मेलन का एजेंडा**

रोम में चल रहे चौथे यूक्रेन पुनर्निर्माण सम्मेलन में अब चर्चा का केंद्र 'पुनर्निर्माण कैसे हो' नहीं, बल्कि 'यूक्रेन को जिंदा कैसे रखा जाए' रहा। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने सम्मेलन की मेजबानी की, मेलोनी को ट्रंप की करीबी माना जाता है। उनके साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, और अमेरिकी विशेष दूत कीथ केलीग भी हिस्सा ले रहे हैं।

**यूक्रेन के लिए 100 अरब यूरो का फंड**

यूरोपीय संघ अब यूक्रेन के लिए 100 अरब यूरो (लगभग 9 लाख करोड़) का विशेष सहायता फंड बनाने पर विचार कर रहा है, जिसे 2028 से लागू किया जा सकता है। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्मिहाल ने बताया कि 2026 तक देश को $40 अरब से ज्यादा के बजट घाटे का सामना करना होगा, जिसे बाहरी मदद से ही पूरा किया जा सकता है।

**रूस पर अमेरिका की सख्ती**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच कुआलालंपुर में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की बैठक के दौरान बातचीत तय है। दूसरी तरफ अमेरिकी संसद में इस महीने रूस पर नई सख्त पाबंदियां लगाने के लिए वोटिंग हो सकती है। जेलेंस्की ने भी अमेरिका से रूस पर कड़े प्रतिबंधों की मांग की है।

# 'गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को बचा रही BJP, हम उसे पंजाब लाएंगे'

**AAP सरकार के मंत्री का जोरदार हमला**

**नई दिल्ली।** पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी के मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बीजेपी पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को बचाने का आरोप लगाया है। लॉरेंस बिश्नोई इन दिनों अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल में बंद है। बताना होगा कि बिश्नोई का नाम जाने-माने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या, बॉलीवुड स्टार सलमान खान, एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या समेत कई मामलों में सामने आ चुका है। हरपाल चीमा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'इन गैंगस्टरों को बीजेपी का संरक्षण प्राप्त है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात से आते हैं। बिश्नोई गुजरात की जेल में है। बीजेपी उसे क्यों बचाती है, उसे दूसरे राज्यों में क्यों नहीं भेजा जाता, जहां पर वह लोगों की हत्या करता है। अब हम उसे प्रोडक्शन वारंट पर पंजाब लाने की कोशिश करेंगे।' हरपाल चीमा ने आरोप लगाया कि बीजेपी के संरक्षण में गैर विपक्षी दलों के शासित राज्यों में टारगेट किलिंग की जा रही है। चीमा ने कहा, 'बिश्नोई जेल में बैठकर हर हत्या की जिम्मेदारी लेता है। उसे गुजरात की जेल में क्यों रखा गया है, इससे क्या पता चलता है?' पंजाब बीजेपी के द्वारा कानून व्यवस्था का मसला उठाए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता एक डेलिगेशन लेकर गृहमंत्री अमित शाह के पास क्यों नहीं जाते और उनसे बिश्नोई को पंजाब की जेल में ट्रांसफर करने के लिए क्यों नहीं कहते।

# असम-उत्तराखंड से केरल तक बाढ़ में डूबे राज्य

**केंद्र ने दी 1,066 करोड़ की फौरी राहत** | **सेना और हेलिकॉप्टर भी भेजे गए**



**नई दिल्ली।** देश के छह से अधिक राज्य इस समय भीषण बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में हैं। असम, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, केरल, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में नदियां उफान पर हैं, सैकड़ों सड़कें बंद हो चुकी हैं और दर्जनों जानें जा चुकी हैं। केंद्र सरकार ने आपात राहत के तौर पर 1,066.80 करोड़ रुपए की सहायता राशि मंजूर की है। सेना और वायुसेना की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं।

**बाढ़ प्रभावित राज्यों को 1,066 करोड़ रुपये की तत्काल सहायता**

केंद्र सरकार ने असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड समेत बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित राज्यों के लिए 1,066.80 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मंजूरी दी है। यह राशि राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) के तहत जारी की गई है। इस वर्ष अब तक 19 राज्यों को SDRF/NDRF कोष से 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी जा चुकी है। राहत राशि के अलावा, केंद्र ने सभी प्रभावित राज्यों को NDRF की टीमें, सेना की इकाइयाँ और वायुसेना के हेलिकॉप्टर जैसी लॉजिस्टिक सहायता भी उपलब्ध कराई है। यह कदम बाढ़ और भूस्खलन से निपटने तथा राहत व बचाव कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए उठाया गया है।

**असम-पूर्वोत्तर में 'ऑपरेशन जल राहत-2'**

पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन जल राहत-2' के तहत असम, मणिपुर और नागालैंड में बड़े पैमाने पर राहत कार्य शुरू किया है। अब तक सेना की 40 टुकड़ियां तैनात की जा चुकी हैं, जिन्होंने 3,820 से अधिक लोगों को बचाया है। 2,095 लोगों को मेडिकल सहायता दी गई और हजारों पैकेट खाद्य सामग्री और पानी की बोतलें वितरित की गई हैं। असम के गोलाघाट में धनसिरी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, वहीं नागालैंड के दीमापुर में सिंगरिजन कॉलोनी में सेना को तत्काल मदद के लिए बुलाया गया था।

**हिमाचल प्रदेश: बारिश में तबाही और प्रशासन की रफ्तार**

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने अब तक 80 से अधिक लोगों की जान ले ली है। इनमें से 52 मौतें बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण हुई हैं। मंडी, शिमला, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में सैकड़ों सड़कें बंद हैं और बिजली-पानी की आपूर्ति बाधित है। मंडी में तो 28 लोग अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का सहारा लिया जा रहा है। राज्य में अब तक करीब 692 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।

# हरियाणा में बड़ा हादसा

**छह लोगों पर गिरी दीवार, एक ही परिवार के तीन की मौत**




**पलवल।** हरियाणा के पलवल स्थित गांव सोफ्ता में बुधवार रात एक ही परिवार पर कहर टूट पड़ा। तेज बारिश के बीच पेट्रोल पंप की एक दीवार भरभराकर गिर गई और नीचे दबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग समेत तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में पिता जगदीश के दामाद रवी (30), भतीजा पंकज (18) और बेटा राजबीर (20) शामिल हैं। रवी और पंकज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि राजबीर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में आखिरी सांस ली। आरोप है कि गंभीर रूप से घायल हुए जगदीश के दो बेटे श्रीकांत (18), मनफुल (15) और एक अन्य प्रियांशु (18) को पहले फरीदाबाद के बीके अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बिना ही दिल्ली रेफर कर दिया गया।

**नाइट ड्यूटी करने जा रहे थे सभी**

जगदीश ने बताया कि ये सभी मेरे परिवार के सदस्य हैं, जो कि एक पान मसाला कंपनी में नाइट ड्यूटी करते थे। बुधवार रात ये सभी रोज की तरह निकले, लेकिन बारिश की वजह से मुख्य रास्ते में पानी भर गया था। मजबूरी में पहली बार करीब नौ बजे पेट्रोल पंप के पास के रास्ते से निकलने लगे। इसी दौरान पेट्रोल पंप की दीवार अचानक गिर पड़ी। जगदीश ने बताया कि जमीन धंसी और दीवार सीधे बच्चों के ऊपर गिर गई। रवि मेरा दामाद था, पंकज मेरा भतीजा और राजबीर मेरा जवान बेटा। वहीं श्रीकांत और मनफुल मेरे छोटे बेटे हैं।

**अस्पताल में पट्टी की गई, न कोई दवा दी**

मौके पर मौजूद लोगों ने मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। लेकिन जगदीश ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए। बीके अस्पताल में न तो पट्टी की गई, न कोई दवा दी गई। सीधे रेफर कर दिया।

# यमन में भारतीय नर्स फांसी केस, SC सुनवाई को तैयार

**याचिका में कहा- अदालत सरकार को दखल देने के लिए कहे, 16 जुलाई को सजा दी जाएगी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को यमन में मौत की सजा पाई केरल की नर्स निमिषा प्रिया मामले की सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है। याचिका में केंद्र सरकार को राजनयिक दखल करने का निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच इस मामले पर अब 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को फांसी दी जाएगी। पिछले साल यमन के राष्ट्रपति राशद अल-अलीमी ने उनकी मौत की सजा को मंजूरी दी थी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत सरकार मामले पर नजर रखे हुए है और यमन के अधिकारियों और निमिषा के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है। निमिषा 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था।

# '2025 हमारे लिए आसान नहीं'

**उमर अब्दुल्ला बोले- पहलगाम हमले के बाद कश्मीर गए लोगों पर भरोसा करें**



महानगर नेटवर्क
कोलकाता

कोलकाता में गुरुवार को एक यात्रा एवं पर्यटन मेले के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद मैं सभी की चिंता समझता हूं। लेकिन निश्चिंत रहें कि सरकार ने सुरक्षा संबंधी सभी कदम उठाए हैं और हमले के बाद उस जगह पर गए लोगों पर भरोसा करें, बजाय उन लोगों पर जो बाहर बैठकर उस जगह को जाने बिना ही अपनी राय बना रहे हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अमरनाथ यात्रा हो रही है और दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के लिए सीधी उड़ानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उमर ने कहा कि पर्यटन में तेजी लौट रही है। मैं इसे बढ़ावा देने के लिए कोलकाता आया हूं। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर हम सुरक्षा ऑडिट कर रहे हैं। हम पर्यटकों को एक सुरक्षित और संरक्षित जगह देने के लिए काम कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 हमारे लिए आसान साल नहीं रहा। इस साल को दो हिस्सों में बांटा जा सकता है- पहलगाम हमले से पहले, जब कश्मीर घाटी पर्यटकों से खचाखच भरी थी, और पहलगाम हमले के बाद, जब यह क्षेत्र पर्यटकों की संख्या में आई भारी गिरावट से उबरने की कोशिश कर रहा था।

उमर ने पश्चिम बंगाल सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग जम्मू-कश्मीर के साथ हैं। दोनों क्षेत्रों के बीच का रिश्ता 'विश्वास और स्नेह' समय के साथ आगे बढ़ता है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल राजनीतिक और आर्थिक दोनों ही रूपों में जम्मू-कश्मीर के साथ खड़ा है। हम साहसिक और गंतव्य पर्यटन की पेशकश करते हैं।

# कर्नाटक- हासन में 40 दिन में हार्टअटैक से 23 मौतें

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन में हार्ट अटैक से मौत के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 40 दिनों में यहां हार्ट अटैक से 23 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से छह की उम्र 19 से 25 साल के बीच थी। वहीं, आठ की उम्र 25 से 45 साल के बीच थी। उधर बेंगलुरु के जयदेव अस्पताल में हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या में 8% का इजाफा हुआ है। डॉक्टरों ने बताया कि बढ़ते मामलों के बीच हासन और आसपास के जिलों से कई लोग एहतियाती जांच के लिए आ रहे हैं। मैसुरु के भी जयदेव अस्पताल में हार्ट से जुड़ी जांच के लिए रोजाना हजारों लोग पहुंच रहे हैं।

# सेना का सिपाही गर्लफ्रेंड के साथ गिरफ्तार

**ड्यूटी से छुट्टी लेकर करता था अफीम की तस्करी**

**नई दिल्ली।** देश की रक्षा करने की शपथ लेने वाला सेना का एक सिपाही नशीले पदार्थ की तस्करी करते हुए पकड़ा गया। वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर गिरोह चला रहा था। वह अक्सर निजी कारणों का बहाना बनाकर ड्यूटी से छुट्टी ले लेता था और तस्करी को अंजाम देता था। दिल्ली पुलिस ने सेना के एक सिपाही, उसकी गर्लफ्रेंड और उसके एक अन्य साथी को कथित तौर पर अफीम तस्करी गिरोह चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। तीनों को मणिपुर से राजस्थान तक अफीम की खेप पहुंचाने के दौरान गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि सिपाही ने तस्करी की गतिविधियों को अंजाम देने के लिए छुट्टी ली थी। अधिकारी ने बताया कि सिपाही अपनी गर्लफ्रेंड और एक अन्य साथी के साथ एक कार में जा रहा था। उसे कालिंदी कुंज के पास रोका गया। अधिकारी के मुताबिक, गहन तलाशी में कार के फर्श के नीचे छिपाकर रखे गए अफीम के 18 पैकेट बरामद हुए। उन्होंने बताया कि तस्करी के लिए सिपाही निजी कारण बता कर छुट्टी लेता था और गुप्त तरीके से मादक पदार्थों की तस्करी करता था।


**The Brihanmumbai Electric Supply & Transport Undertaking**
(OF THE BRIHANMUMBAI MAHANAGARPALIKA)
BEST

**निविदा सूचना**

**निम्नलिखित आइटमों की आपूर्ति हेतु ई –निविदा आमंत्रित की जाती है.**

80471- विभिन्न रेटिंग्स के अबाधित ऊर्जा आपूर्ति (यूपीएस) यूनिट्स/लिफ्ट ऑटोमैटिक रेस्क्यू डिवाइस (एआरडी) यूनिट्स के लिए एसएमएफ वीआरएलए बैटरीज की आपूर्ति हेतु वार्षिक दर ठेका. (2) 80459 – ईजीआर सोलेनॉइड और मेटलॉन बुश, (3) 80476 – ट्रांसमिशन असेंबली, टीएम असे. 1090एल सीडब्ल्यूसी ईटी 40एस 5 4.33 बीएस IV एएमटी,

**पुनः आमंत्रित ई-निविदाएं**

(4) 80368, (5) 80375 (शुद्धिपत्र), (6) 80356.

**टिप्पणी** : अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर लॉग ऑन करें.

**पीआरओ/एएएम(एम)/40/2025** — **महाप्रबंधक**


# बारिश में गुरुग्राम बेहाल अचानक धंस गई सड़क

- बीयर से भरा ट्रक गड्ढे में पलटा
- वर्क फ्राम होम की एडवाइजरी जारी

महानगर नेटवर्क
गुरुग्राम



बुधवार को गुरुग्राम समेत दिल्ली-एनसीआर में जमकर बारिश हुई। गुरुवार को भी कई इलाकों में बारिश देखने को मिली है। जहां एक तरफ लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, वहीं लोगों को जलभराव के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर हुई बारिश के कारण गुरुग्राम में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे कई किलोमीटर तक लोग जाम में जूझते हुए नजर आए। वहीं, गुरुग्राम के सदर्न पेरिफेरल रोड पर कल रात से एक ट्रक खाई में फंसा हुआ है। यह खाई तब बनी जब ट्रक के चलते सड़क का एक हिस्सा धंस गया। ट्रक चालक ने कहा, "ट्रक में बीयर की बोतलें भरी हुई हैं। मैं गोदाम जा रहा था। कल रात सड़क पूरी तरह सूखी थी। यहाँ कोई जलभराव नहीं था। हमारा एक और ट्रक और एक डम्पर ट्रक भी यहाँ से गुजरी लेकिन उसके बाद सड़क धंस गई और मेरा ट्रक उसमें गिर गया। कोई घायल नहीं हुआ।" गुरुग्राम में भारी बारिश को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गुरुग्राम में बीते 12 घंटों के भीतर रिकॉर्ड 133 मिमी बारिश दर्ज की गई। गुरुग्राम जिला प्रशासन ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए सभी निजी व कॉर्पोरेट संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे 10 जुलाई 2025 को अपने कर्मचारियों को 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम करने) की अनुमति दें। गुरुग्राम शहर में मंगलवार देर रात और बुधवार सुबह आई बारिश के बाद गर्मी कम हुई है। आज भी कई इलाकों में बूंदाबांदी देखने को मिली है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले दो दिनों तक आसमान में बादल रहेंगे। इस दौरान बारिश के आसार हैं। तापमान घटेगा मगर दो दिन बाद मौसम साफ हो जाएगा। बुधवार सुबह बारिश के बाद दिन में धूप खिली थी और उमस वाली गर्मी से लोग परेशान हुए। कृषि मौसम विज्ञान केंद्र शिकोहपुर के वैज्ञानिक डॉ. मंजीत कुमार ने बताया कि अगले दो दिनों तक बारिश होगी और बादल छाए रहेंगे। बुधवार को शहर को न्यूनतम तापमान 25.4 और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा।


**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
टेली. नं. – 022-66405432, ई-मेल : eewest.msib@mhada.gov.in
संदर्भ सं. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/95/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 95**

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405432 द्वारा म्हाडा एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग, मुंबई के साथ पंजीकृत बेरोजगार अभियंताओं से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (आइटम दर) में 3 कार्य के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा अनुसूची निम्नानुसार है.

| अ.क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि | अ.क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दस्तावेज बिक्री का प्रारंभ | 14.07.2025 को सुबह 10.30 बजे | 2. | दस्तावेज बिक्री का समापन | 21.07.2025 को दोप. 3.00 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली का खुलना | 23.07.2025 को दोप. 3.05 बजे से | 4. | मूल्य बोली का खुलना | 24.07.2025 को सुबह 10.30 बजे से |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

**टिप्पणी 1.** कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.

**टिप्पणी 2.** कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि है तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा.

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/574

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (प),
एमएसआईबी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था

# शरीर को हिला देती है कैल्शियम की कमी



कैल्शियम न हो तो मसल्स में कोई मूवमेंट नहीं हो सकता। कैल्शियम दांत, स्किन, बाल सहित कई कामों के लिए जरूरी है। हार्ट की मांसपेशियों के लिए भी कैल्शियम की महत्वपूर्ण भूमिका है। कैल्शियम दिमाग और शरीर के बाकी हिस्सों के बीच स्वस्थ्य संपर्क के लिए भी जरूरी है। सबसे बड़ी बात की हड्डियां और मांसपेशियों में संकुचन नहीं होने से शरीर पूरी तरह शिथिल होने लगता है। इससे पूरा शरीर प्रभावित होता है।

### कैल्शियम की कमी के लक्षण

- मसल्स में दिक्कत–वेबएमडी के मुताबिक कैल्शियम की कमी से मसल्स में क्रैंप, सूजन और दर्द हो सकता है। इससे थाई में बहुत अधिक दर्द होता है। ज्यादा कमी होने पर हाथ–पैर कंपकंपाने लगता है या झुनझुनी भर जाती है। गंभीर स्थिति में शरीर में अचानक जोर से ऐंठन या झटका लग सकता है। इससे हार्ट बीट बहुत तेज हो सकती है और मरीज की मौत तक हो सकती है।
- पूरे शरीर में थकान–कैल्शियम की कमी के कारण एक तो मसल्स में भारी दर्द होता है, उपर से बहुत अधिक थकान होती है जिससे पूरा शरीर कमजोर होने लगता है। थकान इतनी ज्यादा हो जाती है कि नींद तक नहीं आती।
- स्किन, नाखून और बालों में दिक्कत–कैल्शियम की कमी से स्किन ड्राई हो जाती है, नाखून बहुत कमजोर होकर टूटने लगते हैं। दूसरी और बाल भी खुरदुरे हो जाते हैं। गंभीर स्थिति होने पर एलोप्सिया की बीमारी होती है जिसमें पूरी तरह से लोग गंजे हो जाते हैं। कैल्शियम की कमी से एग्जिमा, स्किन में इंफ्लामेशन और ड्राई पैचेज हो जाते हैं।
- ऑस्टियोपोरोसिस–कैल्शियम की कमी से हड्डियां कमजोर होने लगती है। इससे कभी भी हड्डियों में फ्रेक्चर होने का डर रहता है। इस कारण बोन की डेंसिटी कमजोर होने लगती है और इससे ऑस्टियोपेनिया और ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है। दांतें भी कमजोर होने लगती है।
- पीएमएस–कैल्शियम की कमी से महिलाओं में प्री–मैंस्ट्रुअल सिंड्रोम (PMS) हो सकता है। इससे मूड स्विंग करता है और फ्लूड रिटेंशन की क्षमता घट जाती है।

### कैल्शियम की कमी ठीक करने के लिए ये करें

कैल्शियम की कमी के लिए हरी पत्तीदार सब्जियां, डेयरी प्रोडक्ट, ड्राई फ्रूट्स, पालक, फूलगोभी, दूध, दही, बींस, छाछ आदि का सेवन करना चाहिए। हालांकि अगर विटामिन डी की कमी होगी तो कैल्शियम का अवशोषण सही से नहीं होगा। इसके लिए सूरज की रोशनी फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा हरी पत्तीदार सब्जियां, अखरोट और सीड्स का सेवन करें।

# हेयर ट्रीटमेंट के बाद ऐसे करें बालों की केयर

हम सभी अपने बालों को स्मूथ, सिल्की और शाइनी बनाना चाहते हैं और इसके लिए पार्लर जाकर हेयर ट्रीटमेंट करवाना हमें काफी अच्छा लगता है। हेयर ट्रीटमेंट यकीनन आपके बालों को और भी अधिक खूबसूरत बनाता है। लेकिन कुछ वक्त बाद बाल रुखे और बेजान नजर आने लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हेयर ट्रीटमेंट के बाद हम बालों की सही तरह से केयर नहीं करते हैं।इसलिए, हमेशा यह सलाह दी जाती है कि केमिकल हेयर ट्रीटमेंट के बाद बालों की अतिरिक्त केयर करनी चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप हेयर ट्रीटमेंट के बाद अपने बालों को पैम्पर कर सकते हैं।

### हीट स्टाइलिंग टूल्स से बचें

हेयर ट्रीटमेंट के बाद बाल काफी कमजोर हो जाते हैं और ऐसे में उन्हें नरिशमेंट की जरूरत होती है। लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि हेयर ट्रीटमेंट के बाद लोग हीट स्टाइलिंग (हीट स्टाइलिंग से खराब हुए बालों को ऐसे करें ठीक) टूल्स जैसे फ्लैट आयरन और कर्लिंग आयरन आदि का इस्तेमाल करने लग जाते हैं। लेकिन इस तरह के टूल्स से निकलने वाली गर्मी बालों को और भी ज्यादा डैमेज कर सकती हैं। इसलिए, जहां तक संभव हो, आपको इनका इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। अगर आपको उनका उपयोग करना ही है, तो पहले हीट प्रोटेक्टेंट को जरूर लगाएं।

### गर्म पानी का ना करें इस्तेमाल

अगर आपने हेयर ट्रीटमेंट करवाया है तो ऐसे में बालों की केयर (रोजाना इस तरह करें बालों की केयर) करने के लिए आपको पानी के तापमान का भी ध्यान रखना चाहिए। कोशिश करें कि आप अपने बालों को धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल ना करें। इससे बाल रूखे हो जाते हैं और वे बेजान हो जाते हैं। इसलिए, अपने बालों को नॉर्मल पानी से धोने की कोशिश करें।



### सही प्रोडक्ट्स का करें इस्तेमाल

हेयर ट्रीटमेंट करवाने के बाद यह बेहद जरूरी होता है कि आप अपने हेयर प्रोडक्ट्स पर भी थोड़ा ध्यान दें। आजकल मार्केट में ऐसे कई प्रोडक्ट्स होते हैं, जो खासतौर से केमिकल हेयर ट्रीटमेंट के लिए बनाए जाते हैं। जब आप इन हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं तो इससे बाल लंबे समय तक ऐसे ही बने रहते हैं।

### धूप से करें प्रोटेक्ट

यूवी किरणें बालों के कलर को फीका कर सकती हैं और बालों को कमजोर कर सकती हैं। हेयर ट्रीटमेंट के बाद बाल यूवी किरणों के प्रति और भी ज्यादा सेंसेटिव हो जाते हैं।

# प्रदूषण के असर को बेअसर करने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें

बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की चिंता भी बढ़ गई है। प्रदूषण के कारण हवा सांस लेने लायक नहीं रह जाती है। वातावरण में घुली जहरीली हवा फेफड़े, दिल और शरीर के अन्य अंगों पर बुरा असर डालती है।

### काली मिर्च–

काली मिर्च को 'मसालों का राजा' के रूप में जाना जाता है। काली मिर्च के पाउडर के साथ शहद मिलाकर खाने से प्रदूषण की वजह से सीने में जमा कफ में आराम मिल सकता है।

### अदरक–

अदरक का सेवन मौसमी संक्रमण से बचाने के साथ इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाए रखता है। अदरक को आप चाय या शहद के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं।

### गुड़–

खाने के बाद गुड़ का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह पाचन में मदद करके शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रखता है। आयुर्वेद के मुताबिक फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों में गुड़ का इस्तेमाल बेहद फायदेमंद होता है। यह सांस से जुड़ी समस्याओं की रोकथाम करता है। गुड़ का रोजाना इस्तेमाल करने से ब्रोंकाइटिस और अस्थमा जैसी सांस से जुड़ी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है। गुड़ में मौजूद आयरन खून में ऑक्सीजन की सप्लाई को सुचारू बनाए रखने में मदद करता है।

### संतरा–

संतरा को विटामिन सी का अच्छा सोर्स माना जाता है। यह फल प्रदूषण से बचाने में मदद कर सकता है। संतरे का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, जो प्रदूषण से होने वाले खतरे से बचाने में मदद कर सकती है।

### नट्स–

सेहत के लिए बादाम, पिस्ता, अखरोट जैसे नट्स का सेवन फायदेमंद माना जाता है। ये सभी चीजें विटामिन ई का अच्छा स्त्रोत मानी जाती हैं। विटामिन ई प्रदूषण से बचाव करता है।





# प्लेन परदों को डेकोरेट करने के तरीके

### लगाएं पॉम-पॉम

अगर आपको ऐसा लग रहा है कि आपके प्लेन परदे बहुत बोरिंग लग रहे हैं तो ऐसे में उसे एक इंटरस्टिंग लुक देने का सबसे अच्छा तरीका पॉम-पॉम का इस्तेमाल करना है। आपको मार्केट में आसानी से कलरफुल पॉम-पॉम मिल जाएंगी। इन्हें आप अपने परदों के कॉर्नर पर स्टिच कर सकती हैं।

### दें बो टाई बैक लुक

यह एक सिंपल तरीका है, लेकिन इससे प्लेन परदे देखने में बेहद ही क्लासी लगता है। इसके लिए आप परदे से मैचिंग या फिर कंट्रांस्टिंग फैब्रिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप परदे को बांधें और उसे बांधते समय एक बिग बो लुक दें। जब आप इस तरह से परदे को टाई बैक करती हैं तो इससे आपका पूरा कमरा ही बेहद एलीगेंट लुक देता है।

### बीड्स का करें इस्तेमाल

अगर आप अपने प्लेन परदों को बिना किसी अतिरिक्त मेहनत के बेहद ही खूबसूरत लुक देना चाहती हैं तो ऐसे में बीड्स या क्रिस्टल स्ट्रिंग का इस्तेमाल करना अच्छा आइडिया हो सकता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप पहले इस स्ट्रिंग को रॉड पर हैंग करें। इसके बाद आप अपने प्लेन परदे को हैंग करें। आखिरी में आप एक दूसरी स्ट्रिंग को हैंग करें। यह देखने में बेहद ही ब्यूटीफुल नजर आएगी।

### प्रिंटेड फैब्रिक का करें इस्तेमाल

अगर आपको ऐसा लग रहा है कि आपका प्लेन परदा देखने में काफी बोरिंग लग रहा है तो ऐसे में आप प्रिंटेड फैब्रिक का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप सादे परदों पर प्रिंटेड फैब्रिक ओवरले लगाएं। आपको इसे अपने प्लेन परदे के साथ स्टिच करने की जरूरत नहीं है। लेकिन फिर भी इससे आपके परदे को एक पैटर्न लुक मिलता है।

# मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है गुस्सा



गुस्सा हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। गुस्सा सेहत के लिए, रिश्तों के लिए, आस-पास के लोगों के लिए, किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता है। कुछ लोगों को छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आ जाता है, जो कि गलत है। कई बार तनाव, कोई उलझन गुस्से का कारण बन सकती है। वहीं, कई लोग गुस्से और चिड़चिड़ेपन को अपनी आदत बना लेते हैं। आपको बता दें कि अगर आप हर छोटी बात पर गुस्सा करते हैं, तो आपकी सेहत खराब हो सकती है।

गुस्से को दूर करने के लिए बहुत सारी चीजें जरूरी हैं, जिनमें चीजों को मन में न दबाना, बोलने से पहले सोचना और किसी भी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया न देना शामिल है। इसके अलावा, गुस्से को शांत करने के लिए आप इस मुद्रा की मदद ले सकते हैं।

**गुस्से को कंट्रोल करने के लिए मुष्टी मुद्रा**

सबसे पहले सुखासन में बैठ जाएं। फिर अपने हाथों की हथेलियों से मुट्ठी बनाएं। अंगूठा ऊपर की ओर रखें। उंगलियों और अंगूठे को ऐसे मोड़े कि आपका अंगूठा ऊपर से आपकी रिंग फिंगर को छुए।

अपनी आंखे बंद करें और गहरी सांस लें। इसे दिन में 3 बार 15 मिनट के लिए करें।

**मुष्टी मुद्रा के फायदे**

इससे स्ट्रेस और एंग्यायटी कम होती है व दिमाग को आराम मिलता है।

अगर आप इमोशनली परेशान महसूस कर रहे हैं, तो इस जरूर करें।

यह शरीर में ऊर्जा को बढ़ाती है।

आपके फोकस और मेंटल क्लियरटी को भी बढ़ाती है।

कई तरह के दर्द में भी राहत मिलती है। मुष्टी मुद्रा करते वक्त सावधानियां इस मुद्रा को करते वक्त आपको दिमाग को शांत करना चाहिए। सभी नेगेटिव इमोशन्स को छोड़कर पॉजिटिविटी पर फोकस करें और अपनी भावनाओं को साफ रखें।

# "भारत में हर साल सर्वाइकल कैंसर से करीब 15 लाख लोग प्रभावित होते हैं

कई बार, किसी महिला की सबसे बड़ी लड़ाई उसके अपने मन के डर, चुप्पी और हिचकिचाहट से होती है। टाटा ट्रस्ट्स के सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान 'खुद से जीत' में इसी अंतर्द्वंद को सामने लाया गया है। यह अभियान महिलाओं को समय पर सर्वाइकल कैंसर की जांच कराने और अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करता है। भारत में महिलाओं के बीच सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है, जो हर साल लगभग 75,000 महिलाओं की जान लेता है। अधिकतर मामलों में इसलिए, क्योंकि इसका पता देर से चलता है। जबकि अगर समय रहते जांच हो जाए, तो 95% मामलों में इसका इलाज संभव है। फिर भी, कई महिलाएं समय पर जांच नहीं करातीं। इसके पीछे कारण है, इस बीमारी के लक्षणों के प्रति जागरूकता की कमी, डर, शर्म और चुप्पी की वह आदत जो जांच में देरी करवा देती है। पिछले एक साल में, टाटा ट्रस्ट्स ने झारखंड, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र में राज्य सरकारों और सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर 26,000 से ज्यादा सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग करवाई हैं। इस ज़मीनी अनुभव से यह साफ़ हुआ है कि भावनात्मक और सामाजिक बाधाएं आज भी महिलाओं को मदद लेने से रोकती हैं, भले ही स्वास्थ्य सेवाएं उनके आसपास ही क्यों न हों। अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों के ज़रिए, टाटा ट्रस्ट्स का लक्ष्य है महिलाओं को हिचकिचाहट छोड़कर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना। सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से टाटा ट्रस्ट्स ने एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन किया, जिसमें ऑन्कोलॉजी, साइको-ऑन्कोलॉजी और रोगी सहायता से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ शामिल हुए। इस चर्चा में बीमारी की गंभीरता, समय पर जांच की बाधाएं, ज़रूरी कदम और भारत में इस विषय पर बातचीत का स्वर बदलने के तरीकों पर विस्तार से बातचीत हुई। इस सत्र में डॉ. गौरवी मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर, सेंटर फॉर कैंसर एपिडेमियोलॉजी, टाटा मेमोरियल सेंटर; डॉ. सविता गोस्वामी, साइको-ऑन्कोलॉजिस्ट, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल और वंदना गुप्ता, कैंसर सर्वाइवर और 'वी केयर फाउंडेशन' की संस्थापक मौजूद रहीं। इस सत्र का संचालन डॉ. रुद्रदत्त श्रोत्रिय, हेड, मेडिकल ऑपरेशन्स, टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन ने किया। उन्होंने कहा, "भारत में हर साल सर्वाइकल कैंसर के कारण करीब 15 लाख स्वस्थ जीवन वर्ष का नुकसान होता है, खासकर 30 से 65 वर्ष की महिलाओं में। इसकी सबसे बड़ी वजह है जागरूकता की कमी और हिचकिचाहट। कई महिलाएं शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेतीं, और जो लेती हैं, वे डर या शर्म के चलते जांच टाल देती हैं। कुछ को तो यह भी नहीं पता होता कि बिना लक्षणों के भी खतरा हो सकता है। ऐसे में समय पर स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है। हमारा उद्देश्य है कि महिलाएं अपनी सेहत को प्राथमिकता दें और बिना हिचक जांच कराएं।" टाटा ट्रस्ट्स ने इसी विषय पर एक संवेदनशील सामाजिक जागरुकता फिल्म भी लॉन्च की है, जो एक महिला के आंतरिक संघर्ष को दर्शाती है, जहां वह आत्म-संदेह, इनकार और संकोच से निकलकर अपने लक्षणों पर ध्यान देती है और स्क्रीनिंग का फैसला लेती है। ट्रस्ट्स का मानना है कि ऐसी कहानियों के ज़रिए ज्यादा महिलाओं को प्रेरित किया जा सकता है कि वे अपने शरीर की आवाज़ सुनें और अपनी सेहत को महत्व दें।






# सुबह की चाय या कॉफी को इन आदतों से बनाएं हेल्दी

**पहले पानी पिएं**

खाली पेट सुबह के वक्त पानी पीना बहुत जरूरी है। इसके काफी सारे फायदे है। अगर आप सुबह उठते ही चाय-कॉफी पीते हैं तो कोशिश करें कि कम से कम चाय के पहले एक गिलास पानी पी लें। ये शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाएगा और शरीर के टॉक्सिंस भी आसानी से निकलेंगे। कुछ दिन की आदत के बाद ही आपकी पानी पीने की मात्रा बढ़ जाएगी।

**आर्टीफिशियल स्वीटनर को कहें ना**

सुबह की शुरुआत चाय-कॉफी से करते हैं तो उसके साथ स्वीटनर ना लें। आर्टीफिशियल स्वीटनर मोटापा, डायबिटीज जैसी बीमारियों को बढ़ाता है। इसलिए शुगर फ्री चाय-कॉफी पिएं या इसकी मात्रा पर कंट्रोल करें।

**चीनी की मात्रा नियंत्रित करें**

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक महिलाओं रोजाना केवल छह चम्मच चीनी लेनी चाहिए। चाय-कॉफी को शुगर फ्री बनाने के लिए हर दिन थोड़ी मात्रा में चीनी कम करें। ऐसा करने से धीरे-धीरे हैबिट बनेगी और चीनी लेना बंद कर पाएंगे।

**दालचीनी या कुछ मसाले मिक्स करें**

अगर आप चाय-कॉफी नहीं छोड़ पा रहे हैं तो इसमे कुछ मसाले मिलाएं। जैसे दालचीनी, हल्दी, जायफल, लौंग। एक चुटकी इन मसालों का पाउडर आपकी कॉफी को हेल्दी बनाएगा और कई सारी बीमारियों से बचाने में मदद करेगा। दालचीनी को कॉफी या चाय में मिलाकर पीने से इंसुलिन और ब्लड शुगर रेगुलेट होता है।

**चाय-कॉफी के साथ लें हेल्दी स्नैक्स**

चाय और कॉफी के साथ कभी भी बिस्कुट, रस्क, नमकीन, मठरी जैसी अनहेल्दी चीजों को ना खाएं। इसकी बजाय नट्स, पंपकिन सीड्स, अखरोट खाएं। ये आपको हेल्दी रखने में मदद करेंगे।

# रोज सुबह बिस्तर में ही करें ये एक्सरसाइज

हेल्दी रहने के लिए सुबह समय पर जागना और रात को समय पर सोना जरूरी है। इसके साथ ही दिन की शुरुआत आप किस तरह से कर रही हैं, इसका भी आपकी फिटनेस पर असर होता है। अक्सर लोग फिटनेस पर तब ध्यान देते हैं, जब इसके खराब होने की वजह से सेहत से जुड़ी परेशानियां होने लगती हैं। फिट रहने, मोटापा कम करने और बीमारियों से बचाव करने के लिए एक्सरसाइज करना जरूरी है। लेकिन ज्यादातर लोग अपने बिजी शिड्यूल की वजह से एक्सरसाइज के लिए टाइम नहीं निकाल पाते हैं।

### एक्सरसाइज 1

सबसे पहले बिस्तर पर बैठ जाएं।

पालती मार कर बैठ जाएं। दोनों पैरों को इसी पोजिशन में एक-दूसरे से थोड़ा दूर करें। तकिये को वर्टिकल पोजिशन में अपने आगे रखें। दोनों हाथों को सामने की तरफ रखते हुए तकिए की ओर झुकें।

फिर वापिस पुरानी पोजिशन में आ जाएं। ऐसा 5-7 बार करें।

### क्या होंगे फायदे?

इससे रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है। पेट की मांसपेशियों को आराम मिलता है।

### एक्सरसाइज 2

बिस्तर पर बैठ जाएं। पैरों को आगे की तरफ फैलाएं। अपने हाथों को घुटनों पर रखें। अब धीरे-धीरे अपने तलवों को तरफ झुकें। फिर पुरानी पोजिशन में वापिस आ जाएं। ऐसा 5-7 बार करें।

### क्या होंगे फायदे?

इससे पेट की चर्बी कम होगी। गर्दन, कंधे और पीठ का लचीलापन बढ़ेगा। इमोशनल बैलेंस बढ़ता है। पेट की मांसपेशियों पर दवाब बढ़ेगा। पेट आसानी से साफ होगा।





# लिविंग रूम को रि-अरेंज करते समय फॉलो करें ये टिप्स

### बनाएं एक नया फोकस प्वॉइंट

फोकस प्वॉइंट वह होता है, जिस पर हर किसी की नजर सबसे पहले पड़ती है। आपके लिविंग रूम में भी कोई ना कोई फोकस प्वॉइंट जरूर होगा। जब आप अपने लिविंग एरिया को रि-अरेंज कर रही हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने फोकस प्वॉइंट को चेंज करने की कोशिश करें। मसलन, अगर कोई आर्टवर्क या फिर फर्नीचर पीस फोकस प्वॉइंट है तो अब आप

### फर्नीचर को करें मूव

जब आप लिविंग एरिया को रि-अरेंज कर रही हैं तो इस दौरान फर्नीचर को मूव करना यकीनन अच्छा विचार है। फर्नीचर को मूव करने से पहले से यह देखें कि आप उसे किस तरह नए तरीके से अरेंज कर पाएंगी। जब आप ऐसा करती हैं तो इससे फर्नीचर को मूव करते समय आपको परेशानी नहीं होगी। हमेशा पहले अपने माइंड में लेआउट बनाएं और उसके बाद ही फर्नीचर को मूव करें। हालांकि, अगर आप फर्नीचर को मूव नहीं करना चाहती हैं तो आप डिफरेंट कलर के फैब्रिक का इस्तेमाल करें। इससे भी लिविंग रूम में चेंज आता है।

### लाइट सेटिंग पर दें ध्यान

लिविंग रूम को रि-अरेंज करने का मतलब सिर्फ सामान को इधर-उधर करना ही नहीं होता है, बल्कि आपको हर छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना चाहिए। मसलन, आपको लिविंग एरिया की लाइट सेटिंग पर फोकस करें। कोशिश करें कि लिविंग एरिया की सेटिंग कुछ ऐसी हो, जिससे वहां पर नेचुरल लाइटिंग को मैक्सिमाइज किया जा सके। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे लिविंग एरिया देखने में बेहद खूबसूरत लगता है।

### वॉल आर्ट को करें रिअरेंज

लिविंग रूम को रि-अरेंज करते हुए आपको वॉल आर्ट में भी बदलाव करना चाहिए। आप वॉल आर्ट की प्लेसमेंट वॉल को चेंज करें या फिर आप अपनी खुद की बनाई कोई आर्ट हैंग कर सकती हैं। लिविंग रूम को रि-अरेंज करते

# टी ब्रेक के बाद टीम इंडिया की तगड़ी वापसी

## बुमराह ने हैरी ब्रूक को किया बोल्ड



लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट गुरुवार से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को जैक क्रॉउली और बेन डकेट ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी हुई। बेन डकेट 40 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। जैक क्रॉउली 43 गेंद में 18 रन ही बना सके। नीतीश ने एक ही ओवर में सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। ओली पोप 104 गेंद में 44 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रूट और पोप के बीच तीसरे विकेट के लिए 211 गेंद में 109 रन की साझेदारी हुई। जसप्रीत बुमराह ने अब हैरी ब्रूक को भी बोल्ड कर दिया। ब्रूक 20 गेंदों पर 12 रन बनाकर आउट हो गए। इंग्लैंड को 172 रन के स्कोर पर चौथा झटका लगा है। जो रूट और बेन स्टोक्स क्रीज पर मौजूद हैं। लीड्स में इंग्लैंड ने भारत को 5 विकेट से हराया था, जबकि भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट 336 रनों से जीता था। इस तरह से पांच मैच की सीरीज अभी बराबरी पर है।

### जो रूट का बड़ा रिकॉर्ड



इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ 3000 रन पूरे कर लिए हैं। वह ऐसा करने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। लॉर्ड्स के मैदान पर भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में रूट ने यह कीर्तिमान बनाया। पहले रिकी पोंटिंग (2555) का रिकॉर्ड था, जिसे रूट ने पहले ही तोड़ दिया था। रूट को 3000 रन तक पहुंचने के लिए 45 रनों की जरूरत थी, जिसे उन्होंने आसानी से पूरा कर लिया।

# ऋषभ पंत को लगी गंभीर चोट

भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए हैं। वह लॉर्ड्स में खेले जा रहे मैच के दूसरे सेशन में चोटिल हुए और मैदान से बाहर चले गए हैं। ऋषभ पंत की जगह ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग कर रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की लेग स्टंप के बाहर जाती गेंद को रोकने के प्रयास में ऋषभ पंत के बाएं हाथ की अंगुली में चोट लगी है। वह काफी दर्द में दिखे। हालांकि ट्रीटमेंट के बाद वह कुछ देर के लिए कीपिंग करते दिखे लेकिन फिर ओवर खत्म होने के बाद मैदान के बाहर चले गए। इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की लेग स्टंप के बाहर जाती गेंद को रोकने के चक्कर में ऋषभ पंत को चोट लगी।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

## इंग्लैंड में जीती पहली टी-20 श्रृंखला



मैनचेस्टर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे टी20 मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी। बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज़ शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप अगले साल इंग्लैंड में खेला जाएगा और इससे उसे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि हम यहां श्रृंखला जीतने में सफल रहे। जिस तरह से हमने इस श्रृंखला में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण था और जिस तरह से प्रत्येक खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं।' उन्होंने कहा, ''इंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला।' भारत ने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से करारी शिकस्त दी थी और फिर ब्रिस्टल में 24 रन से जीत हासिल की जो इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे छोटे प्रारूप में इस मैदान पर पहली पराजय थी। भारतीय टीम तीसरे मैच में पांच रन से हार गई थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गई। भारतीय स्पिनरों राधा और दीप्ति ने पावरप्ले के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया।

## हम आगे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं : राधा



अपनी स्पिन गेंदबाजी से भारत की इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने कहा कि टीम कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध थी। बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी राधा (2/15) और श्री चरणी (2/30) तथा अनुभवी दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की टीम चौथे मैच में सात विकेट पर 126 रन ही बना सकी। भारत ने 17 ओवर में लक्ष्य हासिल करके पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। राधा ने मैच के बाद कहा, 'इस बार का विश्वास और समर्पण वाकई अलग है। मुझे पहले के बारे में तो नहीं पता, लेकिन इस बार टीम का माहौल बहुत शानदार है और हम आगे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं।' बाएं हाथ की स्पिनर ने कहा कि हालांकि टीम को अभी भी कुछ क्षेत्रों में सुधार करना है, लेकिन वह हर हाल में दबदबा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'दबदबा बनाकर खेलना ऐसा रास्ता है जिस पर हम जाना चाहते हैं। हम जानते हैं कि अभी हमें कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है लेकिन यह अलग टीम है जो हावी होकर खेलना चाहती है।' भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड को छह विकेट से हरा दिया। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 12 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाएगा।

# 14वीं बार विंबल्डन सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच



## विश्व नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा मुकाबला

लंदन। नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। सात बार के विंबलडन चैंपियन ने 23 साल के कोबोली के खिलाफ अपने अनुभव का अच्छा प्रदर्शन किया। पहले गेम में शिकस्त झेलने के बावजूद जोकोविक ने हिम्मत नहीं हारी और कोर्ट पर अपनी शैली का प्रदर्शन करते हुए युवा खिलाड़ी को मात दी। इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा लेकिन विंबलडन में उन्होंने इटली के इस खिलाड़ी के खिलाफ जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने जीत हासिल की है। जोकोविच ने कहा, ''मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इस समय यानिक को हराने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'' इस बीच महिला एकल में इगा स्वियाटेक ने 19वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा पर 6-2, 7-5 से जीत के साथ पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक फाइनल में जगह बनाने के लिए गैर-वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से भिड़ेंगी जिन्होंने सातवीं वरीय मीरा एंड्रीवा को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराया।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर कोहली ने तोड़ी चुप्पी

'जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं तो समय आ गया है'



लंदन। भारतीय स्टार विराट कोहली ने लंदन में युवराज सिंह के 'फंडरेजर' कार्यक्रम में अपने टेस्ट करियर के संन्यास के बारे में बात करते हुए खूब हंसी मजाक किया और कहा कि 'जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं तो मतलब है कि समय आ गया है'। कोहली अब लंदन में रहते हैं। वह हाल में विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में दिखाई दिए जिसमें वह भूरे रंग के सूट में काफी स्टाइलिश लग रहे थे। इसके बाद वह तुरंत 'यूवीकैन' कैंसर फंडरेजर (धनराशि जुटाना) कार्यक्रम में पहुंच गए। भारतीय टीम भी इस कार्यक्रम में मौजूद थी और कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता ने कोहली के टीम का हिस्सा नहीं होने का जिक्र क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले संन्यास की घोषणा कर दी थी। प्रस्तुतकर्ता गौरव कपूर ने कहा, 'मैदान पर हमें आपकी कमी खलती है।' रवि शास्त्री, क्रिस गेल, केविन पीटरसन और युवराज तब कोहली के बगल में खड़े थे और इस भारतीय सुपरस्टार ने कुछ देर रुककर जवाब दिया, 'मैंने अभी दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी रंगी है। आपको पता है कि जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी रंगते हैं तो यह आराम करने का समय होता है।' कोहली इस 'फंडरेजर' कार्यक्रम के बीच में आए लेकिन स्पष्ट रूप से 'शोस्टॉपर' रहे। उन्होंने शास्त्री के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की जो उस समय मुख्य कोच थे जब कोहली टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर ले गए थे। कोहली ने कहा, 'सच कहूं तो अगर मैं तब उनके साथ नहीं होता तो टेस्ट क्रिकेट में जो हुआ वो मुमकिन नहीं हो पाता। हमारे बीच जो स्पष्टता थी वो ढूंढ पाना बहुत मुश्किल है। क्रिकेटरों के करियर में आगे बढ़ने के लिए यही सब कुछ होता है।' कोहली ने कहा, 'उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में जिस तरह सवालों का डटकर सामना किया, वह अहम था। वर्ना चीजें अलग हो सकती थीं। मेरे मन में हमेशा उनके लिए सम्मान और आदर है क्योंकि वह मेरी क्रिकेट यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे।' शास्त्री ने भी कोहली की तारीफ का जवाब देते हुए कहा कि वह पिछले 15 साल के सबसे प्रभावशाली क्रिकेटर हैं। शास्त्री ने कहा, 'आप विश्व कप और दूसरे खिताब जीतते हैं लेकिन वह लाल गेंद के क्रिकेट को अगले स्तर पर ले जाना चाहते थे। एक बार जब उन्होंने सफलता का मंत्र तय कर लिया तो बाकियों को भी उनका अनुसरण करना पड़ा।'

# गौतम गंभीर को कुछ मत बोलो, वह अच्छा कर रहा



## योगराज सिंह को उम्मीद- भारत जीतेगा सीरीज



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैच सीरीज का तीसरा मुकाबला ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में है। दोनों टीमें अभी तक 1-1 टेस्ट जीत चुकी हैं। इसी सीरीज से शुभमन गिल को कप्तानी मिली है और उन्होंने शुरुआती दो टेस्ट की 4 पारियों में एक दोहरे शतक समेत 3 सेंचुरी जड़कर शेर जैसी दहाड़ लगाई है। यह सीरीज कोच गौतम गंभीर की भी परीक्षा है जिनका बतौर कोच अब तक का रिकॉर्ड बहुत ही निराशाजनक रहा है। इस बीच युवराज सिंह के पिता और पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने गौतम गंभीर का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम इंग्लैंड में चल रही मौजूदा सीरीज जीतेगी। बड़बोलेपन की हद तक बेबाकी के लिए मशहूर योगराज सिंह ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, 'भारतीय खिलाड़ी लगातार विकास कर रहे हैं और अपना खेल सुधार रहे हैं. हमें हमेशा उनका समर्थन करना चाहिए। गौतम गंभीर को कुछ मत बोलो। वह अच्छा कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'गंभीर, युवराज सिंह और राहुल द्रविड़ अब क्रिकेट को अपनी तरफ से दे रहे हैं क्योंकि क्रिकेट से उन्हें बहुत मिला है। अगर हमारी टीम सीरीज हारती भी है तो हमें उनका मनोबल नहीं तोड़ना चाहिए।' योगराज सिंह ने उम्मीद जताई है कि टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज को अपने नाम करेगी। उन्होंने कहा, 'अगर आप हारते हैं तो आपको सफाई नहीं देना है; अगर आप जीतते हैं तब भी आपको कुछ समझाने की जरूरत नहीं है। हमें उम्मीद है कि हम शुभमन गिल की कप्तानी में सीरीज जीतेंगे।' बतौर मुख्य कोच गौतम गंभीर का अब तक का रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा है।

# रोहित और विराट की जल्द हो सकती है वापसी!




नई दिल्ली। बांग्लादेश का दौरा रद्द होने से भारतीय फैंस मायूस थे क्योंकि उनका अपने दो फेवरेट स्टार रोहित शर्मा और विराट कोहली को क्रिकेट फील्ड पर देखने का इंतजार बढ़ गया था। दरअसल, यह दोनों दिग्गज T20I और टेस्ट क्रिकेट संन्यास ले चुके हैं, ऐसे में फैंस का मनोरंजन वह केवल वनडे में ही करते नजर आएंगे। बांग्लादेश दौरे पर भारत को तीन मैच की वनडे सीरीज खेलनी थी और फैंस इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मगर सीरीज के रद्द होने पर फैंस के जो रिएक्शन सामने आए उसमें मायूसी साफ दिखी। हालांकि अब श्रीलंका क्रिकेट ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी BCCI के सामने एक ऑफर रखा है। अगर इस ऑफर को बीसीसीआई एक्सेप्ट करता है तो मायूस फैंस के चहरों पर एक बार फिर मुस्कान लौट सकती है। क्रिकबज की रिपोर्ट की माने तो श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अगस्त में एक छोटी लिमिटेड ओवर की सीरीज की मेजबानी के लिए बीसीसीआई से अनुरोध किया है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक औपचारिक रूप से कोई जवाब नहीं दिया है, लेकिन अगर यह सीरीज आयोजित होती है, तो रोहित शर्मा और विराट कोहली अगले महीने वापसी कर सकते हैं। बांग्लादेश दौरे पर भारत को तीन मैच की वनडे और इतने ही मैच की T20I सीरीज खेलनी थी। दौरा रद्द होने के बाद श्रीलंका ने भी 6 ही मैच के लिए भारत की मेजबानी का ऑफर बीसीसीआई को दिया है। हालांकि, बीसीसीआई अभी भी अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है। बहुत कुछ एशिया कप को लेकर उसके फैसले पर निर्भर करेगा, जिसका हितधारकों, खासकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की अध्यक्षता वाली एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को बेसब्री से इंतजार है। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, 'SLC की ओर से एक रिक्वेस्ट पेंडिंग है, लेकिन हमने अभी तक उस पर कोई फैसला नहीं लिया है। हमें एशिया कप की स्थिति देखनी होगी। सब कुछ आपस में जुड़ा हुआ है।' बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया इस हफ्ते लॉर्ड्स टेस्ट के लिए लंदन में होंगे, और मैच के दौरान या बाद में खिलाड़ियों, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ चर्चा होने की संभावना है। इस चर्चा के बाद बोर्ड श्रीलंका को जवाब दे सकता है।

# कार्लसन ने जीता सुपर यूनाइटेड रैपिड ब्लिट्ज़ का खिताब



जागरेब, क्रोशिया। विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैगनस कार्लसन नें एक बार फिर शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट में अपनी महारत साबित करते हुए सुपरयूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज़ का सयुंक्त खिताब अपने नाम कर लिया , रैपिड में भारत के वर्तमान विश्व चैम्पियन डी गुकेश 14 अंक बनाकर सबसे आगे थे पर ब्लिट्ज़ में उनका प्रदर्शन बहुत फीका रहा हालांकि ब्लिट्ज़ के पहले दिन 1.5 अंक के मुक़ाबले दूसरे दिन गुकेश ने थोड़ा बेहतर खेल दिखाया अपने स्कोर में 4 अंक और जोड़े और जिसके चलते वह कुल 19.5 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहे । रैपिड में कार्लसन को हराने वाले गुकेश ब्लिट्ज़ में कार्लसन से एक बाजी हारे जबकि दूसरी बाजी उनके बीच बेनतीजा रही । गुकेश को तीसरे स्थान पर 25000 डॉलर इनाम के तौर पर मिले । ब्लिट्ज़ के विश्व चैम्पियन कार्लसन नें ब्लिट्ज़ के पहले दिन 7.5 तो दूसरे दिन 5 अंक बनाए और रैपिड के 10 अंको को मिलाकर कुल 22.5 अंको के साथ विजेता बने और 40,000 डॉलर अपने नाम किए । यूएसए के वेसली सो नें ब्लिट्ज़ में अपना सबसे बेहतरीन खेल दिखाया और रैपिड के 8 के बाद ब्लिट्ज़ में 12 अंक बनाते हुए कुल 20 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे और कुल 30,000 डॉलर अपने नाम किए।

# गिल-पंत नहीं, नासिर हुसैन ने लॉड्र्स टेस्ट के लिए इसे चुना भारत का तुरुप का इक्का



### इंग्लैंड की प्लेइंग 11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।

### भारत की प्लेइंग 11


यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज।

लंदन। भारत ने एजबेस्टन में खेले गए 5 मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर 336 रनों से शानदार जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1-1 से बराबरी की। यह नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की कप्तान के रूप में पहली जीत थी और यह जीत तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मिली। लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए बुमराह की प्लेइंग 11 में वापसी तय है और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने उन्हें टीम के लिए तुरुप का इक्का बताया है। एक पॉडकास्ट पर बात करते हुए हुसैन ने कहा, 'आपको लगता है कि भारत ने अच्छा खेल दिखाया है। लोग जसप्रीत बुमराह को बाहर रखने और बुमराह के बिना 20 विकेट लेने की आलोचना कर रहे थे, खैर उन्होंने एजबेस्टन की बेहद सपाट पिच पर ऐसा कर दिखाया।'

### लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले बोले मांजरेकर

# 'करुण नायर तीसरे नंबर के खिलाड़ी नहीं हैं'





लंदन। करुण नायर ने बड़े उत्साह के साथ भारतीय टीम में वापसी की थी लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ अभी तक उनका बल्ला नहीं चला है। ऐसे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने करुण को तीन नम्बर का खिलाड़ी मानने से इंकार किया है। भारत ने दूसरे टेस्ट में 336 रन से बड़ी जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 1-1 से बराबरी की है। मांजरेकर ने कहा, 'पिछले मैच में कुछ बेहद दिलचस्प चयन हुए थे जिनसे मैं सहमत नहीं था। आखिरकार, एक जीत उन फैसलों पर पर्दा डाल सकती है। मुझे लगा था कि सिर्फ एक मैच के बाद साई सुदर्शन को टीम से बाहर कर दिया जाएगा, क्योंकि वह एक युवा खिलाड़ी हैं।

# इटली ने स्कॉटलैंड को हराकर किया बड़ा उलटफेर

## पहली बार मिल सकता टी-20 वर्ल्ड कप का टिकट



नई दिल्ली। इटली को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का टिकट मिल सकता है। जी हांआपने एकदम सही पढ़ा। फुटबॉल और टेनिस के लिए मशहूर यह देश क्रिकेट की दुनिया में भी धीरे-धीरे अपना नाम बना रहा है। इटली के अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीद उस समय जागी जब यूरोप रीजनल फाइनल क्वालीफायर में उन्होंने स्कॉटलैंड को हराया। बता दें, 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। 13 टीमों ने अभी तक इस मेगा आईसीसी टूर्नामेंट का टिकट हासिल कर लिया, 7 स्पॉट के लिए रेस अभी भी जारी है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जो बर्न्स की अगुवाई में इटली की जीत ने उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में पहली बार जगह बनाने के कगार पर ला खड़ा किया है, बशर्ते वे शुक्रवार, 11 जुलाई को नीदरलैंड्स से मिलने वाली चुनौती को पार कर सकें। पिछले हफ्ते 5 जुलाई को जब यूरोपीय क्वालीफायर शुरू हुए थे, तब पांच टीमें अगले टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में थीं। आखिरी दो दिनों में, ग्वेर्नसे एकमात्र टीम है जो बाहर हो गई है, जबकि नीदरलैंड, इटली, स्कॉटलैंड और जर्सी के बीच कड़ी टक्कर है।




# सलमान खान के ये 8 डांस स्टेप्स हुए जबरदस्त वायरल

सलमान खान के कुछ ऐसे डांस स्टेप्स हैं जो गाना आते ही वायरल हो गए थे। आज हम आपको सलमान खान के ऐसी ही 8 वायरल स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं। इनमें से एक के लिए भाईजान को भयंकर ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था। दबंग फिल्म के गाने हुड हुड दबंग में सलमान खान जिस तरह अपनी बेल्ट पकड़र अपने कंधों को उचकाते हैं, वो डांस स्टेप फैंस को आज भी याद है। ये गाना रिलीज होते ही, ये डांस स्टेप वायरल हो गया था।

प्यार किया तो डरना क्या है के गाने ओ ओ जाने जाना में सलमान का शर्टलेस कूल अवतार फैंस को बहुत ही ज्यादा पसंद आया था। वहीं, इस गाने में सलमान खान का डांस भी रिलीज होते ही वायरल हो गया था। आज भी अगर ये गाना बजता है तो लोग अपने आप ही सलमान खान के डांस स्टेप्स को रीक्रिएट करने लगते हैं। फिल्म मुझसे शादी करोगी के गाने जीने के हैं चार दिन में सलमान खान का टावल डांस आते ही वायरल हो गया था। सलमान के इस डांस स्टेप को शायद ही कोई भूला होगा। रेडी फिल्म के गाने ढिंका चिका में सलमान खान जींस की पॉकेट में हाथ डालकर थिरकते नजर आए थे। सलमान का ये स्टेप भी आते ही वायरल हो गया था। दबंग फिल्म के गाने मुन्नी बदनाम में मलाइका अरोड़ा अपनी अदाओं से दर्शकों के दिल पर छा गई थीं, लेकिन इसी गाने में सलमान खान आखिरी में आकर जिस तरह का आड़ा टेढ़ा हाथ चलाते हैं, उसने फैंस का ध्यान अपनी तरफ जमकर खींचा था। फिल्म बॉडीगार्ड के टाइटल सॉन्ग में सलमान ने सिर के पीछे हाथ रखकर जिस तरह अपनी मसल्स दिखाई थीं वो लंबे वक्त तक एक ट्रेंड बन गया था। सुल्तान फिल्म में सलमान खान ने जग घुमया गाने पर जमीन पर लेटकर जैसे डांस किया था वो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। किसी का भाई किसी की जान के गाने नय्यो लगदा में सलमान खान का जो डांस था उसकी वजह से भाईजान की सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोलिंग हुई थी। एक ने सलमान के इस डांस को मुर्गी वाला डांस कहकर मजाक उड़ाया था।

शाहरुख खान की जवान डायरेक्ट करने वाले डायरेक्टर एटली कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जिसका टाइटल अभी AA22xA6 है को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण और अल्लू अर्जुन के अलावा अब रश्मिका मंदाना का नाम भी सामने आ रहा है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी इससे पहले फिल्म पुष्पा में नजर आई थी। फैंस को ये जोड़ी खूब पसंद आई थी। अब एटली की फिल्म में रश्मिका के होने की खबर पर फैंस काफी उत्साहित हैं। "एटली की इस फिल्म का रश्मिका मंदाना भी हिस्सा हैं।

# पुष्पा 2 के बाद फिर साथ आएगी रश्मिका और अल्लू अर्जुन की जोड़ी



एक्ट्रेस इस फिल्म में अपने करियर के सबसे डेयरिंग रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म में रश्मिका और अल्लू के बीच के डायनामिक्स पुष्पा से बिलकुल अलग होंगे। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने पोर्टल को बताया कि एक्ट्रेस का लुक टेस्ट पूरा हो गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए सूत्रों ने कहा कि इस फिल्म के जरिए एटली अपनी खुद की एक अवतार जैसी फिल्म बनाना चाह रहे हैं जो दो अलग-अलग यूनिवर्स में सेट होगी। कई रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि इस फिल्म में जाह्नवी कपूर, मृणाल ठाकुल और समंथा भी नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक सिर्फ दीपिका के फिल्म में होने का अनाउंसमेंट वीडियो रिलीज किया गया है। बाकी किसी एक्ट्रेस के लिए अभी मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# बड़ी एक्ट्रेस संग पुजारी ने की ओछी हरकत

## किया दर्दनाक खुलासा

मलयेशिया में जन्मी भारतीय मूल की एक्ट्रेस और टीवी होस्ट लिशालिनी कनारन ने एक चौंकाने वाला आरोप लगाया है. उन्होंने पुजारी पर आशीर्वाद देने के बहाने उनका यौन शोषण करने का आरोप लगाया है. यह मामला अब मलयेशियाई पुलिस के पास पहुंच चुका है और आरोपी पुजारी की तलाश जारी है. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने एक लंबा पोस्ट शेयर कर अपनी आपबीती शेयर की है. एक्ट्रेस पिछले कुछ समय से आध्यात्मिकता को गहरा करने के लिए नियमित रूप से मंदिर जा रही थीं. उस दिन वह अकेली गई थीं क्योंकि उनकी मां भारत में थीं.



एक्ट्रेस के पोस्ट के मुताबिक, उन्होंने बताया कि कैसे पुजारी, जो आमतौर पर उन्हें अनुष्ठानों में मार्गदर्शन करते थे, प्रार्थना के दौरान उनके पास आया और उन्हें 'पवित्र जल और एक रक्षासूत्र देने की पेशकश की. उन्होंने बताया कि पूजा खत्म करने के बाद, पुजारी ने उनसे कहा कि वह एक घंटे तक इंतजार करें और फिर उन्हें अपने अलग ऑफिस में ले गए जहां उन्होंने विशेष आशीर्वाद देने का दावा किया. उन्होंने लिखा, 'जैसे ही मैं उनके पीछे गई, मुझे कुछ सही नहीं लगा. मेरे अंदर कुछ असहज था.'पुजारी ने पानी में एक तीव्र गंध वाला लिक्विड डाला और दावा किया कि यह पवित्र है और 'साधारण लोगों' के लिए नहीं है. इसके बाद उस पानी को पुजारी एक्ट्रेस के चेहरे पर छिड़कना शुरू कर दिया. पुजारी ने कहा ये वो भारत से आया. पुजारी ने वो पानी इतना डाला कि एक्ट्रेस की आंखें जलने लगीं और वो उन्हें खोल भी नहीं पा रही थी. लिशालिनी ने खुलासा किया कि इसके बाद जो हुआ वह बेहद परेशान करने वाला था. फिर, बिना किसी चेतावनी के, उसने अपने हाथ मेरे ब्लाउज के अंदर, मेरी ब्रा में डाल दिए और मुझे गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया. एक्ट्रेस ने कहा कि ऐसे विश्वासघात सबसे गहरा घाव देता है.

# फिल्म रिलीज से पहले ही रणवीर सिंह का भौकाल

रणवीर सिंह 6 जुलाई को 40 साल के हो गए और ऐसा लगता है कि उन्होंने इस अपने जन्मदिन पर खुद को एक तोहफा दिया है। अपनी आगामी फिल्म धुरंधर के बहुचर्चित फर्स्ट लुक रिलीज होने के ठीक बाद अभिनेता ने कथित तौर पर खुद को एक लग्जरी इलेक्ट्रिक वाहन हमर ईवी 3X उपहार में दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार खरीदने के लिए 4.57 करोड़ रुपये (ऑन-रोड कीमत) खर्च किए। भारत में हमर ईवी 3X की एक्स-शोरूम कीमत लगभग 3.85 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के मुंबई स्थित आवास पर इस विशाल ईवी की डिलीवरी होती दिखाई दे रही है, जिसे लेकर प्रशंसकों की ऑनलाइन प्रतिक्रियाएं उत्साहजनक हैं।



यह हाई-एंड इलेक्ट्रिक एसयूवी अपने दमदार डिजाइन, फ्यूचरिस्टिक फीचर्स और ऑन-रोड और ऑफ-रोड दोनों ही जगहों पर शानदार परफॉर्मेंस के लिए जानी जाती है। यह निश्चित रूप से रणवीर के पहले से ही शानदार गैराज में एक और बेहतरीन कार है और उनके 40वें जन्मदिन को यादगार बनाने का एक शानदार तरीका भी। पेशेवर मोर्चे पर रणवीर सिंह आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में दिखाई देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और सारा अर्जुन जैसे शानदार कलाकार भी हैं। फिल्म में अभिनेता के पहले लुक ने पहले ही प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। उनका गंभीर, रौबदार अवतार—जिसमें एक ग्रे-शेड वाला किरदार है—उनके सामान्य किरदारों से हटकर है और इसने ऑनलाइन काफी चर्चा बटोरी है। बाजीराव मस्तानी, पद्मावत, गली बॉय और 83 जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाने वाले रणवीर बॉलीवुड के सबसे भरोसेमंद अभिनेताओं में से एक बने हुए हैं। उन्होंने 2018 में दीपिका पादुकोण के साथ शादी के बंधन में बंधे और सितंबर 2024 में इस जोड़े ने अपनी बेटी दुआ का स्वागत किया। धुरंधर के अलावा, रणवीर डॉन 3 पर भी काम कर रहे हैं, जो एक हाई-ऑक्टेन फ्रैंचाइज़ी फिल्म है जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।


# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की व्यूअरशिप में गिरावट



नेटफ्लिक्स के फेमस कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन शुरू हो गया है। इस शो के पहले एपिसोड में सलमान खान, दूसरे एपिसोड में 'मेट्रो इन दिनों' की स्टारकास्ट और तीसरे एपिसोड में क्रिकेटर्स दिखाई दिए। लेकिन चाहकर भी ये लोग पहले जैसे मैजिक क्रिएट नहीं कर पाए। यही कारण है कि शो की व्यूअरशिप में गिरावट देखने को मिल रही है। शो के पहले एपिसोड में सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' का प्रमोशन किया, जिसे 1.6 मिलियन व्यूज और 1.9 मिलियन व्यूइंग ऑवर्स मिले।

लेकिन सीजन 1 के पहले एपिसोड में जब रणबीर कपूर अपनी मम्मी नीतू कपूर के साथ आए थे तब उनके एपिसोड को 2.4 मिलियन व्यूज मिले थे। दूसरे एपिसोड की बात करें तो, इसकी व्यूअरशिप 2 मिलियन पर सीमित रही। तीसरे एपिसोड जिसमें भारतीय क्रिकेटर्स आए थे उसकी व्यूअरशिप गिरकर 1.2 तक पहुंच गई। व्यूअरशिप में गिरावट चिंता का विषय है, लेकिन फिर भी कपिल शर्मा का ये शो नेटफ्लिक्स के टॉप 10 नॉन-इंग्लिश शोज में बना हुआ है। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, आने वाले एपिसोड्स में जयदीप अहलावत, विजय वर्मा, प्रतीक गांधी और जितेंद्र कुमार जैसे सितार आने वाले हैं। उम्मीद है कि इनके आने से शो की लोकप्रियता में फिर से इजाफा हो। बता दें, ये एपिसोड शनिवार के दिन रात आठ बजे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

# बॉलीवुड की 1200 करोड़ी फिल्म देगी मार्वल और डिज्नी को टक्कर



बॉलीवुड इतिहास में अब तक की सबसे बड़े बजट की फिल्म भगवान राम को समर्पित है। फिल्म 'रामायण' का हाल ही में टीजर रिलीज कर दिया गया है। जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो रहे हैं। 1200 करोड़ रुपयों के बजट से बन रही इस फिल्म में दमदार वीएफएक्स भी देखने को मिले हैं। इन वीएफएक्स को देखकर फैन्स का मानना है कि ये फिल्म हॉलीवुड के सुपरहीरोज वाली फिल्मों को चुनौती देने वाली है। इतना ही नहीं लोगों को मानना है कि ये फिल्म बॉलीवुड की पहली ऐसी फिल्म होने वाली है जिसे देखकर मार्वल और डिज्नी जैसे ब्रांड्स की फिल्में भूल जाएंगे। फिल्म में धाकड़ कास्ट दिख रही है और पकी हुई कहानी भी दिखने वाली है। टीजर देखकर ही लोग इस फिल्म को दिल दे बैठे हैं। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण अगले साल दीपावली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिनेमाई सितारों की एक लंबी फौज कास्ट की गई है। जिसमें हनुमान के रोल में सनी देओल दिखेंगे। रावण का रोल कन्नड़ सुपरस्टार यश करने वाले हैं। रवि दुबे ने लक्ष्मण का किरदार निभाया है। सीता के रोल में साई पल्लवि लोगों को दिल जीतने के लिए तैयार हैं। डायरेक्टर नीतेश तिवारी की इस फिल्म का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

# अंगद बेदी से शादी के पहले ही प्रेग्नेंट हो गई थीं नेहा धूपिया

## कहा- 'हम एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और...'



बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। नेहा फिलहाल फिल्मों में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। नेहा प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। साल 2018 में नेहा ने लोगों को तब हैरान कर दिया था, जब उन्होंने अंगद बेदी संग गुपचुप शादी की। वहीं, अब एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस सोहा अली खान ने खुलासा किया कि यह उनके लिए भी एक झटका था, जबकि वह सालों से नेहा की खास दोस्त रहीं थीं। नेहा, भी इसी इंटरव्यू में सोहा के साथ मौजूद थीं। नेहा ने कहा कि शादी के पहले प्रेग्नेंट होने की वजह से जल्दी शादी कर ली। द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बात करते हुए, नेहा ने बताया कि उन्होंने अपनी सबसे अच्छी दोस्तों में से एक सोहा अली खान को अपनी शादी में क्यों नहीं बुला पाईं। नेहा ने कहा, 'उस समय सब कुछ अस्त-व्यस्त था, मैं गर्भवती थी और...। लेकिन भले ही मैं सोहा को शादी में बुला नहीं कर पाईं, लेकिन मेरी प्रेग्नेंसी के बारे में जानने वाले पहले लोगों में से एक थीं।'नेहा ने आगे कहा, 'सेहा को ही सबसे पहले पता चला कि हम गर्भवती हैं। और इसलिए भी क्योंकि मैं, सोहा और कुणाल खेमू एक रेस्टोरेंट में खाना खा रहे थे तभी मैं बेहोश हो गई थी। अगली सुबह, हम फिर मिले और तभी मैंने उन्हें बताया कि मैं प्रेग्नेंट हूं।'इंटरव्यू में नेहा ने बताया, 'जब मैं प्रेग्नेंट हुईं, तब अंगद और वह डेटिंग कर रहे थे, लेकिन उनका रिश्ता तब नया-नया था। ऐसे में उस वक्त, हमारे लिए अपने माता-पिता के बजाय अपने दोस्त के साथ ये बात शेयर करना ज्यादा आसान था, जिनके हाल ही में बच्चे हुए हैं।

# इंतजार खत्म! आ गई 'पति, पत्नी और पंगा' की रिलीज डेट

कलर्स टीवी पर जल्द ही एक नया शो शुरू होने वाला है, जिसमें आपको पति-पत्नी के बीच का जबरदस्त ड्रामा देखने को मिलेगा। हम बात कर रहे हैं कलर्स टीवी पर आने वाले रिएलिटी शो 'पति, पत्नी और पंगाः जोड़ियों का रियलिटी चेक' की। इस शो में टीवी के कई जाने माने और चर्चित जोड़ियां नजर आएंगी। शो को स्टैंडअप कॉमेडियन और बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी और बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे होस्ट करेंगे। ऐसे में अब इस शो की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। आइए जानते हैं कब से ऑनएयर हो रहा है शो। कलर्स टीवी पर आने वाले रिएलिटी शो 'पति, पत्नी और पंगाः जोड़ियों का रियलिटी चेक' टीवी और बॉलीवुड की चर्चित जोड़ियां अपने रिश्ते की मजबूती और केमिस्ट्री को मजेदार टास्क और चुनौतियों के जरिए परखेंगी। ऐसे में अब इसकी रिलीज डेट आ चुकी है। 'लाफ्टर शेफ्स' के खत्म होने के साथ, वीकेंड एंटरटेनमेंट को एक नया रंग मिल रहा है। 'पति, पत्नी और पंगा' 2 अगस्त से शुरू हो रहा है। इस डेट के सामने आते ही फैंस के बीच इस शो को देखने को लेकर एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। 'पति, पत्नी और पंगाः जोड़ियों का रियलिटी चेक' में रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला, हिना खान और रॉकी जायसवाल, स्वरा भास्कर और फहाद अहमद, गीता फोगाट और पवन कुमार, गुरमीत चौधरी और देबिना बोनर्जी, सुदेश लहरी और ममता लहरी, अविका गौर और मिलिंद चंदवानी जैसे सितारे नजर आएंगे।

